आज का मौसम | 28.0⁰ अधिकतम तापमान | 18.0⁰ न्यूनतम तापमान | सूर्योदय 06.31 | सूर्यास्त 06.15


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष चतुर्थी 07:17 उपरांत पंचमी विक्रम संवत 2083

शनिवार, 7 मार्च 2026, वर्ष 6, अंक 10, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# भारतीय कृषि को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने की जरूरत : मोदी

## प्रधानमंत्री बोले- किसान भारत की विविध जलवायु परिस्थितियों का लाभ उठाएं

- वेब गोष्ठी के जरिए प्रधानमंत्री ने देश के किसानों को किया संबोधित
- कहा- कृषि उत्पादों की गुणवत्ता और ब्रांडिंग पर काम करने की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को किसानों से भारत की विविध जलवायु परिस्थितियों का लाभ उठाने और उच्च मूल्य वाली फसलों की पैदावार बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऐसा करने पर देश के कृषि उत्पाद वैश्विक बाजारों में प्रभावी ढंग से प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। कृषि और ग्रामीण परिवर्तन पर बजट के बाद आयोजित एक वेब गोष्ठी को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भारतीय कृषि उत्पादों की गुणवत्ता, ब्रांडिंग और मानकों के सभी पहलुओं पर काम करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कृषि विशेषज्ञों, उद्योग और किसानों को एक साथ आना होगा। प्रधानमंत्री ने बजट के बाद अपनी तीसरी वेब गोष्ठी में कहा, आज दुनिया के बाजार खुल रहे हैं और वैश्विक मांग बदल रही है। कृषि को निर्यातोन्मुख बनाने पर अधिक चर्चा करना आवश्यक है।



उन्होंने कहा कि हमारे पास विविध जलवायु है और हमें इसका पूरा लाभ उठाना चाहिए। हम कृषि-जलवायु क्षेत्रों के मामले में समृद्ध हैं। मोदी ने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में काजू, कोको और चंदन सहित उच्च मूल्य वाली कृषि पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि खाद्य तेल और दलहन पर राष्ट्रीय मिशन और प्राकृतिक खेती पर राष्ट्रीय मिशन सभी कृषि क्षेत्र को मजबूत कर रहे हैं।

उन्होंने जोर देकर कहा, यदि हम उच्च मूल्य वाले कृषि क्षेत्र को बड़े पैमाने पर बढ़ाते हैं, तभी हम अपनी खेती को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी क्षेत्र में बदल सकते हैं। मोदी ने कहा, अगर हम उच्च मूल्य वाली खेती को मिलकर आगे बढ़ाते हैं, तो यह कृषि को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी क्षेत्र में बदल देगा। मत्स्य पालन क्षेत्र पर प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मछली उत्पादक है, जहां हमारे विभिन्न जलाशयों और तालाबों में लगभग 4.5 लाख टन मछली का उत्पादन हो रहा है।

उन्होंने कहा कि इसमें 20 लाख टन अतिरिक्त उत्पादन की क्षमता है। प्रधानमंत्री ने समुद्र से जुड़ी नीली अर्थव्यवस्था की क्षमता को उजागर करने के लिए हैचरी, चारे और लॉजिस्टिक में नए कारोबारी मॉडल की जरूरत पर भी जोर दिया।

### हमें रसायन मुक्त और प्राकृतिक खेती पर जोर देने की जरूरत

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया स्वास्थ्य के प्रति अधिक जागरूक हो रही है और समग्र स्वास्थ्य सेवा तथा जैविक भोजन पर उनका विशेष ध्यान है। उन्होंने कहा, हमें रसायन मुक्त और प्राकृतिक खेती पर अधिक जोर देना चाहिए। प्राकृतिक खेती दुनिया भर के बाजारों तक पहुंचने का रास्ता बनाती है। मोदी ने कहा कि कृषि भारत की दीर्घकालिक विकास यात्रा का एक रणनीतिक स्तंभ है, और सरकार ने कृषि क्षेत्र को लगातार मजबूत किया है। उन्होंने कहा, लगभग 10 करोड़ किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से चार लाख करोड़ रुपये से अधिक मिले हैं। उन्होंने पूर्वोत्तर में अगरवुड और हिमालयी राज्यों में शीतोष्ण फलों को बढ़ावा देने के बजट प्रस्ताव पर भी प्रकाश डाला।

# ईरान से बिना शर्त आत्मसमर्पण करने तक कोई समझौता नहीं होगा : ट्रंप

वॉशिंगटन/तेहरान, एजेंसी

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पश्चिम एशिया में संघर्ष को समाप्त करने के लिए ईरान के साथ बातचीत की संभावना को खारिज कर दिया हैं। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि ईरान के बिना शर्त आत्मसमर्पण करने तक उसके साथ कोई समझौता नहीं होगा।

ट्रंप ने कहा, उसके बाद, और एक महान एवं स्वीकार्य नेता के चयन के बाद, हम तथा हमारे कई अद्भुत और बहादुर सहयोगी एवं साझेदार ईरान को विनाश के कगार से वापस लाने के लिए अथक प्रयास करेंगे और इसे आर्थिक रूप से पहले से कहीं अधिक बड़ा, बेहतर एवं मजबूत बनाएंगे।

वहीं, अमेरिका-इजराइल के साझा सैन्य अभियान के सातवें दिन तेहरान सहित ईरान के कई अन्य शहरों पर भीषण हवाई हमले जारी रहे। ईरान ने भी इजराइल पर मिसाइलों की 22वीं खेप दागी। ईरान ने कुवैत में भी अमेरिकी मिलिट्री बेस पर हमला बोला और सुसाइड ड्रोन से निशाना बनाया। इस बीच, अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने चेतावनी दी है कि बमबारी और तेज की जाएगी। ईरान ने भी इजराइल पर बड़ा जवाबी हमला किया है। ईरान ने तेल अवीव के ठिकानों को निशाना बनाते हुए बड़ी संख्या में यूएवी (ड्रोन) और खैबर मिसाइलें दागी हैं। अमेरिका ने ईरान के शिराज शहर पर मिसाइल हमले किए जिसमें 20 लोगों की मौत हो गई।



- पश्चिम एशिया में जंग तेज...ईरान ने इजराइल पर मिसाइलों की 22वीं खेप दागी
- इजराइल और अमेरिका ने ईरान के शिराज शहर पर किए हमले

### भारतीय नौसेना की ओर से ईरानी युद्धपोत के बारे में खुफिया जानकारी देने संबंधी दावे निराधार

**नई दिल्ली।** सरकार के शीर्ष सूत्रों ने उन दावों को निराधार और हास्यास्पद बताया कि भारतीय नौसेना ने दो दिन पहले अमेरिकी सैन्य पनडुब्बी द्वारा डुबोए गए ईरानी युद्धपोत के बारे में अमेरिका को खुफिया जानकारी प्रदान की थी। सूत्रों ने बताया कि इस मामले में अमेरिका को कोई भी जानकारी देने का सवाल ही नहीं उठता और ये दावे पूरी तरह निराधार हैं। अमेरिका ने बुधवार को श्रीलंका के तट पर ईरानी युद्धपोत को डुबो दिया, जिससे ईरान की ओर से तीखी प्रतिक्रिया हुई। ईरान का फ्रिगेट आईरिस देना भारत द्वारा आयोजित बहुपक्षीय नौसैनिक अभ्यास मिलन में भाग लेने के बाद स्वदेश लौट रहा था। इस हमले में कम से कम 87 ईरानी नाविकों की मौत हो गई। यह घटना फारस की खाड़ी के बाहर अमेरिका-ईरान संघर्ष के एक बड़े विस्तार के रूप में देखी जा रही है।

### ईरान ने निहत्थे जहाज पर अमेरिकी हमले की निंदा की

नई दिल्ली। अमेरिकी पनडुब्बी द्वारा श्रीलंका के तट के पास एक ईरानी युद्धपोत को डुबोए जाने के दो दिन बाद ईरान ने शुक्रवार को चेतावनी दी कि निहत्थे जहाज पर हमले की सजा जरूर दी जाएगी। ईरान का फ्रिगेट आईआरआईएस देना भारत द्वारा आयोजित बहुपक्षीय नौसैनिक अभ्यास मिलन में भाग लेने के बाद स्वदेश लौट रहा था। भारत यात्रा पर आए ईरान के उप विदेश मंत्री सईद खतीबजादेह ने कहा कि आईआरआईएस देना युद्ध की स्थिति में नहीं था और मिलन नौसैनिक अभ्यास से लौट रहा था। उन्होंने कहा कि अमेरिका की यह कार्रवाई अंतर्राष्ट्रीय कानून का गंभीर उल्लंघन है। वह जहाज हमारे भारतीय मित्रों के निमंत्रण पर एक अंतर्राष्ट्रीय अभ्यास में शामिल हुआ था।

## ब्रीफ न्यूज

### धोखाधड़ी पर रियल एस्टेट कंपनी की 200 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** ईडी ने घर खरीदारों से कथित धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन जांच के तहत दिल्ली स्थित रियल एस्टेट कंपनी टीडीआई इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की 200 करोड़ रुपये से अधिक की नई अचल संपत्तियां कुर्क की है। अस्थायी रूप से कुर्क की गई संपत्तियों में हरियाणा के सोनीपत जिले के कामासपुर में स्थित 8 .3 एकड़ जमीन और व्यावसायिक इकाइयां शामिल हैं। उसने कहा कि ये संपत्तियां टीडीआई इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (पूर्व में इंटाइम प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड) और उसकी सहयोगी कंपनियों के स्वामित्व में हैं। उसने कहा कि कुर्क की गई संपत्तियों का मूल्य 206 .4 करोड़ रुपये आंका गया है।

### गाजियाबाद सबसे प्रदूषित, नोएडा-दिल्ली दूसरे-तीसरे नंबर पर

**नई दिल्ली।** वर्ष 2025-26 की सर्दियों के दौरान गाजियाबाद भारत का सबसे प्रदूषित शहर रहा, जिसके बाद नोएडा और दिल्ली का स्थान था। यह बात 'सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर' (सीआरईए) द्वारा किए गए वायु गुणवत्ता विश्लेषण में कही गई है। पर्याप्त निगरानी डेटा वाले 238 भारतीय शहरों में से 204 शहरों में सर्दियों में पीएम2 .5 की औसत सांद्रता भारत के राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानकों (एनएएक्यूएस) से ऊपर दर्ज की गई, जो पिछले वर्ष के 173 शहरों से अधिक है।

# अमेरिका ने भारत को रूसी तेल खरीद के लिए 30 दिन की छूट दी

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी

ईरान के साथ बढ़ते संघर्ष के बीच अमेरिका ने भारतीय रिफाइनरी कंपनियों को रूसी तेल खरीदने के लिए अस्थायी रूप से 30 दिनों की छूट दी है। अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के ऊर्जा एजेंडे के कारण तेल व गैस का उत्पादन अब तक के सबसे उच्च स्तर पर पहुंच गया है।

वैश्विक बाजार में तेल की आपूर्ति जारी रखने के लिए वित्त मंत्रालय भारतीय रिफाइनरियों को रूसी तेल खरीदने की अनुमति देने के लिए अस्थायी रूप से छूट दे रहा है। उन्होंने कहा कि यह सोच-समझकर उठाया गया अल्पकालिक कदम है और इससे रूसी सरकार को कोई बड़ा वित्तीय लाभ नहीं मिलेगा, क्योंकि यह केवल तेल के उन लेनदेन को अधिकृत करता है जो पहले से समुद्र में फंसे हुए तेल से जुड़े हैं। बेसेंट ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत-अमेरिका का एक महत्वपूर्ण साझेदार है और हमें पूरी उम्मीद है कि नई दिल्ली अमेरिकी तेल की खरीद बढ़ाएगा।

यह अस्थायी कदम ईरान द्वारा वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को अवरुद्ध करने की कोशिश से पैदा हुए दबाव को कम करेगा। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने रूस से तेल खरीदने के कारण भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया था। अमेरिकी प्रशासन का कहना था कि नई दिल्ली द्वारा तेल की खरीद यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध को बढ़ावा देने में मदद कर रही है। पिछले महीने अमेरिका और भारत ने घोषणा की थी कि दोनों देशों के बीच व्यापार पर एक अंतरिम समझौते के लिए एक रूपरेखा तय हो गई है। इसके बाद ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश जारी कर भारत पर लगाए गए 25 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क को हटा दिया और यह भी कहा कि नई दिल्ली ने मॉस्को से ऊर्जा आयात बंद करने एवं अमेरिकी ऊर्जा उत्पादों की खरीद बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई है।



- वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा- सोच-समझकर उठाया गया अल्पकालिक कदम

### अमेरिकी छूट के बाद भारतीय कंपनियों ने दो करोड़ बैरल रूसी तेल खरीदा




**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट से तेल आपूर्ति बाधित होने के बीच भारतीय रिफाइनरी कंपनियों ने अमेरिका से मिली 30 दिन की अस्थायी छूट का फायदा उठाते हुए समुद्र में फंसे रूसी कच्चे तेल की खरीद बढ़ा दी। सूत्रों ने कहा कि भारतीय रिफाइनरों ने लगभग दो करोड़ बैरल रूसी तेल खरीद लिया है, जो अधिकतर गैर-प्रतिबंधित इकाइयों से लिया गया है। रिफाइनिंग कंपनियां इस बारे में कानूनी राय भी ले रही हैं कि क्या अमेरिकी छूट के तहत प्रतिबंधित संस्थाओं से भी खरीद की अनुमति है या नहीं। (विस्तृत कारोबार पेज पर)

# यूपीएससी में 958 उम्मीदवार सफल, अनुज अग्निहोत्री टॉपर

नई दिल्ली, एजेंसी

यूपीएससी द्वारा शुक्रवार को घोषित सिविल सेवा परीक्षा 2025 के परिणाम में एम्स से स्नातक अनुज अग्निहोत्री ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। राजेश्वरी सुवे एम और अकांश धुल ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया है। अग्निहोत्री ने चिकित्सा विज्ञान को वैकल्पिक विषय के रूप में चुनकर परीक्षा में सफलता हासिल की।

उन्होंने राजस्थान के जोधपुर स्थित एम्स से एमबीबीएस की उपाधि प्राप्त की है। राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के रहने वाले अनुज ने कहा कि वह इस उपलब्धि से बेहद खुश हैं। यह एक अविश्वसनीय एहसास है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय परिवार को देते हुए कहा कि वे ही उनकी प्रेरणा के सबसे बड़े स्रोत रहे हैं। मैं यह उपलब्धि अपने परिवार को समर्पित करता हूं। चेन्नई के अन्ना विवि से इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में बीई की डिग्री प्राप्त करने वाली राजेश्वरी ने समाजशास्त्र को अपने वैकल्पिक विषय के रूप में चुनकर दूसरा स्थान हासिल किया। डीयू से बीकॉम की उपाधि प्राप्त करने वाले अकांश ने वाणिज्य और लेखाशास्त्र को अपने वैकल्पिक विषय के रूप में चुनकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। राघव झुनझुनवाला और ईशान भटनागर ने क्रमशः चौथा और पांचवां स्थान प्राप्त किया है। सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा, 2025 पिछले वर्ष 25 मई को आयोजित की गई थी। इस परीक्षा के लिए कुल 9,37,876 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था, जिनमें से 5,76,793 उम्मीदवार वास्तव में परीक्षा में शामिल हुए थे। मुख्य परीक्षा में कुल 14,161 उम्मीदवार सफल हुए। इनमें से 2,736 उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए चुने गए।



अनुज अग्निहोत्री

- सिविल सर्विस 2025 का परिणाम जारी
- दूसरे नंबर पर राजेश्वरी का कब्जा
- शीर्ष 25 में 11 महिलाएं और 14 पुरुष शामिल

### बरेली की सुरभि यादव ने हासिल की 14वीं रैंक



**बरेली।** सिविल सेवा परीक्षा में बरेली की सुरभि यादव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 14वीं रैंक हासिल की। उनकी इस उपलब्धि से न सिर्फ उनके परिवार बल्कि पूरे बरेली जिले में खुशी की लहर है। सुरभि ने अपनी 10वीं की पढ़ाई एसआर इंटरनेशनल स्कूल से और 12वीं की शिक्षा आर्मी पब्लिक स्कूल बरेली से पूरी की। इसके बाद वह उच्च शिक्षा के लिए दिल्ली चली गईं, जहां उन्होंने लेडी श्रीराम कॉलेज से इतिहास (ऑनर्स) में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। जामिया मिलिया से परास्नातक किया। सुरभि अपनी सफलता का श्रेय पिता राकेश सिंह को देती हैं। पिता पुलिस सेवा से जुड़े हैं।

### मुंबई और हैदराबाद में अनिल अंबानी के प्रतिष्ठानों पर छापे

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उद्योगपति अनिल अंबानी के समूह की कंपनी 'रिलायंस पावर लिमिटेड' के खिलाफ धन शोधन की जांच के तहत मुंबई और हैदराबाद में कई स्थानों पर शुक्रवार को छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस कंपनी और उसके अधिकारियों से जुड़े लगभग 10-12 ठिकानों पर दोनों शहरों में छापेमारी की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी की करीब 15 टीम छापेमारी की कार्रवाई कर रही हैं। ईडी, कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन के मामले के तहत अनिल अंबानी से जुड़ी कई कंपनियों की जांच कर रही है।



# असम में सुखोई-30 क्रैश, दो पायलट की मौत

नई दिल्ली, एजेंसी

असम के कार्बी आंगलोंग जिले में सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से भारतीय वायुसेना के दो पायलट की मौत हो गई।

भारतीय वायु सेना ने रूस द्वारा निर्मित विमान के लापता होने के एक दिन बाद शुक्रवार को स्क्वाड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टिनेंट पुरवेश दुरागकर की मौत की पुष्टि की। इस लड़ाकू विमान ने गुरुवार को प्रशिक्षण उड़ान के लिए जोरहाट एयरबेस से उड़ान भरी थी और कुछ ही समय बाद यह रडार से गायब हो गया था। भारतीय वायु सेना मुख्यालय ने दुर्घटना की जांच के लिए एक जांच समिति गठित करने का आदेश दिया। भारतीय वायु सेना ने कहा कि दोनों पायलटों की मृत्यु पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। अधिकारियों ने बताया था कि गुरुवार शाम सात बजकर 42 मिनट पर विमान से संपर्क टूट गया था।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्क्वाड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टिनेंट दुरागकर की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया।

- कार्बी आंगलोंग जिले में विमान हुआ दुर्घटनाग्रस्त




# कैबिनेट ने 5 प्रस्तावों को दी मंजूरी

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- अल्पसंख्यक आयोग (संशोधन) विधेयक, 2026 को अधिनियमित करने की मंजूरी

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट की बैठक में पांच प्रस्तावों को मंजूरी दे दी गई। इनमें प्रमुख रूप से उत्तराखंड भाषा संस्थान अधिनियम, 2018 का अनुमोदन दिया गया। कैबिनेट द्वारा उत्तराखंड निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2023 में संशोधन किये जाने हेतु उत्तराखंड निजी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2026 प्रख्यापित किए जाने का निर्णय लिया गया।

राज्य को शिक्षा हब के रूप में विकसित करने और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में निजी क्षेत्रों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने हेतु राज्य सरकार द्वारा यह विनिश्चय किया गया है कि जनपद नैनीताल में माउंट वैली विवि, जनपद देहरादून में क्रमशः तुलाज विवि एवं शिवालिक विवि नाम से निजी विवि स्थापित करने का कैबिनेट द्वारा निर्णय लिया गया। इसके अलावा, उत्तराखंड सार्वजनिक द्यूत रोकथाम विधेयक, 2026 अधिनियमित किया गया। इसमें, कैबिनेट द्वारा गृह मंत्रालय, भारत सरकार, द्वारा स्वतंत्रता पूर्व ब्रिटिश कालीन सार्वजनिक द्यूत अधिनियम, 1867 (अधिनियम संख्या 3) को निरसित करते हुए एक नये अधिनियम को अधिनियमित किये जाने के निर्देश के क्रम में उत्तराखंड राज्य में सार्वजनिक द्यूत, सामान्य द्यूत घर चलाने, खेलों में सट्टेबाजी की रोकथाम और दंड का प्रावधान करने तथा इससे संबंधित या इसके आनुषंगिक मामलों के लिए प्रावधान करने हेतु उत्तराखंड सार्वजनिक द्यूत रोकथाम विधेयक, 2026 को अधिनियमित करने का फैसला लिया गया। कैबिनेट में उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग (संशोधन) विधेयक 2026 को अधिनियमित करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। कैबिनेट द्वारा कार्मिक विभाग के वर्ष 2020 के शासनादेश के प्राविधान को अधिनियम के रूप में प्रख्यापित किए जाने का अनुमोदन किया गया।

सियासत | केंद्रीय मंत्री बैरागी कैंप में 'जन-जन की सरकार : चार साल बेमिसाल' कार्यक्रम को करेंगे संबोधित, मुख्यमंत्री ने किया कैंप का निरीक्षण

# शाह आज हरिद्वार में, चुनावी हैट्रिक को देंगे रणनीतिक मंत्र

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह आज हरिद्वार में 'जन-जन की सरकार : चार साल बेमिसाल' कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। विविध कार्यक्रमों के अलावा शाह प्रदेश कोर कमेटी की बैठक में भी प्रतिभाग करेंगे, जहां वे 2027 के विधानसभा चुनाव में जीत की हैट्रिक के लिए कार्यकर्ताओं से लेकर पदाधिकारियों को रणनीतिक मंत्र देंगे।

इस कार्यक्रम को लेकर शासन-प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। केंद्रीय मंत्री अमित शाह के स्वागत के लिए कार्यक्रम स्थल बैरागी कैम्प के साथ ही हरिद्वार शहर को सजाया-संवारा जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को हरिद्वार का भ्रमण कर इस विराट आयोजन की तैयारियों का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री धामी ने बैरागी कैम्प पहुंचकर प्रस्तावित कार्यक्रमों की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जनसभा स्थल, मंच, प्रदर्शनी क्षेत्र, पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, पेयजल, विद्युत आपूर्ति तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का विस्तृत अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कार्यक्रम की रूपरेखा और व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिए कि कार्यक्रम के सुव्यवस्थित एवं सुचारू आयोजन के लिए सभी तैयारियों का वरिष्ठ अधिकारी भली-भांति परीक्षण कर लें। उन्होंने आमजन की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के भी निर्देश दिए।

वहीं, प्रशासन द्वारा जारी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह आज शनिवार को हरिद्वार के बैरागी कैम्प में राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। साथ ही वे राज्य सरकार की उपलब्धियों पर आधारित विकास प्रदर्शनी तथा नई न्याय संहिताओं पर केंद्रित राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन भी करेंगे। इस अवसर पर शाह राज्य के विकास से जुड़ीं अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी करेंगे। मुख्यमंत्री के निरीक्षण के दौरान वन मंत्री सुबोध उनियाल, भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री अजय कुमार सहित पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और पुलिस व प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।



केंद्रीय मंत्री अमित शाह के हरिद्वार आगमन की पूर्व संध्या पर तैयारियों का जायजा लेते सीएम पुष्कर सिंह धामी।

### रणनीतियों का होगा शंखनाद

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के अनुसार, केंद्रीय गृहमंत्री और भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह पार्टी प्रदेश कोर कमेटी की दूसरी बैठक में भी शिरकत करेंगे, जिसमें वे प्रदेश सरकार की विकास योजनाओं और उपलब्धियों के साथ संगठनात्मक गतिविधियों की भी चर्चा करेंगे। सरकार और संगठन आने वाले दिनों में आगे किस तरह जनता के बीच सरकार के कामों और पार्टी की सक्रियता को प्रभावी बनाने जा रहा है, उसकी रूपरेखा भी प्रस्तुत की जाएगी।



उत्तराखण्ड शासन | देवभूमि रजत उत्सव | उत्तराखंड 25 गौरव, विकास और संकल्प का पर्व

जन-जन की सरकार
4 साल बेमिसाल
उत्तरोत्तर प्रगति पथ पर अग्रसर
उत्तराखण्ड



"21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक है।"

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी के उत्तराखण्ड आगमन पर उनका हार्दिक स्वागत है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में प्रदेश "विकसित भारत @2047" के संकल्प को साकार करने हेतु निरंतर अग्रसर है। केंद्र सरकार के सहयोग से सीमांत विकास, अवसंरचना, पर्यटन और रोजगार के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हो रहे हैं, जिससे उत्तराखण्ड सशक्त और आत्मनिर्भर बन रहा है।

-पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड


देवभूमि
उत्तराखण्ड
आगमन पर
श्री अमित शाह
मा. गृह एवं सहकारिता मंत्री, भारत सरकार
का
हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन



मुख्य कार्यक्रम

शनिवार, दिनांकः 07 मार्च 2026 । समयः पूर्वाह्न 11:00 बजे । स्थानः वैरागी कैम्प, हरिद्वार, उत्तराखण्ड

इस अवसर पर आप सादर आमंत्रित हैं।



विकास भी विरासत भी

₹ 1100 करोड़ से अधिक लागत की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

ऐतिहासिक निर्णयों से विकास को नई गति

- समान नागरिक संहिता - 2025
- सख्त नकल विरोधी कानून उत्तराखण्ड सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम- 2023
- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का प्रभावी क्रियान्वयन
- दंगा रोधी कानून "उत्तराखण्ड लोक सम्पत्ति क्षति वसूली अधिनियम- 2024
- सख्त भू-कानून 2025
- जबरन धर्मान्तिरण की रोकथाम को राज्य सरकार द्वारा कठोर कानून
- उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक शिक्षा विधेयक, 2025
- अग्निवीरों को 10% क्षैतिज आरक्षण

उत्कृष्ट प्रदर्शन, सशक्त पहचान

- एस0डी0जी0 में सम्पूर्ण देश में प्रथम स्थान
- भारत सरकार द्वारा जारी सार्वजनिक वित्तीय प्रदर्शन सूचकांक 2023-2024 में विशेष श्रेणी में दूसरा स्थान
- ईज आफ डूइंग बिजनेस में 'एचीवर्स श्रेणी'
- स्टार्ट-अप रैंकिंग 2022 में 'लीडर'
- Logistics Ease Across Different States में 'एचीवर्स श्रेणी'
- "India Innovation Index Report" के अनुसार राज्य को उत्तरपूर्वी तथा हिमालयी राज्य में दूसरी रैंक प्राप्त
- Distribution Utility Ranking-2025 में विशेष श्रेणी डिस्कॉम में प्रथम स्थान
- गत 04 वर्षों में लगातार उत्तराखण्ड को Most Film Friendly State राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

## सिटी ब्रीफ

### सड़क की टूटी दीवार ठीक करने की मांग

**नैनीताल :** नैनीताल के स्नोव्यू वार्ड में आल्मा कॉटेज क्षेत्र की मुख्य सड़क के साथ लगी दीवार बरसात में क्षतिग्रस्त हो गई है, जिससे स्थानीय लोगों और स्कूली बच्चों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रीय सभासद जितेंद्र पांडे ने कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत को पत्र भेजकर समस्या से अवगत कराया और शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि दीवार ढहने से आसपास के मकानों को भी खतरा है और आवश्यक सेवाओं की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। पांडे ने कहा कि संबंधित विभाग को पहले भी लिखा गया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने सड़क के मरम्मत या पुनर्निर्माण का काम जल्द शुरू कराने का आग्रह किया है।

### दिव्यांग युवती के घर घुसा टेंपो चालक, पुलिस को सौंपा

**हल्द्वानी :** नवाबी रोड स्थित आनंदपुरी क्षेत्र में गुरुवार देर रात एक मानसिक दिव्यांग युवती के घर में टेंपो चालक के घुसने से इलाके में हड़कंप मच गया। पड़ोसियों ने युवक को मौके पर ही पकड़ पुलिस के हवाले कर दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार आनंदपुरी फेस-1 में मानसिक रूप से दिव्यांग युवती कई वर्षों से अकेली रह रही है। उसके माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका है, इसलिए आस-पड़ोस के लोग ही उसकी देखभाल करते हैं। सुरक्षा के लिए रात में युवती को घर के अंदर रखकर बाहर से ताला लगाया जाता है और खिड़की को ईंटों से बंद कर दिया जाता है। बताया जा रहा है कि गुरुवार रात करीब एक बजे एक टेंपो चालक ने खिड़की में लगी ईंटें हटाईं और घर के भीतर प्रवेश कर गया। घर के अंदर हलचल होने पर आसपास के लोग जाग गए और तुरंत मौके पर पहुंचकर युवक को पकड़ लिया।

# ऊंचापुल में सरकारी भूमि पर बनाई अवैध इमारत ध्वस्त की

## जिला प्रशासन व नगर निगम की टीम ने राजस्व विभाग की भूमि पर अवैध कब्जा कर बनाए गए दोमंजिला बड़े भवन ध्वस्त करने की कार्रवाई शुरू की

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन व नगर निगम ने राजस्व विभाग की भूमि पर अवैध कब्जा कर बनाई गई इमारत को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। यह इमारत एक दशक से अधिक पुरानी बताई जा रही है। यह इमारत सड़क चौड़ीकरण की जद में आ रही थी।

उत्तराखंड अर्बन सेक्टर डेवलपमेंट एजेंसी की ओर से कालाढूंगी रोड पर का चौड़ीकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में ऊंचापुल के समीप दोमंजिला इमारत भी चौड़ीकरण की जद में आ रही थी। यह इमारत सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर बनाई गई थी। अतिक्रमणकारी को भवन हटाने के लिए नोटिस दिए गए लेकिन अतिक्रमण नहीं हटाया। इधर, शुक्रवार को सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी व नगर आयुक्त परितोष वर्मा के नेतृत्व में नगर निगम व प्रशासन की संयुक्त टीम ऊंचापुल पहुंची। टीम ने दोमंजिला इमारत को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। इस इमारत में लगभग 10 दुकानें थीं। बताया जा रहा है कि सड़क पर एक दशक से अधिक पुराना अतिक्रमण था। प्रारंभ में फड़-खोखे लगाए गए थे लेकिन धीरे-धीरे पक्का निर्माण और फिर बहुमंजिला इमारत बना दी गई। कालाढूंगी रोड का चौड़ीकरण प्रस्तावित हुआ तो उक्त इमारत सड़क चौड़ीकरण की जद में आ रही थी। जब जिला प्रशासन ने इसके दस्तावेजों की जांच की तो पता चला कि राजस्व विभाग की भूमि है। साथ ही यह भी सामने आया कि उक्त भूमि पर सड़क थी। इसके बाद जिला प्रशासन की ओर से अतिक्रमणकारी को भवन हटाने का नोटिस दिया गया लेकिन फिर भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया। इस पर टीम ने उक्त अतिक्रमण को ढहा दिया।



ऊंचापुल के पास बनी बिल्डिंग में बनी दुकानों का बोर्ड तोड़ती जेसीबी। ● अमृत विचार


अतिक्रमण ध्वस्त करने की कार्रवाई के दौरान मौके पर खड़े लोग। ● अमृत विचार

### राजनैतिक रसूख भी था, कब्जा धारक का

**हल्द्वानी :** सूत्रों की मानें तो इस अतिक्रमणकारी की राजनैतिक पकड़ बहुत मजबूत थी। कई जनप्रतिनिधियों ने भी इस इमारत को बचाने के लिए पैरवी की थी हालांकि बाद में दस्तावेज खंगाले गए तो पता चला कि सड़क पर अवैध कब्जा कर बनाई गई है। इसके बाद पैरवी करने वाले जनप्रतिनिधियों ने भी चुप्पी साध ली थी।

# मुक्तेश्वर में रिसोर्ट्स के अंधाधुंध निर्माणों की जांच होगी

कार्यालय संवाददाता, नैनीताल/धानाचूली

- आयुक्त दीपक रावत ने जिला प्रशासन व जिला विकास प्राधिकरण को दिए जांच के निर्देश

**अमृत विचार :** कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने जनपद के पर्वतीय क्षेत्र मुक्तेश्वर में अंधाधुंध निर्माण पर जिला प्रशासन व जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण को जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कड़े लहजे में कहा कि यदि जांच में होम स्टे योजना व भूकानून के उल्लंघन मिलता है तो ऐसा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

आयुक्त रावत गुरुवार को मुक्तेश्वर के भ्रमण पर थे। इस बीच उन्होंने पर्वतीय क्षेत्र में तेजी से बन रही बहुमंजिला इमारतों और रिसॉर्ट्स को लेकर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने इन इन भवनों का निरीक्षण किया तो सामने आया कि कुछ लोगों की ओर से समूह बनाकर बड़े पैमाने पर निर्माण किए जा रहे हैं। यह भी पता चला कि ये समूह निर्माण के साथ ही होम स्टे योजना का भी लाभ ले रहे हैं। इस पर आयुक्त सख्त हो गए। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया इन निर्माणों में भूकानून का उल्लंघन सामने आया है। मुक्तेश्वर क्षेत्र में इस प्रकार की विशाल इमारतों का निर्माण और योजनाओं का दुरुपयोग गंभीर प्रकरण है, इससे भू-कानून की भावना प्रभावित हो रही है। उन्होंने नैनीताल डीएम ललित मोहन रयाल और जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण को मुक्तेश्वर में बन रही ऐसी सभी इमारतों और रिसॉर्ट्स की विस्तृत जांच के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि इस पूरे मामले की रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि यदि जांच में नियमों के उल्लंघन या अनियोजित निर्माण की पुष्टि होती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाए। प्रशासन को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि भविष्य में इस प्रकार के निर्माणों पर कड़ी निगरानी रखी जाए ताकि भू-कानून का दुरुपयोग रोका जा सके।



# खाड़ी देशों में फंसे लोगों की मदद को हेल्पलाइन नंबर जारी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन ने खाड़ी देशों में फंसे लोगों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी कर दिया है। अलग-अलग देशों के लिए अलग-अलग मोबाइल नंबर जारी किए गए हैं। इन नंबरों पर फंसे हुए लोगों के परिजन उनका ब्योरा उपलब्ध करा सकते हैं ताकि उनकी भारत वापसी के लिए शासन-प्रशासन स्तर पर आवश्यक समन्वय स्थापित किया जा सके।

जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने बताया कि खाड़ी देशों में चल रहे सैन्य संघर्ष को देखते हुए कुवैत, सऊदी अरब, बहरीन तथा यूएई देशों में फंसे जनपद के नागरिकों के लिए इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर व ईमेल आईडी जारी किए गए हैं ताकि इन देशों में फंसे हुए लोगों की सुरक्षित भारत वापसी हो सके। उन्होंने कहा कि जारी मोबाइल नंबर, ई-मेल पर फंसे हुए व्यक्तियों का संपूर्ण ब्योरा उपलब्ध करा दें। डीएम ने जिले के सभी नागरिकों से केवल अधिकारिक व सत्यापित सूचनाओं पर ही अमल करने की अपील की है।

### देश, ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर

**कुवैत** community .kuwait@mea .gov .in, मो. 96565-501946
**सऊदी अरब** cw.riyadh@mea.gov.in, मो. 00-966-11-4884697
**बहरीन** 97339-418071,97338-400433
**यूएई** www.indembassyuae.gov.in, मो. 971-2-4492700

# बरसात से पहले पूरे करें सड़क-सीवर के काम

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नगर निगम सभागार में शुक्रवार को मेयर गजराज सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में यूयूएसडीए की ओर से स्वीकृत सड़क, पेयजल और सीवर पाइपलाइन कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्षदों ने मेयर के सामने अपने-अपने वार्डों की समस्याएं रखी और क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों पर चर्चा की।

पार्षदों ने कहा कि उनके वार्डों की अधिकांश सड़कें खुदी हुई हैं, जिनका पुनर्निर्माण शीघ्र किया जाए। साथ ही उन्होंने अन्य विभागीय कार्यों की समस्याओं को लेकर भी अपना पक्ष रखा। बैठक में पार्षदों ने कई वार्डों में सफाई व्यवस्था को लेकर शिकायतें भी उठाईं। इस पर मेयर ने नगर आयुक्त परितोष वर्मा को 15 दिन के भीतर सफाई व्यवस्था से जुड़ी सभी कमियों को दूर करने के निर्देश दिए। इसके बाद मेयर ने विभागीय अधिकारियों के साथ भी बैठक की, जिस दौरान समीक्षा करते हुए मेयर ने निर्देश दिए कि आगामी बरसात से पहले सभी खुदी हुई सड़कों, पेयजल लाइन और सीवर पाइपलाइन से जुड़े कार्यों को हर हाल में पूरा कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से जिस क्षेत्र में सड़क खुदाई का कार्य किया जाना है, वहां दो-तीन दिन पहले से अनाउंसमेंट कर लोगों को सूचना दी जाए और उचित साइन बोर्ड भी लगाए जाएं। मेयर ने निर्देश दिए कि जब तक पुरानी खुदी हुई सड़कों की मरम्मत पूरी नहीं हो जाती, तब तक नई सड़कों की खोदाई नहीं की जाए। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि पुरानी सड़कें बनाने तक नई सड़कें नहीं खोदी जाएंगी। प्राथमिकता के आधार पर सड़कों का पुनर्निर्माण किया जाएगा। वहीं, जिन सड़कों का निर्माण देरी से होगा, उनमें अस्थायी तौर पर नियमित पानी का छिड़काव करने के साथ ही रोलर चलाया जाएगा। बैठक में नगर आयुक्त परितोष वर्मा, यूयूएसडीए के प्रोजेक्ट मैनेजर कुलदीप सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी मनोज कांडपाल, एई नवल नौटियाल, पार्षद बबली वर्मा, तनुजा जोशी, विद्या देवी, नीमा भट्ट, राजेश पंत, रुक्मणी बिष्ट, धर्मवीर, रईस अहमद, नवीन चंद्र जोशी, चंद्रप्रकाश, संजय पांडे, रेखा बेनीवाल, नेहा अधिकारी, ज्योति पांडे, मुकुल बल्यूटिया आदि उपस्थित रहे।


नगर निगम सभागार में बैठक के दौरान मौजूद मेयर गजराज बिष्ट, नगर आयुक्त परितोष वर्मा व अन्य। ● अमृत विचार

# कमरे में हीटर जलाकर सोए बुजुर्ग की अस्पताल में मौत

संवाददाता, हल्द्वानी

- प्राथमिक जांच में बंद कमरे में ऑक्सीजन की कमी से दम घुटने की आशंका

**अमृत विचार:** रामनगर क्षेत्र के पीरूमदारा में होली की रात कमरे में हीटर जलाकर सोए एक बुजुर्ग की तबीयत अचानक बिगड़ गई। अगले दिन सुबह वह अचेत अवस्था में मिले। परिजन उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम में बंद कमरे में ऑक्सीजन की कमी के कारण दम घुटने से मौत होने की आशंका जताई गई है।

जानकारी के अनुसार सेल्स टैक्स विभाग से सेवानिवृत्त 67 वर्षीय मोहन सिंह पीरूमदारा, रामनगर में अकेले रहते थे। बताया जा रहा है कि होली की रात ठंड से बचने के लिए उन्होंने कमरे में हीटर जलाया और उसी कमरे में सो गए। शुक्रवार सुबह जब आसपास के लोग उनके कमरे में पहुंचे तो वह अचेत अवस्था में पड़े मिले। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत रामनगर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां जांच के दौरान उनका ऑक्सीजन लेवल करीब 70 पाया गया और उनकी सांस लेने की गति भी काफी धीमी थी। गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें तत्काल हल्द्वानी के डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। पुलिस के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बंद कमरे में हीटर चलने से ऑक्सीजन की कमी और दम घुटने की संभावना जताई गई है। मामले में आगे की आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# पुरानी रंजिश में युवक पर चाकू से हमला

संवाददाता, हल्द्वानी

- निजी अस्पताल में चल रहा है उपचार, दो आरोपी पकड़े

**अमृत विचार:** काठगोदाम क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर चाकू से हमला करने के मामले में आरोपियों पर मुकदमा दर्ज हो गया है। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे पहले बेस अस्पताल और बाद में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 13 राजपुरा, कुष्ठ आश्रम के पास रहने वाली बच्ची देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका बेटा हेम आर्या उर्फ हिमांशु पांच मार्च की शाम करीब 5:15 बजे अपनी महिला दोस्त निवासी आनंदपुरी फेस-2, मुखानी को लेने काठगोदाम गया था। बताया गया कि रेलवे स्टेशन के सामने चस्का रेस्टोरेंट के पास पहले से मौजूद अमन सिंह और उसके साथी विकास सिंह निवासी नवाबी रोड, हल्द्वानी ने पुरानी रंजिश के चलते हिमांशु पर धारदार हथियार से हमला कर दिया।

तहरीर के मुताबिक दोनों आरोपियों ने हिमांशु के पेट पर चाकू से दो से तीन वार किए, जिससे वह घायल होकर मौके पर ही गिर पड़ा। घटना के बाद वहां मौजूद उसके दोस्त विवेक कश्यप और जितेंद्र कश्यप उसे बाइक से तुरंत उपचार के लिए बेस अस्पताल हल्द्वानी लेकर पहुंचे। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए कृष्णा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी है। इधर घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों की मदद से सोनू पुत्र चंद्रपाल और सचिन कश्यप पुत्र विजेंद्र कश्यप ने दोनों आरोपियों को पकड़ लिया और थाना हल्द्वानी पुलिस के हवाले कर दिया।

पीड़ित की मां ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# एनएचएम के तहत 116 अभ्यर्थियों का चयन


संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन नैनीताल ने विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों के अंतर्गत संविदा पदों के लिए चयनित अभ्यर्थियों की अंतिम सूची जारी कर दी है। 6 मार्च को जारी परिणाम के अनुसार जिले में अलग-अलग पदों पर कुल 116 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है।

जारी सूची के अनुसार टीबीएचवी, सैनिटरी अटेंडेंट, रेफ्रिजरेटर मैकेनिक, फार्मासिस्ट, ऑप्टोमेट्रिस्ट, लीगल एडवाइजर, काउंसलर फैमिली प्लानिंग, डेंटल असिस्टेंट, आशा ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर, डिस्ट्रिक्ट कंसल्टेंट, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर पीसीपीएनडीटी, मॉनिटरिंग एंड इवैल्यूएशन ऑफिसर और डिस्ट्रिक्ट लेवल मैनेजर पदों पर एक-एक अभ्यर्थी का चयन किया गया है। इसके अलावा मल्टी रिहैबिलिटेशन वर्कर पद पर तीन, एमपीएचडब्ल्यू सपोर्ट स्टाफ वर्कर पद पर दो, लैब अटेंडेंट पद पर तीन और एक्स-रे तकनीशियन पद पर तीन अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। सूची के अनुसार डाटा एंट्री ऑपरेटर (डीईओ) पद पर 10, एएनएम पद पर 14 और एएनएम सब सेंटर के लिए 13 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। सबसे अधिक चयन स्टाफ नर्स पद पर हुआ है, जहां 54 अभ्यर्थियों को चयनित किया गया है।

इन पदों के लिए दिसंबर 2025 में सीएमओ कार्यालय नैनीताल में साक्षात्कार करवाए गए थे।

जिला स्वास्थ्य विभाग के के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों को आगे की नियुक्ति प्रक्रिया और आवश्यक औपचारिकताओं के लिए जल्द सूचना दी जाएगी।




**अनुमान** | कांग्रेस की पकड़ बनभूलपुरा में मानी जाती है अच्छी, भाजपा के लिए कमजोर नब्ज रहा है बनभूलपुरा

# सुप्रीम फैसला बदल सकता है राजनीतिक समीकरण

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा राजनीतिक रूप से हल्द्वानी का एक अहम हिस्सा है। विधानसभा चुनाव में यह हिस्सा हार और जीत के फैसले में बड़ी भूमिका निभाता है। वर्ष 2012 में परिसीमन होने के बाद हल्द्वानी विधानसभा की ऐसी गणित बन गई कि बनभूलपुरा क्षेत्र में मतदाताओं के मिजाज ने यहां के विधायक को तय करने में अहम भूमिका निभाई है।

राज्य गठन के बाद हल्द्वानी विधानसभा सीट पर हुए पहले चुनाव साल 2002 में कांग्रेस की इंदिरा हृदयेश को सफलता मिली। उस समय कालाढूंगी विधानसभा सीट का एक बड़ा हिस्सा हल्द्वानी विधानसभा में ही था। साल 2007 में भाजपा के बंशीधर भगत ने चुनाव जीतकर कांग्रेस ने अपना बदला पूरा किया। साल 2012 में परिसीमन हुआ और हल्द्वानी का एक बड़ा हिस्सा मुखानी, ऊंचापुल, कुसुमखेड़ा, बिठौरिया आदि कालाढूंगी विधानसभा चुनाव में चले गए। इसके बाद हल्द्वानी का गणित पूरी तरह से बदल गया और बनभूलपुरा की आबादी एक अहम हिस्सा बन गई।

परिसीमन होते ही कांग्रेस ने वापसी की और इसके बाद हुए साल 2017, 2022 के चुनाव में भी कांग्रेस इस सीट पर अजेय बन गई।



### अनुमानित 18 हजार मतदाता कम होंगे

**हल्द्वानी :** सुप्रीम सुनवाई के बाद अब यहां करीब 18 हजार मतदाता कम हो जाएंगे। इनमें से ज्यादातर मतदाता मुस्लिम समुदाय के हैं और यहां पर कांग्रेस की ही सबसे ज्यादा पकड़ है। पिछले दो विधानसभा चुनाव की बात करें तो साल 2017 में कांग्रेस को भाजपा से 6557 और साल 2022 में 7814 मत ज्यादा मिले थे। साल 2022 में तो समाजवादी पार्टी को केवल 2196 मत ही मिले थे। इसके बावजूद कांग्रेस को केवल 7814 मतों की ही बढ़त मिली थी जबकि साल 2017 में सपा को 10337 मत मिले थे। इसका मतलब बनभूलपुरा क्षेत्र में जहां सपा का प्रभाव अच्छाखासा है वहां अब सपा का प्रभाव कम हो रहा है लेकिन भाजपा ने हल्द्वानी विधानसभा सीटों के हिंदू बहुल इलाकों में अपनी पकड़ को लगातार मजबूत किया है। ऐसे में बनभूलपुरा के करीब 16 हजार मतदाता कम होना कांग्रेस के लिहाज से खतरे की घंटी है।

### पिछली बार कुल वोटर थे 151985

**हल्द्वानी :** हल्द्वानी विधानसभा चुनाव में पिछली बार कुल 1551985 मतदाता रजिस्टर्ड थे। अब इनमें अचानक से करीब 16 हजार मतदाता कम होंगे। अगर इसका असर भाजपा को न के बराबर पड़ रहा हो तो आने वाली तस्वीर साफ ही हो रही है।

# युवती के साथ दुराचार की कोशिश

संवाददाता, नैनीताल

- दिल्ली से नैनीताल घूमने आई थी युवती, टैक्सी चालक पर आरोप
- विरोध करने पर की मारपीट रातभर जंगल में छिपी रही युवती

**अमृत विचार:** दिल्ली से नैनीताल घुमने आ रही युवती के साथ नशे में धुत टैक्सी चालक ने अपहरण कर उसके साथ छेड़खानी करने के साथ ही दुराचार का प्रयास किया। विरोध करने पर युवती के साथ मारपीट भी की।

युवती ने जंगल में सड़क किनारे कलमठ में छिपकर जान बचाई। रात के अंधेरे में जब वह नहीं मिली तो टैक्सी चालक फरार हो गया। सुबह होने पर एक स्थानीय महिला की मदद से पुलिस तक पहुंची। पुलिस ने अज्ञात टैक्सी चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण करने के साथ ही युवती का बीडी पाण्डे अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया।

जानकारी के अनुसार दिल्ली निवासी युवती बीती रात करीब 12 बजे हल्द्वानी से नैनीताल आ रही थी। युवती टैक्सी में अकेली थी। जिला मुख्यालय से करीब 12 किमी दूर हल्द्वानी रोड पर टैक्सी चालक ने कार हाइवे के बजाय आड़ूखान को जाने वाली लिंक रोड की ओर से मोड़ दी और आगे जाकर रोक दी। इसी बीच उसने युवती के साथ छेड़खानी शुरू कर दी, युवती ने विरोध किया तो उसने युवती के साथ मारपीट की।

युवती डर से जंगल की ओर भाग गई, हो हल्ला करने पर टैक्सी चालक फरार हो गया। घटना के बाद डरी युवती ने पूरी रात जंगल में बिताई। शुक्रवार सुबह आड़ूखान की महिला जब नैनीताल की ओर से आ रही थी तो युवती की नजर उस पर पड़ गई।

युवती ने उसे आपबीती बताई। इसके बाद महिला ने उसे पुलिस थाने पहुंचाया। सूचना पर तल्लीताल एसओ मनोज नयाल, एसआई बबीता, एसआई सतीश उपाध्याय ने युवती की तहरीर पर अज्ञात टैक्सी चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। युवती का बीडी पाण्डे अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया गया। एसओ ने बताया कि आरोपित चालक की जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।

अमृत विचार

हल्द्वानी, शनिवार, 7 मार्च 2026

नैनीताल

सिटी ब्रीफ


### मांगों को लेकर भोजन माताओं का प्रदर्शन

**नैनीताल :** प्रगतिशील भोजनमाता संगठन की ओर से शुक्रवार को मल्लीताल क्षेत्र में जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस दौरान भोजनमाताओं ने शिक्षकों पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की और माल रोड तक जुलूस निकालकर अपनी मांगें उठाईं। प्रदर्शन के दौरान संगठन से जुड़ी महिलाओं ने कहा कि वे पिछले 19-20 वर्षों से विद्यालयों में मध्याह्न भोजन योजना के तहत सेवा दे रही हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें मात्र तीन हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जा रहा है, जो बेहद कम है। उन्होंने कहा कि इतने कम मानदेय में परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो रहा है। प्रदर्शन में राधा, दीपा, हेमा, अनीता, सरिता, लक्ष्मी, हंसी, विमला, सालनी, विद्या, सकीना, सविना, पुष्पा, नंदी समेत कई भोजनमाताएं भी मौजूद रहीं।

## वैज्ञानिकों को ग्रहण के दौरान चंद्रमा के विभिन्न गर्म स्थानों की मिली जानकारी, पूर्ण चंद्रग्रहण ग्रहण के दौरान चंद्रमा होता है ठंडा

# अंतरिक्ष विज्ञानः वैज्ञानिक नजरिए से खास रहा यह पूर्ण चंद्रग्रहण

संवाददाता, नैनीताल



एमेच्योर एस्ट्रोनॉमर वाह ने थर्मल कैमरा से लिया पूर्ण चंद्रग्रहण का चित्र, साथ में सामान्य ग्रहण की फोटो।

**अमृत विचार :** विगत मंगलवार को हुआ पूर्ण चंद्रग्रहण वैज्ञानिक नजरिए से खास रहा। वैज्ञानिकों को ग्रहण के दौरान चंद्रमा के विभिन्न गर्म स्थानों की जानकारी मिली है। वैज्ञानिकों का कहना है कि मून मिशन के तहत चंद्रमा पर यात्रियों की लैंडिंग के लिए यह अध्ययन मददगार साबित होगा।

दरअसल चंद्रमा की धरती पर एस्ट्रोनॉट दल के पहुंचने की तैयारियां करीब अंतिम स्टेज पर हैं। संभवतः 2028 में नासा का पहला दल चंद्रमा की धरती पर कदम रखेगा। इधर चंद्रग्रहण के दौरान ली गई तस्वीरों ने चाँद के विभिन्न गर्म स्थानों को चिन्हित किया गया। पूर्ण चंद्रग्रहण ग्रहण के दौरान चंद्रमा ठंडा होता है और यही वह मौका होता है, जब चंद्रमा की गर्म स्थानों की जानकारी जुटाई जा सकती है। जिसे लेकर कनाडा के एमेच्योर एस्ट्रोनॉमर वाह ने थर्मल कैमरा (तापमान मापने वाला इन्फ्रारेड कैमरा) का इस्तेमाल किया और चंद्रमा की सतह को कैमरे में कैद किया। उन्हें ऐसी 37 हॉट स्पॉट्स यानी गर्म जगहे देखने को मिली, जो तारों के समान चमक रही थीं। चमक रहे यह स्थान चंद्रमा पर गर्म जगह हैं। इसका मतलब हुआ कि चंद्रमा पर ऐसी कई जगह हैं, जहां का तापमान अंधेरे के बाद भी अधिक बना रहता है। सामान्य पूर्णिमा पर चंद्रमा दो हफ्तों तक सूरज की रोशनी से बहुत गर्म हो जाता है। ग्रहण के दौरान पृथ्वी की छाया पड़ने से सूरज की रोशनी अचानक कम हो जाती है और चंद्रमा की सतह ठंडी होने लगती है, लेकिन तापमान सब जगह एक समान नहीं रहता है। इस दौरान बारीक चंद्र मिट्टी बहुत जल्दी ठंडी हो जाती है, जबकि बड़े बड़े पत्थरों वाले क्रेटर्स अधिक समय तक गर्म रह सकते हैं। जिस कारण वे गर्म रहते हैं और थर्मल इमेज में चमकते हैं। उन्होंने 12 माइक्रोन तरंगदैर्ध्य पर फोटो लिए। इस अध्ययन से जानकारी भी सामने आई कि चंद्रमा अपनी खुद की गर्मी से भी चमक सकता है । यह ऑब्जर्वेशन चंद्रमा पर लैंडिंग का स्थान सुझाने में मददगार साबित होगा। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह तस्वीरें न केवल दुर्लभ हैं, बल्कि वैज्ञानिक नजरिए से महत्वपूर्ण हैं।

### कुछ खास जानकारी दे गया यह चंद्रग्रहण

**नैनीताल :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक व सौर वैज्ञानिक डा वहाब उद्दीन का कहना है कि यह चंद्रग्रहण वैज्ञानिकों को खास जानकारियां दे गया। हालाकि थर्मल कैमरे का उपयोग पूर्व में भी होता रहा है और शायद चंद्रमा पर गर्म इलाके के अध्ययन पहले कभी किए गए हों। मगर इस बार का अध्ययन नई दिशा देने वाला है। जिस कारण इस चंद्रग्रहण का महत्व अधिक बढ़ गया है। स्पेस वेदर ने चंद्रग्रहण के इस अध्ययन को प्रमुखता से लिया है।

### भीमताल झील की सफाई करेगा सिंचाई विभाग

**भीमतालः** सामाजिक कार्यकर्ता पूरन बृजवासी द्वारा उठाई गई भीमताल झील की गाद मिट्टी निकासी और सुरक्षा की मांग पर सिंचाई विभाग ने कार्यवाही की है। बृजवासी द्वारा सिंचाई विभाग से पत्राचार करने के बाद, विभाग ने अपनी कार्यवाही से बृजवासी को अवगत कराया है।

सिंचाई विभाग के ईई दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि भीमताल झील से मिट्टी, गाद और सिल्ट निकासी के लिए विभिन्न फर्मों से दर आमंत्रण की गई है। दर आमंत्रण के पश्चात प्राक्कलन तैयार कर स्वीकृति और धन आवंटन के लिए प्रेषित किया जाएगा। झील के चारों ओर अच्छी रेलिंग लगाए जाने के लिए जिला योजना के अंतर्गत 12.55 लाख का प्राक्कलन तैयार कर जिला पर्यटन अधिकारी को प्रेषित किया जाएगा।

# पेयजल लाइन में लीकेज से जनता परेशान, समस्या के समाधान की मांग

## भाजपा नेता धन सिंह राणा ने विभागीय अधिकारियों से की जल्द मरम्मत की मांग

संवाददाता, भीमताल


पेयजल लाइन के लीकेज के कारण निकलता पानी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** औद्योगिक घाटी क्षेत्र में लेक्स इंटरनेशनल स्कूल के सामने से गुजर रही जल संस्थान की विभागीय पेयजल लाइन में लगातार हो रहे लीकेज से स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि यह पाइपलाइन कई दशक पहले बिछाई गई थी और अब पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। समय के साथ पाइपलाइन में जंग लगने और कई जगहों से कमजोर होने के कारण इसमें बार-बार रिसाव और टूटने की समस्या सामने आ रही है।

विभागीय स्तर पर इस पाइपलाइन की कई बार मरम्मत कराई जा चुकी है, लेकिन अब इसकी स्थिति इतनी खराब हो गई है कि बार-बार मरम्मत करना भी चुनौती बनता जा रहा है। शुक्रवार सुबह एक बार फिर पाइपलाइन अचानक टूट गई, जिससे तेज़ी से पानी बहने लगा और देखते ही देखते लाखों लीटर पेयजल सड़क और आसपास के क्षेत्र में व्यर्थ बह गया। पानी के तेज़ बहाव के कारण कुछ देर के लिए सड़क पर कीचड़ और जलभराव जैसी स्थिति भी बन गई, जिससे राहगीरों और स्कूल आने-जाने वाले बच्चों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। स्थानीय निवासियों और अभिभावकों का कहना है कि इस पाइपलाइन में आए दिन लीकेज की समस्या सामने आती रहती है, जिससे न केवल पेयजल की बर्बादी होती है बल्कि क्षेत्र में जलापूर्ति भी प्रभावित होती है।

लोगों ने जल संस्थान के अधिकारियों से जल्द से जल्द स्थायी समाधान निकालने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की समस्या से राहत मिल सके। भाजपा नेता धन सिंह राणा ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए विभागीय अधिकारियों से जल्द मरम्मत कार्य शुरू करने और जर्जर पाइपलाइन को बदलने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पेयजल जैसी महत्वपूर्ण व्यवस्था में लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए और जनता को नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जानी चाहिए। इधर जल संस्थान के अवर अभियंता हर्षित कुमार ने बताया कि पाइपलाइन में आई खराबी को ठीक करने के लिए वेल्डिंग कर्मी को मौके पर बुला लिया गया है और जल्द ही मरम्मत कार्य शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि करीब 900 मीटर लंबी इस पुरानी पाइपलाइन को पूरी तरह बदलने के लिए प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेज दिया गया है। स्वीकृति मिलते ही नई पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा, जिससे भविष्य में इस तरह की समस्याओं से निजात मिल सकेगी।

### अतिक्रमण व गंदगी मिलने पर चालान

**नैनीतालः** नगर में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने और अतिक्रमण पर नियंत्रण के लिए नगर पालिका परिषद की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा व पालिका अध्यक्ष सरस्वती खेतवाल के निर्देश पर पालिका कर्मचारियों ने पंत पार्क क्षेत्र और जूम लैंड इलाके में निरीक्षण अभियान चलाया।

निरीक्षण के दौरान कई दुकानों के बाहर अतिक्रमण और गंदगी पाए जाने पर पालिका टीम ने संबंधित व्यापारियों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की। इस दौरान कुल 5500 रुपये का जुर्माना वसूलते हुए राजस्व की वसूली की गई। पालिका टीम ने दुकानदारों को सख्त चेतावनी भी दी कि भविष्य में दुकान के बाहर सामान फैलाकर अतिक्रमण न करें और आसपास सफाई व्यवस्था बनाए रखें। पालिका अधिकारियों ने कहा कि नगर की सुंदरता और स्वच्छता बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। यदि दुकानदारों द्वारा दोबारा अतिक्रमण या गंदगी की शिकायत मिली तो और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण अभियान के दौरान प्रभारी कर निरीक्षक हिमांशु चंद्रा, दिवाकर चौधरी, कपिल तोमर समेत पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

# पूछड़ी और मालधन में होंगे महिला दिवस पर कार्यक्रम

संवाददाता, रामनगर


कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने के लिए बैठक में मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से महिला एकता मंच इस वर्ष 8 मार्च को पूछड़ी और 11 मार्च को मालधन में सम्मेलन आयोजित करेगा। यह निर्णय महिला एकता मंच की बैठक में लिया गया। ग्राम पूछड़ी में आयोजित बैठक में धना तिवारी ने कहा कि 8 मार्च महिलाओं का अपना दिन है। इस दिन महिलाएं कार्यक्रम आयोजित कर अपने सुख-दुख साझा करती हैं और भविष्य की योजनाएं बनाती हैं। उन्होंने सभी महिलाओं से महिला दिवस के कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया।

जनसंपर्क के दौरान कालूसिद्ध गांव में आयोजित बैठक में सरस्वती जोशी ने कहा कि अमेरिका दुनिया पर अपना आधिपत्य स्थापित करने के लिए युद्ध थोप रहा है। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में अमेरिकी हमलों में बड़ी संख्या में लोग मारे गए और घायल हुए हैं। महिलाओं को अधिकार देने के नाम पर ईरान में अमेरिका और इजरायल द्वारा किए गए हमलों में कई छात्राओं की मौत हुई है। उन्होंने कहा कि इन युद्धों का असर भारत सहित कई देशों की अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है, जिससे कच्चे तेल की आपूर्ति और व्यापार प्रभावित हो रहा है तथा महंगाई बढ़ रही है।

- सम्मेलन की तैयारियों में जुटा महिला एकता मंच

उन्होंने 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को युद्ध विरोधी दिवस के रूप में मनाने की बात कही। कौशल्या ने कहा कि युद्ध का सबसे अधिक असर महिलाओं और बच्चों पर पड़ता है, इसलिए दुनिया की जनता को युद्धों का विरोध करना चाहिए। उन्होंने कहा कि युद्ध का कारण पूंजीवादी और साम्राज्यवादी लूट है और यदि दुनिया से युद्ध समाप्त करने हैं तो इस लूट को समाप्त करना होगा। शांति मेहरा ने क्षेत्र की महिलाओं से 8 मार्च, रविवार को सुबह 11 बजे रामलीला परिसर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया।

बैठक में शांति मेहरा, दीपा ध्यानी, ममता, धर्मा, दुर्गा, गीता, मनी, श्यामा, लीला, हंसी देवी, पुष्पा, कमला, बचुली, आशा, भागुली, कौशल्या, सरस्वती जोशी आदि मौजूद रहीं।

### सीएचसी में एचपीवी का टीकाकरण हुआ


टीकाकरण करती चिकित्सा कर्मी।

**भीमताल :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भीमताल में एचपीवी का टीकाकरण (महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम) का शुभारंभ भागीरथी फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रकाश भट्ट ने दीप जलाकर किया। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हेमंत मर्तोलिया, डॉ. अनंत, डॉ. पवन कुमार द्विवेदी, एएनएम शोभा आर्य, दीपा पांडे, मंजू, वार्ड मेंबर प्रकाश चंदोला व शरद पांडे समेत कई सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



विजेताओं को पुरस्कृत करते कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत। ● अमृत विचार

### बैडमिंटन जोड़ी का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन

**रामनगर :** राज्य स्तरीय मास्टर्स बैडमिंटन प्रतियोगिता हल्द्वानी के मिनी स्टेडियम में आयोजित हुई। इसमें 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के युगल मुकाबले में डॉ. मानस साह और पवन गुप्ता की जोड़ी ने स्वर्ण पदक हासिल किया। इस उपलब्धि के साथ उनका चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जो मार्च महीने में गोवा के मनोहर पर्रिकर इनडोर बैडमिंटन स्टेडियम में आयोजित होगी। दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर उनके परिवार के सदस्यों, अंतरराष्ट्रीय कोच श्री डी.के. सेन, जिला क्रीड़ा अधिकारी नैनीताल निर्मला तिवारी, पूर्व सहायक निदेशक खेल सुरेश पांडे, उत्तरांचल बैडमिंटन संघ के सचिव बीएस. मनकोटी, रामनगर बैडमिंटन क्लब के अध्यक्ष गणेश रावत, नवीन जोशी, संजय लखोटिया, हिमांशु बिष्ट आदि ने खुशी जताई और भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं।

### अवैध होम स्टे पर कार्रवाई के फैसले का किया स्वागत

**भीमताल :** भीमताल क्षेत्र के होम स्टे संचालकों ने अवैध होम स्टे संचालकों पर कार्रवाई करवाने और स्थानीय होम स्टे संचालकों की समस्याओं को अधिकारियों तक पहुंचाकर उनके समाधान में सहयोग करने के लिए क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता नितेश बिष्ट व खबर प्रकाशित करने के लिए अमृत विचार का आभार जताया है।

होम स्टे संचालकों ने बताया कि अवैध रूप से होम स्टे संचालन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग वे लंबे समय से कर रहे थे। इस समस्या को लेकर क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता नितेश बिष्ट ने 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' मंच के माध्यम से मामला उठाते हुए शीघ्र कार्रवाई की मांग की थी। आभार व्यक्त करने वालों में कार्तिक कर्नाटक, मनोज दुर्गापाल, नीरज रैकुनी शामिल हैं।

# सफेद कलगी वाला लॉफिंग थ्रश नजर आया

विनोद पपनै, रामनगर


कॉर्बेट लैंडस्केप में फूलों का रसास्वादन करते लाफिंग थ्रश पक्षी।

**अमृत विचारः** कॉर्बेट लैंडस्केप के हरे-भरे जंगलों की शांत वादियों में एक मनमोहक और दुर्लभ दृश्य कैमरे में कैद हुआ है। सफेद कलगी वाली लाफिंग थ्रश फायरबुश पौधे के चमकीले लाल फूलों से अमृत का आनंद लेते हुए दिखाई दी। यह सुंदर दृश्य प्रसिद्ध वन्यजीव प्रेमी संजय छिम्वाल ने अपने कैमरे में कैद किया।

सफेद कलगी वाली लाफिंग थ्रश, जिसे अंग्रेजी में व्हाइट क्रेस्ड लॉफिंग थ्रश कहा जाता है, अपनी आकर्षक सफेद कलगी और चंचल स्वभाव के लिए जानी जाती है। आमतौर पर यह पक्षी झुंड में दिखाई देता है और अपनी तेज, हंसी जैसी आवाज के कारण पहचाना जाता है। इसी वजह से इसे लाफिंग थ्रश के नाम से भी जाना जाता है। हालांकि इस बार इसे फूलों का रसपान करते देखना प्रकृति प्रेमियों के लिए खास अनुभव रहा। कॉर्बेट लैंडस्केप, जो कि जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क के आसपास फैला विस्तृत वन क्षेत्र है, अपनी समृद्ध जैव विविधता के लिए विश्व प्रसिद्ध है। यहां विभिन्न प्रजातियों के पक्षी, वन्यजीव और दुर्लभ वनस्पतियां पाई जाती हैं। फायरबुश पौधा अपने आकर्षक लाल-नारंगी फूलों के लिए जाना जाता है, जो मधुरस से भरपूर होते हैं और पक्षियों व तितलियों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं।

### कहां है इन पक्षियों का रैन-बसेरा

आमतौर पर यह पक्षी दक्षिण-पूर्व एशिया तथा हिमालय पर्वतमाला की तलहटी के जंगलों में पाया जाता है। कीड़े-मकोड़े, छिपकलियां, छोटे कशेरुकी जीव, फल, फूलों का रस और बीज इसका प्रमुख आहार हैं। खास बात यह है कि यह पक्षी मनुष्य के हंसने जैसी आवाज भी निकालता है। वन्यजीव प्रेमी संजय छिम्वाल ने बताया कि यह दृश्य सुबह के समय का है, जब जंगल की शांति के बीच यह पक्षी बड़े सुकून से फूलों का रस ले रहा था। उन्होंने कहा कि ऐसे दृश्य न केवल प्रकृति की सुंदरता को दर्शाते हैं, बल्कि यह भी बताते हैं कि जंगलों में जीवन कितनी विविधता और संतुलन के साथ फल-फूल रहा है।


ईओ को ज्ञापन देते सभासद एवं अन्य। ● अमृत विचार

### भरतपुरी और पम्पापुरी के नियमितीकरण की मांग तेज

**रामनगर :** रामनगर में पम्पापुरी, दुर्गापुरी, भरतपुरी, कौशल्यापुरी और टेड़ा रोड क्षेत्र के नियमितीकरण की मांग एक बार फिर तेज हो गई है। इस संबंध में सभासद नवीन सुनेजा के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों ने पालिका के अधिशासी अधिकारी (ईओ) आलोक उनियाल के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा। सभासद नवीन सुनेजा ने कहा कि इन मोहल्लों के निवासी कई दशकों से नियमितीकरण की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक शासन-प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि हर चुनाव के दौरान जनप्रतिनिधि नियमितीकरण का आश्वासन देते हैं, लेकिन चुनाव समाप्त होने के बाद इस मुद्दे को भुला दिया जाता है। उन्होंने कहा कि इस बार क्षेत्रवासी अपने अधिकारों के लिए आंदोलन करने को बाध्य होंगे। जल्द ही सामूहिक बैठक कर आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी। साथ ही क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान भी तेज किया जाएगा। इस दौरान जसवंत सिंह बिष्ट, अमर सिंह बोरा, पीताम्बर सुन्द्रियाल और आरएस भाकुनी आदि मौजूद रहे।

खेती-किसानी

## धारी-रामगढ़-भीमताल में आलू बीमा को लेकर घमासान

# किसानों ने छोड़ी आलू बीमा की आस, कंपनी पर आरोप

दान सिंह लोधियाल, धानाचूली



**अमृत विचारः** पर्वतीय क्षेत्रों में आलू उत्पादन के लिए प्रसिद्ध धारी, रामगढ़ और भीमताल विकासखंड के किसानों में फसल बीमा को लेकर भारी आक्रोश है। किसानों का आरोप है कि बीमा कंपनी हर वर्ष समय पर प्रीमियम तो लेती है, लेकिन नुकसान की स्थिति में न तो सही सर्वे करती है और न ही उचित मुआवजा देती है।

किसानों का कहना है कि मार्च तक बीमा प्रक्रिया पूरी हो जानी चाहिए, लेकिन कई मामलों में देरी और कागजी खानापूर्ति की जाती है। आरोप है कि खोदी जा चुकी फसल को भी बीमित दर्शाकर रिकॉर्ड पूरे कर दिए जाते हैं। धारी क्षेत्र के किसानों के अनुसार उन्होंने करीब 7 हजार रुपये प्रीमियम जमा किया, लेकिन फसल नुकसान के बाद मात्र 19 सौ रुपये ही मिले। रामगढ़ और भीमताल ब्लॉक के कई किसानों को तो एक रुपया भी नहीं मिला। किसानों का कहना है कि वास्तविक सर्वे नहीं किया गया। उन्होंने किसानों की आय दोगुनी करने के दावों को भी चुनावी जुमला बताया और चेतावनी दी कि 2027 के विधानसभा चुनाव में इसका असर दिखेगा। किसानों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच और वास्तविक नुकसान के अनुरूप मुआवजा देने की मांग की है। उन्होंने समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।


मौसम यंत्रों को धारी से हटाकर एक ऊंचाई वाले क्षेत्र में और दूसरा नदी किनारे लगाया जाए, तभी सही आंकड़े मिलेंगे। -**दया पंत**, युवा किसान, अघरिया


कंपनी को ब्लैकलिस्ट किया जाना चाहिए। पहले भी आंदोलन के बाद किसानों को उचित बीमा मिला था। -**दान सिंह भंडारी**, पूर्व विधायक, भीमताल


सरकार और स्थानीय विधायक किसानों को गुमराह कर रहे हैं। बड़ा भ्रष्टाचार हो रहा है। -**हरीश पनेरू**, पूर्व दर्जा मंत्री, ओखलकांडा


समय पर बारिश न होने से फसल बर्बाद हो रही है। बीमा कंपनी हमारे मेहनत के पैसे हड़प रही है। सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। -**वीरेंद्र सिंह**, किसान, धानाचूली


एसबीआई बीमा कंपनी को सरकारी मौसम यंत्र के आंकड़ों का अपने निजी यंत्र से मिलान करना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा। -**प्रदीप सिंह**, किसान, सरना (धारी)


एसबीआई बीमा कंपनी की जांच कराई जा रही है। दोषी पाए जाने पर कार्रवाई होगी और आवश्यकता पड़ी तो कंपनी को ब्लैकलिस्ट भी किया जाएगा। -**राम सिंह कैड़ा**, विधायक, भीमताल

# रमजान पर नेकी की राह पर चलने का दिया संदेश

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** मुकद्दस रमजान के तीसरे जुमे पर नगर तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की मस्जिदों में मुस्लिम समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में नमाज अदा की। इस दौरान मस्जिदों में विशेष नमाज अदा कराई गई और देश में अमन-चैन, भाईचारे तथा कौम की तरक्की के लिए दुआएं मांगी गईं।

जामा मस्जिद में इमाम मुफ्ती गुलाम मुस्तफा नईमी, बड़ी मस्जिद में मुफ्ती शकील अहमद सहित अन्य नगर और ग्रामीणों की मस्जिदों में भी नमाज अदा कराई। इसके अलावा नगर और ग्रामीण क्षेत्रों की अन्य मस्जिदों में भी मुस्लिम समाज के लोगों ने इबादत की और अल्लाह पाक की बारगाह में हाथ उठाकर देश में शांति, भाईचारा और खुशहाली की दुआ मांगी। इस अवसर पर उलमाओं ने कहा कि मुकद्दस रमजान का महीना रहमत और बरकतों का महीना होता है। इस महीने में मुस्लिम समाज के लोगों को ज्यादा से ज्यादा इबादत, रोजा, दान और नेक कार्य करने चाहिए। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना सब्र, इंसानियत, भाईचारे और जरूरतमंदों की मदद करने का पैगाम देता है। उलमाओं ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि समाज में आपसी प्रेम और भाईचारा बनाए रखें तथा एक-दूसरे की मदद करें। उन्होंने कहा कि लड़ाई-झगड़ा और नफरत से समाज में दूरी बढ़ती है, जबकि प्यार और मोहब्बत से इंसानियत मजबूत होती है। इसलिए सभी को मिलजुल कर रहना चाहिए और जरूरतमंदों, गरीबों तथा मजलूमों की मदद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस्लाम धर्म हमेशा मोहब्बत, भाईचारे और इंसानियत का संदेश देता है, न कि नफरत का। नफरत किसी भी समस्या का समाधान नहीं है।

## सिटी ब्रीफ

### महिला दिवस पर होंगी दौड़ की प्रतियोगिता

**हल्द्वानी :** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के मेरा युवा भारत की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्पोर्ट्स स्टेडियम में अस्मिता खेलो इंडिया के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम होंगे। मेरा युवा भारत की डॉल्वी तेवतिया ने बताया कि बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए 100, 200 एवं 400 मीटर की दौड़ होंगी। ये दौड़ अंडर-13, 13-18 वर्ष तथा 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में होंगी। महिलाओं के लिए फन जुंबा सत्र भी होगा। उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य महिलाओं में स्वास्थ्य एवं फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें नियमित शारीरिक गतिविधियों के लिए प्रेरित करना है। तेवतिया ने नैनीताल जनपद की महिलाओं एवं बालिकाओं से अधिक से अधिक संख्या में हिस्सा लेने की अपील की है।

### इंटर राजनीति विज्ञान में 1232 अनुपस्थित

**रामनगर :** उत्तराखंड बोर्ड की परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से राज्य में जारी है। इंटरमीडिएट में राजनीति विज्ञान, भौतिक विज्ञान, कृषि भौतिक एवं जलवायु भाग-एक, कृषि जंतु विज्ञान भाग-2 विषय की परीक्षाएं संपन्न हुई। परिषद सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी ने बताया कि इंटरमीडिएट राजनीति विज्ञान में 1232, तथा भौतिक विज्ञान में 787 परीक्षार्थी, कृषि भौतिक एवं जलवायु भाग- 1 में 27, कृषि जंतु विज्ञान भाग- 2 में 3 परीक्षार्थी राज्य में अनुपस्थित रहे।

### रोडवेज में वापसी में भी नहीं उमड़े यात्री

**हल्द्वानी :** इस परिवहन निगम के लिए रंगों का त्योहार होली इस साल फीका रहा। होली के त्योहार से पहले उम्मीद के मुताबिक यात्रियों ने रोडवेज बसों में सफर नहीं किया। होली के बाद वापसी वाले यात्रियों की भीड़ उमड़ने की उम्मदी थी, लेकिन यहां भी निराशा हाथ लगी। होली के ठीक बाद जहां पिछले साल 10 से 15 लाख प्रतिदिन की आय हुई थी। वह इस साल गिरावट के बाद 7 लाख प्रतिदिन पर सिमट गई है। रोडवेज स्टेशन में शुक्रवार को दिल्ली रूट पर यात्रियों की संख्या उम्मीद के मुताबिक नहीं रही। यात्रियों की संख्या सामान्य होने से हल्द्वानी डिपो से दिल्ली के लिए कुल 21 बसों को रवाना किया गया। जबकि चंडीगढ़ के लिए 3, जालंधर 1 बस भेजी गई। देहरादून में प्रस्तावित कार्यक्रम जन-जन की सरकार को ध्यान में रखते हुए हल्द्वानी डिपो से कुल 10 बसें भेजी गईं। हल्द्वानी डिपो के एआरएम संजय पांडे ने बताया कि होली से पहले 1 मार्च को हल्द्वानी डिपो की आय 18 .92 लाख, 2 मार्च को 15 .93 लाख, 3 मार्च को 14 .40 लाख, 4 मार्च को 7 .93 लाख, 5 मार्च को 7 .66 लाख और 6 मार्च को 15 .35 लाख रही।

सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने की झीलों के पुनर्विकास और सौन्दर्यीकरण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

# भीमताल, नौकुचियाताला, कमलताल झीलों का होगा कायाकल्प

संवाददाता, हल्द्वानी/देहरादून


झीलों के पुनर्विकास और सौन्दर्यीकरण को लेकर समीक्षा बैठक लेते सचिव डॉ . आर . राजेश कुमार । ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** राज्य सरकार नैनीताल जनपद की प्रमुख झीलों को और अधिक आकर्षक व सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में कदम तेज कर दिए हैं। आवास विभाग के सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने सचिवालय में झीलों के पुनर्विकास और सौन्दर्यीकरण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक की। इसमें नैनीताल डीएम जिलाधिकारी डॉ. ललित मोहन रयाल वर्चुअली जुड़े।

बैठक में सचिव आर राजेश कुमार ने कहा कि भीमताल झील के पुनर्विकास और सौन्दर्यीकरण पर विशेष चर्चा हुई। करीब 2567.49 लाख रुपये की लागत वाली इस योजना का उद्देश्य झील क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से अधिक आकर्षक और सुविधाजनक बनाना है। इसके तहत झील के चारों ओर सुरक्षित पाथ-वे बनाया जाएगा। साथ ही सुभाष पार्क और दीनदयाल पार्क का सौन्दर्यीकरण, लगभग 40 वाहनों की क्षमता वाली पार्किंग, लैंडस्केपिंग, ओपन सिटिंग एरिया और बच्चों के लिए खेल क्षेत्र विकसित किए जाएंगे। पूरे क्षेत्र में बेहतर प्रकाश व्यवस्था भी की जाएगी।

उन्होंने नौकुचियाताल और कमलताल झीलों के विकास की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि 2097.02 लाख रुपये की लागत से नौकुचियाताल झील के चारों ओर करीब 2089 मीटर लंबा पाथ-वे बनाया जाएगा।

इसके अलावा चार गजिबो, सेल्फी प्वाइंट, पार्किंग और बोटिंग स्टैंड भी विकसित किए जाएंगे। उन्होंने इन प्रोजेक्ट्स को जल्द पूरा करने को कहा ताकि स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी मिल सकें। सचिव डॉ. राजेश कुमार ने निर्देश दिए कि सभी परियोजनाएं तय समयसीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरी की जाएं, ताकि पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था भी मजबूत हो सके।

# रामड़ी जसुवा में चार दिन से पेयजल की आपूर्ति ठप

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** शहर से लगे कठघरिया के पास रामड़ी जसुवा गांव में ट्यूबवेल की बिजली आपूर्ति बाधित होने से बीते चार दिनों से पानी की आपूर्ति ठप है। घरों में पानी न आने से विभिन्न कालोनियों की दो हजार से अधिक आबादी पानी को तरस गई है। स्थानीय लोगों ने शीघ्र ट्यूबवेल ठीक कर पानी की आपूर्ति शुरू करने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार बुधवार को होली की छलड़ी के त्योहार पर हुड़दगियों ने ट्यूबवेल के विद्युत कट-आउट को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। जिससे क्षेत्र में पानी की आपूर्ति पूरी तरह बंद हो गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पानी आपूर्ति ठप होने से रामड़ी जसुवा गांव के साथ ही डिफेंस कालोनी, सरस्वती विहार, मंगला विहार, कालिका कालोनी के साथ ही घूनी नंबर 1 के लगभग दो हजार से अधिक लोग प्रभावित हैं। कई परिवारों को निजी टैंकर से पानी मंगवाना पड़ रहा है। सरकारी पानी के टैंकर भी फिलहाल उपलब्ध नहीं हैं, जिससे समस्या और बढ़ गई है। जल निगम के कनिष्ठ अभियंता फरहान अंसारी ने बताया कि नलकूप की मरम्मत का काम जारी है जल्द ही आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि पानी की आपूर्ति न होने से घरों में रोजमर्रा के काम प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय निवासियों में गहरा आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि त्योहार पर ऐसी हरकत करने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए।

# आरटीई में फर्जी आय प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेजों की होगी जांच

पिछले सत्र में पकड़े थे करीब 70 अवैध आवेदन, उम्र मानक में बदलाव से वंचित बच्चों को मिलेगा मौका

- खंड शिक्षाधिकारी स्तर पर की जाएगी जांच
- सीईओ गोविंद राम जायसवाल ने दी जानकारी

संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत निजी स्कूलों में होने वाले प्रवेश को लेकर इस बार विभाग सख्त रुख अपनाने जा रहा है। प्रवेश प्रक्रिया के दौरान फर्जी आय प्रमाण पत्र और अन्य दस्तावेजों की विशेष जांच की जाएगी। इसके लिए विभागीय स्तर पर संदेहास्पद मामलों की पड़ताल की जाएगी। पिछले शैक्षिक सत्र में जांच के दौरान करीब 70 अभिभावक अवैध दस्तावेजों के साथ पकड़े गए थे। इसे ध्यान में रखते हुए इस बार शुरू से ही दस्तावेजों की जांच को लेकर सख्ती बरती जाएगी, ताकि पात्र बच्चों को ही आरटीई का लाभ मिल सके।

सीईओ गोविंद राम जायसवाल ने बताया कि पिछले सत्र में फर्जी आय प्रमाण पत्र, स्थायी निवास प्रमाण पत्र सहित अन्य तरह के दस्तावेजों में गड़बड़ी सामने आई थी, जिसमें जांच के बाद बड़ी संख्या में फर्जीवाड़ा पकड़ा गया था। उन्होंने बताया कि आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद खंड शिक्षाधिकारी स्तर पर प्रमाण पत्रों की जांच की जाएगी। इस दौरान शक के दायरे में आने वाले आवेदनों पर प्रशासन की मदद से गहन जांच की जाएगी और फर्जी आवेदन रद्द किए जाएंगे। इधर, नए शैक्षणिक सत्र से उम्र के मानकों में भी बदलाव किया गया है। अब आरटीई के तहत कक्षा 1 में प्रवेश के लिए बच्चे की न्यूनतम आयु 30 जून तक 6 साल पूरा होना अनिवार्य कर दिया गया है, जबकि पूर्व में यह तिथि 1 अप्रैल निर्धारित थी। इसी तरह प्री-प्राइमरी के लिए 30 जून तक न्यूनतम 3 साल की उम्र निर्धारित की गई है। शिक्षा विभाग के अनुसार इस बदलाव से आयु सीमा के कारण आरटीई में प्रवेश से वंचित रहने वाले कई बच्चों को अब आरटीई के तहत प्रवेश का मौका मिल सकेगा। डीईओ पुष्कर लाल टम्टा ने कहा कि आरटीई के तहत निजी स्कूलों में आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्ग के बच्चों को 25 प्रतिशत सीटों पर निशुल्क प्रवेश दिया जाता है। विभाग का पूरा प्रयास है कि योजना का लाभ केवल पात्र अभ्यर्थी को ही मिले।

### निजी स्कूलों ने शुरू की पंजीकरण-अपडेट प्रक्रिया

**हल्द्वानी :** निजी स्कूलों ने आरटीई के लिए शुक्रवार से पंजीकरण व अपडेट की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह प्रक्रिया 15 मार्च तक चलेगी। 23 मार्च तक स्कूलों की मान्यता व रिजर्व सीटों का सत्यापन किया जाएगा। 24 मार्च से 2 अप्रैल तक छात्रों के लिए ऑनलाइन आवेदन होंगे। 3 अप्रैल दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि है। 13 अप्रैल तक आवेदन पत्रों की जांच व पात्रता पुष्टि, 17 अप्रैल को लॉटरी प्रक्रिया और 18 अप्रैल तक लॉटरी का रिजल्ट घोषित किया जाएगा।

# जिला उपभोक्ता आयोग में बैंकिंग मामलों की संख्या सबसे अधिक

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : जिला उपभोक्ता आयोग में राज्य गठन के बाद से अभी तक सबसे ज्यादा मामले बैंकिंग के पहुंचे हैं। दूसरे नंबर पर बीमा के मामलों हैं। राज्य गठन के बाद से अभी तक दर्ज हुए मामलों में से 194 लंबित चल रहे हैं।

सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सामाजिक कार्यकर्ता हेमंत सिंह गौनिया की ओर से दायर आरटीआई आवेदन में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, नैनीताल से वर्ष 2000 से नवंबर 2025 तक के मामलों का विस्तृत ब्यौरा सामने आया है। राज्य गठन के बाद से नवंबर 2025 तक जिला उपभोक्ता आयोग में कुल 4,698 शिकायतें दर्ज हुई हैं। आरटीआई के अनुसार वर्ष साल 2002 में सबसे ज्यादा 719 मामले दर्ज हुए थे।सबसे ज्यादा मामले बैंकिंग से जुड़े हैं। इसके बाद दूसरे नंबर बीमा है। इससे जाहिर होता है सेवाओं में सबसे ज्यादा शिकायतें लोगों को बीमा और बैंकिंग से होती हैं। साथ ही दर्ज हुए कुल मामलों में से 194 मामले लंबित हैं और ये लोग अभी भी न्याय का इंतजार कर रहे हैं।

**अभी तक दर्ज हुए वाद**

| श्रेणी | दायर वाद | निस्तारित | लंबित |
|---|---|---|---|
| बैंकिंग | 2229 | 2213 | 16 |
| मेडिकल | 106 | 97 | 09 |
| टेलीफोन | 200 | 200 | 0 |
| बीमा | 1366 | 1274 | 92 |
| हाउसिंग | 93 | 84 | 09 |
| बिजली | 191 | 190 | 01 |
| रेलवे | 33 | 31 | 02 |
| अन्य | 2164 | 2099 | 65 |



### 594 मामलों में भुगतान आदेश

आरटीआई के अनुसार 594 मामलों में जिला आयोग स्तर से उपभोक्ताओं के पक्ष में भुगतान आदेश जारी किए गए। हालांकि आयोग यह स्पष्ट नहीं कर सका कि इन आदेशों के तहत वास्तविक भुगतान उपभोक्ताओं को हुआ या नहीं। साथ ही पिछले पांच वर्षों में आयोग द्वारा कोई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित नहीं की गई।

# अनुष्का व अपूर्वा का विश्व युवा संसद के लिए चयन


अनुष्का भट्ट और अपूर्वा भट्ट।

**हल्द्वानी :** राजकीय महिला डिग्री कॉलेज की छात्रा अनुष्का भट्ट और अपूर्वा भट्ट का चयन राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत आयोजित विश्व युवा संसद के लिए हुआ है। यह कार्यक्रम 24 से 26 मार्च तक कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, जीकेवीके परिसर, बेंगलुरु में आयोजित होगा।

प्रदेश की ओर से अनुष्का भट्ट (बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर), अपूर्वा भट्ट (बीए चतुर्थ सेमेस्टर) प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। कॉलेज की प्राचार्या प्रो. आभा शर्मा ने छात्राओं को बधाई दी है। कहा कि ऐसे मंच युवाओं में नेतृत्व, लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। एनएसएस प्रभारी डॉ. रितुराज पंत ने बताया कि कार्यक्रम में देशभर के युवा विश्व शांति, जलवायु परिवर्तन, डिजिटल भविष्य, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मानवाधिकार जैसे समसामयिक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। इस मौके पर डॉ. गीता पंत, डॉ. हिमानी, डॉ. सरस्वती बिष्ट, डॉ. प्रभा साह सहित सभी शिक्षक और कर्मचारियों ने छात्राओं को बधाई दी।


स्थापना दिवस पर रक्तदान करती सीआरपीएफ कर्मी। ● अमृत विचार

### जवानों और उनके परिवारों ने किया रक्तदान

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** सीआरपीएफ के 87वें स्थापना दिवस के अवसर पर जीसी सीआरपीएफ काठगोदाम की ओर से 6 से 10 मार्च तक रक्तदान और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान अधिकारियों और जवानों के साथ-साथ सीआरपीएफ कर्मियों की महिलाएं व पत्नियां भी उत्साहपूर्वक इस सामाजिक कार्य में भाग ले रही हैं। आयोजन का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों की सहायता करना और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। शिविर में बड़ी संख्या में सीआरपीएफ कर्मियों ने रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। अधिकारियों ने बताया कि सीआरपीएफ देश की सुरक्षा के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों को निभाने में भी हमेशा अग्रणी रही है। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से जवानों और उनके परिवारों ने वर्दी से परे भी देश सेवा और मानव जीवन बचाने की अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाया है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करने का कार्य करते हैं।

### धूल से निजात को पानी के छिड़काव की मांग

**हल्द्वानी :** राजपुरा वासियों ने खनन व वन विकास निगम का घेराव कर पानी का छिड़काव करने की मांग की है ताकि डंपरों के संचालन से उड़ रही धूल से निजात मिल सके।

पार्षद प्रतिनिधि हेमंत साहू के नेतृत्व में क्षेत्रवासी राजपुर खनन गेट पहुंचें। यहां उन्होंने कर्मियों का घेराव करते हुए कहा कि इस खनन गेट से रोजाना सैकड़ों डंपर घनी आबादी से गुजरते हैं। पानी के छिड़काव नहीं होने से इस क्षेत्र में रह रहे लोगों को धूल का समाना करना पड़ रहा है। दमा के मरीजों व छोटे बच्चों को दिक्कतें होती है। उन्होंने नियमित छिड़काव नहीं होने पर खनन गेट बंद करने की मांग की है। उन्होंने डीएलएम धीरेश बिष्ट से वार्ता की तो उन्होंने नियमानुसार छिड़काव का आश्वान दिया। तब कहीं जाकर लोग मानें। हरिमोहन रंधावा, बब्बू दिवाकर, विपिन चौहान, विजय कुमार, सोनू कुमार आदि थे।

# नादस्पर्शम् में संगीत और होली गीतों की रही धूम

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** उत्तरांचल मातृ एवं बाल कल्याण समिति ने नादस्पर्शम् संगीत विद्यापीठ बसंत विहार मुखानी में पहली बार होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया। समारोह का शुभारंभ संस्था के अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी और निदेशक डॉ. कोमल चंद्र जोशी ने दीप प्रज्वलन कर किया।

कार्यक्रम में शहर के शास्त्रीय और कुमाऊनी होली कलाकारों के साथ विद्यापीठ के बच्चों ने भी अपनी प्रस्तुति दी। प्रस्तुतियों में आकाश बेलवाल ने मृगनयनी को यार नवल रसिया, राधे गोविंदा शौर्य मेर ने रंगी सारी चुनरिया और सरोज जोशी ने बरसाने में होली प्रस्तुत किया। तबला संगत में रिजुल पांडेय, शैलेश मटियानी और डॉ. प्रदीप उपाध्याय ने झनक झनक तेरी बाजे पायलिया पेश किया। लोक संगीत में मोहन चंद्र जोशी ने लूटल हो, दो दिन का जग में और नन्हे कलाकार चैतन्य पांडे ने बांसुरी में तेरे मेरे होंठों पर प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। इसके अलावा शर्मिष्ठा ने केसरिया अंगिया रंग डालो रि और हेम पपने ने ऐसे पनघट पर नैना लड़े श्याम से प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। अंत में राधा कृष्ण नृत्य नाटिका ने कार्यक्रम का समापन किया। डॉ. कोमल चंद्र जोशी ने कहा तनाव भरी जिंदगी में शास्त्रीय संगीत सबसे बड़ा मित्र और औषधि है, जो हमारी संस्कृति और जड़ों से जुड़े रहने का सर्वोत्तम माध्यम है।कार्यक्रम में सुरेश पांडे, हेमंत जोशी, पूर्व प्रधानाचार्य डीसी जोशी, लता कुंजवाल और हेमा हर्बोला सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# बास्केटबॉल में रामनगर ने जीती ट्रॉफी

संवाददाता, हल्द्वानी


मिनी स्टेडियम में आयोजित बास्केटबॉल प्रतियोगिता में खेलतीं महिला खिलाड़ी।

**अमृत विचारः** खेल निदेशालय और जिला खेल कार्यालय की ओर से शुक्रवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम हल्द्वानी में आयोजित जिला स्तरीय ओपन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस बास्केटबॉल प्रतियोगिता में रामनगर टीम विजेता रही।

उपविजेता हल्द्वानी स्टेडियम और तीसरे स्थान पर रामनगर की दूसरी टीम रही। मुख्य अतिथि रशिका सिद्दीकी उपनिदेशक खेल और जिला क्रीड़ा अधिकारी डॉ. निर्मला पंत ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के निर्णायक अंकुश रौतेला, मयंक मोहन आर्य, विनोद, हर्ष पांडे, गौरव सती, श्रेयस वर्मा और दीपांशु तिवारी, जबकि संचालन की जिम्मेदारी सतीश कुमार ने संभाली। इस अवसर पर उप क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल, देवेंद्र भट्ट, तनुजा आर्य, पूनम सिरौला, काव्या ठाकुर, पूनम मेहता, हेमलता शाह और मयंक भी मौजूद रहे। जिला क्रीड़ा अधिकारी डॉ. निर्मला पंत ने बताया कि 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्पोर्ट्स स्टेडियम हल्द्वानी में महिलाओं के आत्मविश्वास और शारीरिक दक्षता बढ़ाने के लिए विशेष खेल और मनोरंजन गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसमें रस्सी दौड़, सुई-धागा, 50 मीटर दौड़, म्यूजिकल चेयर, बोरा दौड़, लेमन-चम्मच दौड़ जैसी प्रतियोगिताएं शामिल हैं। इसके साथ ही शहर की नारी शक्ति जो अपने-अपने क्षेत्र में प्रतिष्ठित हैं, उन्हें खेल विभाग की ओर से सम्मानित किया जाएगा।

खुशखबरी

रैना, कार्तिक, पठान और श्रीसंत जैसे सितारों के आने की तैयारी, लेकिन अंतिम फैसला एनओसी पर निर्भर

# एनओसी मिलने के बाद गौलापार में फिर गूंजेगा क्रिकेट का शोर

हल्द्वानी, संवाददाता



**अमृत विचारः** क्रिकेट प्रेमियों के लिए खुशखबरी तो है, लेकिन अभी थोड़ी प्रतीक्षा भी करनी होगी। लेजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) के प्रस्तावित मुकाबले गौलापार स्थित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में तभी आयोजित हो पाएंगे, जब खेल विभाग से आधिकारिक एनओसी मिल जाएगी।

दरअसल, इससे पहले लीग से जुड़े मामलों में फर्जीवाड़े की शिकायत सामने आ चुकी है। इसी कारण खेल विभाग इस बार सभी प्रक्रियाओं और दस्तावेजों की गहन जांच कर रहा है। विभाग की एनओसी मिलने के बाद ही मैचों के आयोजन पर अंतिम मुहर लगेगी। लीग के को-फाउंडर रमन रहेजा ने हाल ही में प्रेस वार्ता में बताया था कि इस सीजन की शुरुआत हल्द्वानी से करने की योजना है। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार 11, 12 और 14 फरवरी को गौलापार स्टेडियम में तीन हाई-प्रोफाइल मुकाबले खेले जाने हैं। इन मैचों में भारत के कई दिग्गज खिलाड़ी मैदान पर उतर सकते हैं। भारतीय सितारों में सुरेश रैना, दिनेश कार्तिक, इरफान पठान और एस. श्रीसंत के खेलने की संभावना जताई गई है। वहीं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों में कार्लोस ब्रैथवेट, थिसारा परेरा और असगर अफगान जैसे नाम भी शामिल बताए गए हैं। आयोजकों के मुताबिक लीग में 11 देशों के क्रिकेट लेजेंड्स हिस्सा लेंगे और शुरुआती चरण के बाद देश के चार अन्य शहरों में भी मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। मैचों का प्रसारण दुनिया के 100 से अधिक देशों में किया जाएगा, जबकि भारत में 13 चैनलों पर 11 भाषाओं में लाइव टेलीकास्ट की योजना है। इधर कुमाऊं मंडल की खेल उपनिदेशक रशिका सिद्धिकी ने बताया कि एलएलसी को तीन दिन के लिए 15 लाख रुपये जमा कराने हैं, जिसमें से अभी तक 2 लाख रुपये ही जमा कराए गए हैं। इसके अलावा एलिवेशन ड्रोन की एनओसी और पुलिस एनओसी सहित अन्य जरूरी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद ही खेल विभाग मैच आयोजन के लिए अपनी एनओसी जारी करेगा।

### क्रिकेट लीग के नाम पर हो चुकी ठगी, इसलिए सतर्क है खेल विभाग

**हल्द्वानी :** गौलापार स्थित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में क्रिकेट लीग के नाम पर पहले भी ठगी का मामला सामने आ चुका है। इसी कारण अब खेल विभाग किसी भी नए आयोजन को लेकर सतर्कता बरत रहा है और सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद ही एनओसी देने की बात कह रहा है। कुछ वर्ष पहले टी-20 क्रिकेट लीग के नाम पर एपिक विक्ट्री क्रिकेट लीग (ईवीसीएल) के मालिक विकास ढाका ने टीम फ्रेंचाइजी के नाम पर कई लोगों से लाखों रुपये ले लिए थे। हल्द्वानी के पूर्व विधायक नारायण पाल और हरियाणा के कारोबारी हेमंत शर्मा समेत अन्य लोगों से कुल करीब 32 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया था। आरोप था कि आयोजक ने लीग में पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों के खेलने का दावा करते हुए टीम फ्रेंचाइजी बेची, लेकिन बाद में आयोजन ही नहीं हो पाया। शिकायत मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस घटना के बाद से खेल विभाग स्टेडियम में होने वाले किसी भी बड़े आयोजन को लेकर ज्यादा सतर्क है।

# विकास भगत ने स्कूल बैग बांटे


बैग के साथ स्कूली बच्चे और साथ में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत।

संवाददाता, हल्द्वानी/कालाढूंगी

**अमृत विचारः** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत ने हर हाथ में स्कूल बैग अभियान के 14वें दिन शुक्रवार को कालाढूंगी के वार्ड नंबर 1, 2, नया गांव चन्दन सिंह, कमोला में बच्चों को स्कूल बैग वितरित किए।

कहा कि सभी के सहयोग, समर्थन और स्नेह से मिशन मुस्कान निरंतर आगे बढ़ रहा है। मिशन का दृढ़ संकल्प है कि हर बच्चे के चेहरे पर मुस्कान और हर हाथ में स्कूल बैग हो। इस दौरान प्रधान कुलवीर कम्बोज, प्रधान पुष्कर चौहान, विक्रम जंतवाल, पूरन जोशी, हरीश मेहरा, कविता वालिया, हरीश गुर्रो, विनोद बुडलाकोटी, कुंदन बसेड़ा आदि रहे।

# होली खेलने के दौरान दो समुदायों में पथराव

## सांप्रदायिक तनाव : तलवारबाजी में एक ही परिवार के तीन युवक घायल, विगत रात्रि का मामला, पुलिस तैनात

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** रुद्रपुर में पिछले कुछ दिनों से सांप्रदायिक तनाव फैलाने जैसी घटनाओं में बेतहाशा इजाफा हो रहा है। ऐसा ही एक मामला गुरुवार की देर रात्रि भूतबंगला वार्ड में देखने को मिला। जहां होली खेलने के दौरान दो समुदायों में विवाद हो गया और देखते ही देखते दोनों तरफ से पथराव शुरू हो गया और तलवारबाजी में एक ही परिवार के तीन युवक घायल हो गए। घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना मिलते ही वार्ड को छावनी में तब्दील कर दिया है और पुलिस अराजक तत्वों को चिन्हित करने में जुट गई है।

बताते चलें कि गुरुवार की देर रात्रि साढ़े 11 बजे के करीब एक समुदाय डीजे लगाकर होली का जश्न मना रहा था। इस बीच एक विशेष समुदाय का व्यक्ति टुकटुक लेकर वहां से गुजरा। जिसको लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गयी और टुकटुक चालक से हाथापाई की घटना घटित हुई। इसके बाद दूसरे समुदाय को इसकी भनक लगी तो दोनों तरफ से तनातनी की स्थिति पैदा हो गई। देखते ही देखते जमकर पत्थरबाजी शुरू होने लगी।

यही नहीं दोनों पक्षों में हुई तलवारबाजी की घटना में जहां एक ही परिवार के नदीम, मोहसिन व जुबैर सगे भाई घायल हो गए। वहीं दूसरे समुदाय के भी कुछ लोग चोटिल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां सगे भाइयों की नाजुक हालत को देखते हुए हल्द्वानी रेफर कर दिया है। सांप्रदायिक तनाव की भनक लगते ही सीओ सदर प्रशांत कुमार, कोतवाल मनोज रतूड़ी, रंपुरा चौकी प्रभारी कविंद्र शर्मा पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पहुंचे और शांति व्यवस्था बरकरार रखने का आह्वान किया। जिसके बाद इलाके में पुलिस बल तैनात कर दिया है।



पथराव में घायल युवक को ले जाते लोग। ● अमृत विचार



घटना की जानकारी लेती पुलिस। ● अमृत विचार



सांप्रदायिक तनाव के बाद बेसुध होती महिला। ● अमृत विचार

### किस पुलिस वाले ने जूते से पीटा

**रुद्रपुर :** गुरुवार की देर रात्रि जब सांप्रदायिक तनाव की सूचना देने एक महिला आनन फानन में रंपुरा चौकी पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने की गुहार लगाई। चौकी में बिना वर्दी के खड़े व्यक्ति ने जूता निकालकर महिला को पीटना शुरू कर दिया, जबकि चर्चा यह भी है कि वर्दीधारी एक सिपाही ने महिला को बचाया। पीड़िता का कहना था कि बिना वर्दी वाला व्यक्ति भी पुलिस वाला है और खुद को चौकी में तैनात होने की बात कर रहा था, जबकि वह बीच बचाव करने में विफल रही। जब वह भागते हुए चौकी पहुंची पुलिस ने सुनवाई करने की बजाए अभद्रता व हाथापाई की। पीड़िता ने पुलिस कर्मी के खिलाफ कार्रवाई का मुद्दा उठाया।

### आखिर कौन है गुलजार, क्यों हुआ विवाद

**रुद्रपुर :** चश्मदीद का कहना था कि गुरुवार की रात्रि जब वह सामूहिक होली मना रहे थे, उस वक्त गुलजार नाम का एक व्यक्ति आया और धार्मिक उन्माद फैलाने वाली भाषा का प्रयोग करने लगा। जब समझाने का प्रयास किया तो आरोपी व्यक्ति ने अपने समुदाय में जाकर तनाव पैदा कर दिया। इसके बाद देखते ही देखते दोनों तरफ से पथराव व खूनी संघर्ष शुरू हो गया।

गुरुवार की देर रात्रि आपसी कहासुनी के बाद पथराव और तलवारबाजी की घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने फौरन स्थिति को नियंत्रित किया। एहतियात के तौर पर पुलिस बल तैनात कर दिया है। पुलिस वार्ड में लगे सीसीटीवी कैमरों के आधार पर अराजकता फैलाने वालों को चिह्नित किया जा रहा है।र तहरीर आने पर दोनों पक्षों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की जाएगी।
**–मनोज रतूड़ी**, कोतवाल, रुद्रपुर

## कार सवार को निशाना बनाकर दागी गोली

**रुद्रपुर:** कोतवाली इलाके में बदमाशों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि अब बेखौफ होकर गोलीबारी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। ऐसा ही एक मामला गुरुवार की देर रात्रि साढ़े 11 बजे गांव भूरारानी इलाके में हुई। जहां बाइक सवार बदमाशों ने कार सवार को निशाना बनाते हुए तमंचे से फायर झोंक दिया। गनीमत यह रही कि गोली शीशे को चीरते हुए बाहर निकल गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार वार्ड-32 भूरारानी के रहने वाले राकेश साहनी ने बताया कि 5 मार्च की रात्रि साढ़े 11 बजे वह अपनी कार संख्या यूके-07 बीजे-4310 से अपने दोस्त के साथ घर लौट रहा था। अचानक बाइक पर सवार दो युवक पीछा करते हुए आये और कार को ओवरटेक करना शुरू कर दिया। जब कार की गति धीमी की तो बाइक पर बैठे एक युवक ने तमंचा निकालकर जान से मारने की नीयत से गोली चला दी।

गोली शीशा चीरते हुए सामने से निकली और वह बाल-बाल बच गया। बाइक सवार मौके से फरार हो गए। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसकी कोई रंजिश भी नहीं है। उन्होंने संदेह जताया कि उसकी हत्या करना ही बाइक सवार का मकसद हो सकता है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

# 61 वर्षीय बुजुर्ग को बस ने कुचला, मौत

- बुजुर्ग ने उपचार के दौरान दम तोड़ा पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कोतवाली इलाके के रहने वाले एक बुजुर्ग को रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। जिससे बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया और घायल को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के बाद बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार सुभाष कॉलोनी निवासी 61 वर्षीय नारायण दास 27 फरवरी की दोपहर को अपनी बेटी को रामपुर छोड़कर लौट रहे थे। जब बुजुर्ग अपने बेटे की बाइक पर रुद्रपुर-बिलासपुर रिंग रोड पहुंचे ही थे कि अचानक तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बुजुर्ग के दोनों पैर जख्मी हो गए और बेटा भी घायल हो गया। घायलों को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां शुक्रवार की सुबह बुजुर्ग ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बुजुर्ग की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। कारण हादसा बिलासपुर यूपी का था तो कोतवाली पुलिस ने यूपी पुलिस से संपर्क कर पोस्टमार्टम रिपोर्ट सौंप दी है।

### बाइक ने मारी टक्कर कोमा में सिडकुल कर्मी

**रुद्रपुर :** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में बाइक की टक्कर से एक सिडकुल कर्मी की हालत नाजुक बनी हुई है और कर्मी कोमा में चला गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गांव कपनैरी मिलक रामपुर यूपी निवासी सुरेश बाबू ने बताया कि उसका बड़ा भाई यतेंद्र कुमार वार्ड–दो कृष्णा कॉलोनी में रहता था और सिडकुल की नामी ऑटो कंपनी में काम करता था। रोजमर्रा की भांति 2 मार्च की रात्रि 11 बजे ड्यूटी करने के लिए साइकिल से जा रहा था। इस बीच अचानक कृष्णा कॉलोनी मोड़ के समीप तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया और आनन फानन में जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने रेफर कर दिया। वर्तमान में भाई का उपचार हायर सेंटर में चल रहा है। डॉक्टरों का कहना है कि सिर पर घातक चोट आने के कारण यतेंद्र कोमा में है और हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एनआई एक्ट का वारंटी पुलिस ने गिरफ्तार किया

**काशीपुर :** आईटीआई थाना पुलिस ने एनआई एक्ट (चेक बाउंस) मामले में लंबे समय से वांछित चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। एसएसआई संजय सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दबिश देकर धीमर कॉलोनी, गोपीपुरा (पोस्ट हेमपुर) निवासी उमेश को उसके निवास से दबोचा। आरोपी के खिलाफ न्यायालय से एनआई एक्ट के तहत वारंट जारी था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया।


कार्यालय परियोजना प्रबन्धक
परियोजना क्रियान्वयन इकाई-हल्द्वानी
उत्तराखण्ड शहरी क्षेत्र विकास एजेंसी (यू.यू.एस.डी.ए.)
शहरी विकास विभाग, उत्तराखण्ड सरकार
कमलुवागांजा रोड, निकट एच०पी० पट्रोल पम्प, हिम्मतपुर तल्ला, हल्द्वानी-नैनीताल
टेलीफोन नं० 915946360343, ई-मेल- pmhdw.uusda@gmail.com

पत्रांकः 277 / पी0आई0यू0-हल्द्वानी/2026/HDW-01 दिनांक 06.03.2026

जनहित में आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित करना है कि परियोजना क्रियान्वयन इकाई, शहरी विकास विभाग, यू.यू.एस.डी.ए. हल्द्वानी द्वारा वर्तमान में एडीबी सहायतित हल्द्वानी परियोजना के अन्तर्गत नये नगर निगम, हल्द्वानी के वार्ड सं० 34 से 60 में पेयजल एवं सीवर पाइप लाइन बिछाने के कार्य से प्रभावित सड़कों के पुनर्निर्माण का कार्य गतिमान है।
अतः समस्त सम्मानित स्थानीय जनता से अनुरोध है यदि उक्त वार्डों में कार्य से प्रभावित सड़कों में से किसी भी सड़क पर आवागमन में कठिनाइयां होती हैं, तो निम्नलिखित टोल फ्री नम्बर पर किसी भी कार्य दिवस में (सुबह 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक) सूचित कर सकते हैं।
**टोल फ्री नम्बर 1800 891 1588**
अतः उपरोक्त कार्यों के परिपेक्ष्य में क्षेत्र की सम्मानित स्थानीय जनता से सादर अनुरोध है निर्माण कार्य के ससमय सम्पादन में आपका अमूल्य सहयोग अपेक्षित एवं प्रार्थनीय है।

परियोजना प्रबन्धक
पी.आई.यू. यू.यू.एस.डी.ए., हल्द्वानी


# गदरपुर रोड पर हुई दुर्घटना की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश

- उप जिला मजिस्ट्रेट रुद्रपुर को नामित किया जांच अधिकारी
- ग्राम कटोपा में किसी भारी वाहन ने एक व्यक्ति को कुचल दिया था

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिला मजिस्ट्रेट नितिन सिंह भदौरिया ने 13 जनवरी को रुद्रपुर-गदरपुर रोड पर ग्राम कटोपा में सड़क दुर्घटना के मामले में मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं। साथ ही उप जिला मजिस्ट्रेट रुद्रपुर को जांच अधिकारी नामित किया है।

भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल लेह-लद्दाख में एचसी/जीडी शैलेंद्र सिंह नेगी ने जिला मजिस्ट्रेट नितिन सिंह भदौरिया के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। इसमें बताया कि उनके पिता 13 जनवरी 2026 को रुद्रपुर-गदरपुर रोड पर ग्राम कटोपा में सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। किसी भारी वाहन ने उन्हें बुरी तरह कुचला था। पुलिस ने वाहन को नहीं पकड़ा है। इसको लेकर उन्होंने प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रति प्रस्तुत की गयी है।

जिला मजिस्ट्रेट ने दुर्घटना को गंभीरता से लेते हुए मजिस्ट्रियल जांच के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट रुद्रपुर को जांच अधिकारी नामित किया है।

उन्होंने इस घटना के संपूर्ण पहलुओं विस्तृत जांच करते हुए जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश उप जिला मजिस्ट्रेट को दिए हैं। जांच अधिकारी व उप जिला मजिस्ट्रेट मनीष बिष्ट ने कहा है कि इस घटना के संबंध में यदि कोई व्यक्ति जानकारी रखता हो या कथन करना चाहता है तो वह एक सप्ताह के भीतर साक्ष्य सहित अपना कथन उप जिलाधिकारी के सम्मुख प्रस्तुत कर सकते हैं अथवा कार्यालय की ई-मेल आईडी sdmrudrapur4<bha>@</bha>gmail.com पर भी उपलब्ध करा सकते हैं।

# अमेनिटी स्कूल ने जीता बसंत वैली मिनी फुटबॉल टूर्नामेंट

- स्कूल ने होम बसंत वैली को 6-0 से हराया
- तीनों प्रतिस्पर्धाएं जीतीं, दिल्ली में हुई प्रतियोगिता

संवाददाता, रुद्रपुर




विजेता ट्रॉफी के साथ अमेनिटी पब्लिक स्कूल की टीम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** दिल्ली में हुए बसंत वैली मिनी फुटबॉल टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन करते हुए अमेनिटी पब्लिक स्कूल ने अपना कब्जा बरकरार रखा। बताया कि विद्यालय की टीम ने तीनों मैच जीतकर विद्यालय को गौरवांवित किया और विद्यालय प्रबंधन ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विद्यालय प्रबंधक सुभाष अरोरा ने बताया कि दिल्ली में आयोजित 24 वां वैली मिनी फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन हुआ था। जिसमें अमेनिटी पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने पहला मैच नोएडा को 5-0 से हराया, दूसरा मैच निर्मला भारती को 5-0, तीसरा मैच शिव नाडर स्कूल को 4-0 से पराजित किया था। इसके बाद सेमीफाइनल राम अरवली को 4-1 और फाइनल मुकाबला होम टीम बसंत वैली से हुआ था।

इस दौरान खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 6-0 से मैच हराकर ट्रॉफी पर कब्जा बरकरार रखा। इसके अलावा गौरांश बोरा को टॉप स्कोरर, वेदांश मिश्रा को बेस्ट गोलकीपर का खिताब मिला। इस मौके पर कोच विक्रांत रावत, मैनेजर सुरुचि नेगी, प्रधानाचार्य इंद्रा त्रिपाठी ने पुरस्कृत किया।


उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
विद्युत नगरीय वितरण खण्ड, तिकोनिया, नैनीताल रोड
हल्द्वानी (नैनीताल)- 263139, फोन एंव फैक्स 05946-220172, E-mail: eddhld @yahoo.com

पत्रांक संख्या 1343 दिनांक 06.03.2026

निविदा सूचना

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा अनुभवी, प्रतिष्ठित, ख्याति प्राप्त आयकर जी०एस०टी०, ई०पी०एफ० में पंजीकृत एवं शासन व विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों/एजेन्सियों से निम्न कार्य/ सामग्री आपूर्ति हेतु मुहरबन्द निविदायें पृथक-पृथक दो भागों में दिनांक 25.03.2026 के अपराहन 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन सायं 03.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं या उनके मनोनीत प्रतिनिधि के समक्ष अधोहस्ताक्षरकर्ता या उनके मनोनीत अधिकारी द्वारा खोली जायेगी। निविदा के प्रपत्र भाग-1 में अधोहस्ताक्षरी के नाम प्रतिभूति धरोहर राशि जो एन०एस०सी०/एफ०डी०आर० के रूप में बंधक और सम्बन्धित कार्य का अनुभव अभिलेख एवं ई०पी०एफ० व जी०एस०टी० पंजीकरण प्रमाण आदि संलग्न होना अनिवार्य होगा तथा दूसरे मुहरबन्द भाग में निविदा प्रपत्र दरे एवं अन्य शर्तें होनी चाहिए। धरोहर राशि तथा अन्य अभिलेखों के अभाव में निविदा का दूसरा भाग किसी भी दशा में नहीं खोला जाएगा। कटी फटी एवं शर्ते रहित निविदा किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी निविदा के साथ दरों की वैद्यता रू 0 10.00 के स्टाम्प पर देना आवश्यक होगा।

| क्र0सं0 | कार्य / सामग्री का विवरण | धरोहर धनराशि | निविदा सं० | निविदा की धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | विद्युत वितरण उपखण्ड प्रथम, सुभाषनगर हल्द्वानी के काठगोदाम उप-संस्थान के विभिन्न स्थानों में लम्बे स्पानों के मध्य पोल स्थापित किये जाने का आपूर्ति सहित कार्य। मद- कैपिटल (एस०आई०) | 36800.00 | EDD(T)H-58/2025-26 | 1000.00 + 180.00 (18% GST) |
| 2 | विद्युत वितरण उपखण्ड-प्रथम, सुभाषनगर हल्द्वानी के सुभाषनगर उप-संस्थान के विभिन्न स्थानों में लम्बे स्पानों के मध्य पोल स्थापित किये जाने का आपूर्ति सहित कार्य। मद- ओ०एण्डएम० | 45000.00 | EDD(T)H-59/2025-26 | 1000.00 + 180.00 (18% GST) |
| 3 | विद्युत वितरण खण्ड (नगर), हल्द्वानी एवं उपखण्ड कार्यालयों में 13 नग अग्निशमन यन्त्रों की आपूर्ति सहित स्थापित किये जाने का कार्य। मद- ओ०एण्डएम० | 10000.00 | EDD(T)H-60/2025-26 | 250.00 + 45.00 (18% GST) |

निविदा प्रपत्र जी०एस०टी० रजि० प्रमाण पत्र उपलब्ध करते हुए अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 24.03.2026 तक निविदा की राशि अधिशासी अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण खण्ड, हल्द्वानी के नाम बैंक ड्राफ्ट से भुगतान किये जाने के उपरान्त प्राप्त किये जा सकते हैं।
अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास यह अधिकार सुरक्षित रहेगा कि वह निविदा को निरस्त कर सकते हैं। उक्त तिथियों में अवकाश होने की दशा में निविदायें अगले कार्य दिवस पर बेची व खोली जायेंगी।
Customer Care Toll Free No. 1912

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड (नगर), हल्द्वानी


### महिला से लूटपाट हाथापाई भी की

**रुद्रपुर:** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में एक महिला से लूटपाट और हाथापाई करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। ट्रांजिट कैंप की रहने वाली एक महिला ने तहरीर देते हुए बताया कि 5 मार्च की दोपहर ढाई बजे वह अपने पति के साथ गेट पर बैठी थी। इस बीच मोहल्ले का ही एक युवक आया और पति से अभद्र व्यवहार करने लगा। विरोध करने पर युवक का परिवार भी आया और एक राय होकर लोहे की रॉड से हमला बोल दिया। बीच बचाव करने पर उसके साथ भी हाथापाई की और कपड़े भी फाड़ दिए। आरोप था कि हमलावरों ने अश्लील हरकते करते हुए घर के अंदर रखे 12 हजार रुपये भी लूट लिए और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।


अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9532374039 8077909468

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में नाम प्रताप सिंह पुत्र राम सिंह दर्ज है। जबकि मेरे डी.एल. नं. UK042005 0154193 में पिता का नाम गलती से शैलेन्द्र सिंह दर्ज हो गया है। पिता का वास्तविक नाम राम सिंह है जो कि सत्य है। **-प्रताप सिंह पुत्र श्री राम सिंह निवासी- बरेली रोड वार्ड नं. 28, उजाला नगर, हल्द्वानी**




खटीमा में ज्ञापन सौंपते उक्रांद कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# उक्रांद ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर पांच सूत्रीय मांगें उठाईं

- राज्य सेनानियों को 20 हजार पेंशन देने की मांग की

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** उत्तराखंड क्रांतिदल के उत्तराखंड सेनानी प्रकोष्ठ ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर उत्तराखंड राज्य सेनानियों की पांच सूत्रीय मांगों को पूरा करने की मांग की है।

सेनानी प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष शिव शंकर भाटिया के नेतृत्व में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपते हुए कहा कि राज्य आंदोलनकारियों की मांगे पूरी की जाएं। पांच सूत्रीय मांगों में जेल गए लोकतंत्र सेनानियों की तर्ज पर राज्य सेनानियों को 20 हजार समान पेंशन देने, राज्य आंदोलनकारियों को उत्तराखंड राज्य सेनानी से परिभाषित करने, वंचित राज्य आंदोलनकारियों को प्रमाणपत्र देने, राज्य में निर्माण सेनानियों को सरकारी विश्रामगृहों में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की तर्ज पर ठहरने की सुविधा देने के साथ ही विद्युत कर, हाउस कर, जल कर, तिल टैक्स में छूट दिए जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में आदेश भटनागर, बच्ची देवी, राम सिंह धामी, कुंती देवी, मो बदर, राम अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, अली अहमद, दुर्गा सिंह सामंत, मदन मोहन जोशी, जीवन चंद, हरीश चंद्र सुयाल आदि शामिल रहे।

ब्रीफ न्यूज

### रिंकू राणा के निधन पर जताया शोक

**खटीमा :** उत्तराखंड की थारू जनजाति की प्रसिद्ध लोकगायिका रिंकू राणा की सड़क दुर्घटना में निधन होने पर उत्तरांचल पंजाबी महासभा ने शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। महासभा ने कहा की लोकगायिका रिंकू राणा ने जनजाति समाज की लोक संस्कृति को पहचान दिलाई। शोक व्यक्त करने वालों में संरक्षक बाबूराम अरोरा, अनिल बत्रा, राजकुमार गुंबर, जसविंदर बाजवा, प्रदेश सचिव मनोज वाधवा, अध्यक्ष विजय अरोड़ा, महामंत्री हरीश बत्रा, कोषाध्यक्ष जितिन ग्रोवर, पूर्व सभासद रमेश ढींगरा, सुधीर बत्रा, राजेश बाटला, मनोज छाबड़ा, रोहित छाबड़ा, मनोज गुलाटी, अमरजीत सिंह, कुलदीप सिंह, सचिन, ललित मोहन मारवाह आदि उपस्थित रहे।

### मेले से बुलेट चोरी

**सितारगंज :** चोरों ने मेले में खड़ी बाइक चुरा ली। चोरगलिया निवासी भास्कर परगाई ने बताया कि 15 फरवरी को वह अपनी बाइक खड़ी कर शक्तिफार्म के झारखंडेश्वर मंदिर में लगा मेला देखने गया था। मेला देखने के बाद जब वह वापस लौटा तो उसे बाइक नियत स्थान पर नहीं मिली। आसपास खोजबीन करने के बाद भी बाइक का पता नहीं चला। वहीं, मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

### विधायक चौहान ने दो सीसी सड़कों का किया लोकार्पण

**जसपुर :** नगर के वार्ड 15 में विधायक निधि से बनी दो सीसी सड़कों का विधायक आदेश सिंह चौहान ने लोकार्पण किया। शुक्रवार को पहुंचे विधायक ने काशीपुर रोड स्थित पहली सड़क मेन हाईवे से रामगढ़ियों के घर तक तथा दूसरी शैलेन्द्र गहलौत के घर तक की रोड का स्थानीय निवासियों संग लोकार्पण किया। इस दौरान मंजीत सिंह, विनोद सिंह गहलौत, गंजेंद्र सिंह, सुखदेव सिंह आदि मौजूद रहे।

### बरहैनी में गजराज का तांडव, फसलें रौंदीं

**बाजपुर :** ग्राम पंचायत बरहैनी के झारखंडी गांव में गुरुवार देर रात करीब डेढ़ बजे एक विशालकाय हाथी के आबादी क्षेत्र में घुसने से हड़कंप मच गया। हाथी ने किसान राजेंद्र सिंह बिष्ट के खेत में खड़ी गेहूं की फसल को रौंदकर तहस-नहस कर दिया, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने शोर मचाकर और मशालें जलाकर किसी तरह हाथी को जंगल की ओर खदेड़ा। क्षेत्र में हाथियों के लगातार विचरण से किसान भयभीत हैं और रात के समय घरों से निकलने में कतरा रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से सीमावर्ती क्षेत्रों में फेंसिंग की मांग की है।



किच्छा में आग बुझाते दमकल कर्मी। ● अमृत विचार

### कंपनी में लगी आग से लाखों का माल राख

**किच्छा :** रुद्रपुर मार्ग स्थित पनचक्की फार्म क्षेत्र की ''एनर्जी जॉइन सॉल्यूशन'' कंपनी में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। आग इतनी विकराल थी कि देखते ही देखते कंपनी परिसर से धुआं और लपटें उठने लगीं। सूचना मिलने पर टीम प्रभारी मदन सिंह के नेतृत्व में दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। फायरमैन दीपक बसेड़ा और प्रमोद सोन ने करीब 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन कंपनी में रखा लाखों रुपये का माल जलकर राख हो गया। साबिक मजूमदार द्वारा समय पर सूचना देने से आग को आसपास फैलने से रोक लिया गया। पुलिस और प्रशासन नुकसान का आकलन कर रहे हैं।

पूर्व विधायक ठुकराल के नेतृत्व में ईई और एसडीओ का किया घेराव, जल्द समस्या का निस्तारण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

## ट्रांजिट कैंप-शिव नगर की बदहाल विद्युत व्यवस्था पर आक्रोश

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** ट्रांजिट कैंप और शिव नगर क्षेत्र की बदहाल विद्युत व्यवस्था और जानलेवा बनी हाईटेंशन लाइनों के खिलाफ स्थानीय लोगों में आक्रोश है। इससे नाराज लोगों ने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के नेतृत्व में यूपीसीएल के अधिशासी अभियंता कार्यालय में प्रदर्शन किया। साथ ही अधिशासी अभियंता राजीव चक्रवर्ती, सहायक अभियंता अनु अरोड़ा, अवर अभियंता कुलदीप सिंह राठी का घेराव किया और ज्ञापन सौंपा। साथ ही समस्याओं का जल्द निस्तारण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

शुक्रवार को पूर्व विधायक ठुकराल के नेतृत्व में लघु उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी भदईपुरा स्थित यूपीसीएल के अधिशासी अभियंता कार्यालय पहुंचे। इस दौरान पूर्व विधायक ठुकराल ने अधिकारियों को क्षेत्र की गंभीर स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि वार्ड संख्या 8, चामुंडा देवी मंदिर वाली गली में मकानों के ठीक ऊपर से 11 हजार केवी की हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। यह लाइन क्षेत्रवासियों के लिए लटकती तलवार बनी हुई है, जिससे कभी भी बड़ी जनहानि हो सकती है। ठुकराल ने जनहित का हवाला देते हुए इस लाइन को तत्काल आबादी क्षेत्र से बाहर शिफ्ट करने की पुरजोर मांग की। उन्होंने कहा कि 11 केवी लाइन की चपेट में आने से होली के दिन कमल कोली नामक युवक बुरी तरह झुलस गया था। उन्होंने घायल युवक को तत्काल उचित आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग उठाई। साथ ही ट्रांजिट कैंप की आंतरिक बस्तियों में विद्युत व्यवस्था सुधारने के लिए नए खंभे लगाने और बंद पड़े कनेक्शनों को बिना विलंब बहाल करने की मांग की। इस दौरान अधिशासी अभियंता ने शिकायतों को सुना और जांच कर आवश्यक कदम उठाने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर लघु उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव गुप्ता, विकास बंसल, सुरेंद्र गुप्ता, कमलदीप सोनकर, सुमित गुप्ता, अनिल गुप्ता, शिवांग पाठक, संजीव गुप्ता, पप्पू कोली, कुंवरपाल कोली, हिम्मत राम कोली, कमल कोली, सोनू ,दिवाकर, सुनील, संजय, देव, विशाल, सौरभ बेहड़, हरेराम, सीमा अरोड़ा, वीरेंद्र कोली आदि मौजूद रहे।



अधिशासी अभियंता को समस्याएं बताते पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल। ● अमृत विचार

# ईओ शक्तिगढ़ का स्पष्टीकरण लेने और वेतन रोकने के निर्देश

दिशा की बैठक में उपस्थित नहीं होने पर सांसद अजय भट्ट ने जताई नाराजगी, सीडीओ को दिए निर्देश, कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई बैठक

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** सांसद अजय भट्ट ने जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक के दौरान केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि दिशा की बैठक की मॉनिटरिंग प्रधानमंत्री द्वारा स्वयं की जाती है। इसलिए केंद्र सरकार की योजना कार्यों को गंभीरता से लेते हुए कार्यों को समय पर पूरा करें। सांसद ने अधिशासी अधिकारी शक्तिगढ़ के बैठक में अनुपस्थित होने पर मुख्य विकास अधिकारी को स्पष्टीकरण लेने व वेतन रोकने के निर्देश दिए।

शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक के दौरान सांसद भट्ट ने कहा कि सभी अधिकारी योजना कार्यों की जानकारी जनप्रतिनिधियों को दें। योजना कार्यों का शुभारंभ एवं लोकार्पण जनप्रतिनिधियों के माध्यम से कराएं। अधिकारी जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय करते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारें। ताकि जनता को योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सके। उन्होंने काशीपुर क्षेत्र में विद्युत विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी को कार्यों की समीक्षा करने के साथ ही विभाग की ओर से किये जा रहे कार्यों की पूर्ण विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि गर्मी का सीजन प्रारंभ हो गया है। इसलिए पेयजल व विद्युत महकमा जनता को सुचारू पेयजल उपलब्ध कराने के लिए सभी व्यवस्था करें। पेयजल लाइनों व ओवर हेड टैंकों की मरम्मत के साथ ही सुचारू पेयजल उपलब्ध कराने के लिए टैंकरों की भी व्यवस्था की जाए। विद्युत विभाग नलकूपों में लगे ट्रांसफार्मर व विद्युत लाइनों का सुदृढ़ कर लें।



कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते सांसद अजय भट्ट। ● अमृत विचार

### खोदी सड़कें व पेयजल लाइन लीकेज को प्राथमिकता से करें ठीक

**रुद्रपुर :** सांसद जल जीवन मिशन कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि जो योजना कार्यों में खोदी सड़कें व पेयजल लाइन लीकेज को प्राथमिकता से ठीक करें। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को खंड विकास अधिकारियों के माध्यम से लीकेज व खोदी सड़कें ठीक कराने का निरीक्षण कराकर रिपोर्ट मंगाने के निर्देश दिए। आनंदखेड़ा पेयजल योजना, बेतखेंड़ी पेयजल योजना, बुक्सौरा पेयजल योजना कार्यों की समीक्षा के दौरान कहा कि जिन ठेकेदारों की ओर से पेयजल योजना कार्यों में कोताही बरती जा रही है उनके खिलाफ कार्रवाई करने व वसूली करने के निर्देश भी दिए।

### पेयजल योजना की डीपीआर बनाने के निर्देश

**रुद्रपुर :** सांसद ने जनपद के सभी नगर निकायों की पेयजल योजना की डीपीआर बनाने के निर्देश पेयजल निगम को दिए। अधीक्षण अभियंता पेयजल ने बताया कि नगर पंचायत कौशल्यापुरी पेयजल योजना की डीपीआर अमृत योजना के तहत बनाकर भेजी गयी है, जबकि पांच अन्य निकाय भी योजना के तहत स्वीकृत है, जिनकी विस्तृत डीपीआर तैयार की जा रही है। उन्होंने बताया अमृत योजना-2.0 के तहत 30 करोड़ की नानकमत्ता पेयजल योजना स्वीकृत है, जिसमे 45 प्रतिशत कार्य कर लिया गया है। इसी तरह अमृत योजना-2.0 के तहत 10 करोड़ की शक्तिगढ़ पेयजल योजना स्वीकृत हुई थी, जिसका कार्य पूर्ण कर लिया गया है। सांसद ने सभी पेयजल संयोजन में मीटर लगाने के निर्देश देते हुए लोकार्पण कराने के निर्देश भी दिए।

### चिकित्सकों व अन्य स्टाफ का प्रस्ताव बनाकर दें

**रुद्रपुर :** सांसद ने कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) चिकित्सालय की समीक्षा करते हुए विस्तृत जानकारी मांगी। जिस पर चिकित्सा अधीक्षक ईएसआईसी ने बताया कि चिकित्सालय 2 लाख 16 हजार ईएसआई कार्ड धारकों के लगभग 8 लाख लोगों को चिकित्सा सुविधाएं दी जा रही है। चिकित्सालय में 21 विशेषज्ञ चिकित्सक पदों के सापेक्ष मात्र 3 विशेषज्ञ चिकित्सक तैनात हैं। इसी तरह 75 नर्सिंग स्टाफ तैनात हैं। उन्होंने चिकित्सालय के लिए चिकित्सकों, अन्य स्टाफ व उपकरणों की आवश्यकता है तो उसका प्रस्ताव बना कर शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। ताकि भारत सरकार स्तर पर वार्ता कर मांग की जा सके।

### ये लोग रहे मौजूद

विधायक शिव अरोरा, मेयर विकास शर्मा, दीपक बाली, दर्जा मंत्री मुकेश कुमार, मंजीत सिंह, ब्लॉक प्रमुख चंद्र प्रभा, चेयरमैन नगर पालिका गदरपुर मनोज गुम्बर, दिशा के सदस्य सतीश चुघ, मनोज कुमार, राजेश कुमार, रेखा यादव, गुंजन सुखीजा, डीएम नितिन सिंह भदौरिया, सीडीओ दिवेश शाशनी, प्रभागीय वनाधिकारी उमेश चंद्र तिवारी, प्रकाश आर्या, पीडी डीआरडीए हिमांशु जोशी, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, एसीएमओ डॉ.हरेंद्र मलिक, चिकित्सा अधीक्षक ईएसआईसी डॉ. प्रवीण वर्मा, नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, मुख्य शिक्षा अधिकारी हरेंद्र मिश्रा, अधीक्षण अभियंता लोनिवि अनिल पांगती, सिंचाई पीके दीक्षित, पीडी एनएचएआई अंचल जिंदल, डीडीएमओ उमाशंकर नेगी आदि उपस्थित रहे।

### रुद्रपुर बाईपास 20 मार्च के बाद खुलेगा ट्रायल के लिए

**रुद्रपुर :** सांसद ने रुद्रपुर बाईपास का निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए कार्य की गुणवत्ता व समयबद्धता पर ध्यान देते हुए शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश पीडी एनएचएआई को दिए। पीडी एनएचएआई ने बताया कि 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 20 मार्च के बाद ट्रायल के लिए खोल दिया जाएगा। सांसद ने कहा अप्रैल प्रथम सप्ताह में स्वयं रुद्रपुर बाईपास का निरीक्षण करेंगे। सांसद ने रेलवे अधिकारियों को छत्तरपुर अंडरपास निर्माण कार्य में गति लाते हुए शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।

## जिला महामंत्री बनने पर किया स्वागत



किच्छा में भाजयुमो जिला महामंत्री विशाल चौहान का स्वागत करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विपिन सिंह गहलोत ने जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। जिला अध्यक्ष गहलोत द्वारा घोषित की गई कार्यकारिणी में नगर के युवा कार्यकर्ता विशाल सिंह चौहान को ऊधम सिंह नगर जिला महामंत्री का दायित्व दिया गया है।

युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक दीप सिंह के कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त जिला महामंत्री विशाल चौहान का फूल मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया। प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक दीप ने कहा कि विशाल चौहान ने हमेशा संगठन हित में कार्य करते हुए टीम भावना के साथ युवाओं को आगे बढ़ाने का मौका दिया है। नवनियुक्त जिला महामंत्री विशाल चौहान ने युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विपुल मंदोली, भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल एवं युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष गहलोत का आभार व्यक्त किया।

स्वागत कार्यक्रम में भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह, अजय तिवारी, सचिन छाबड़ा, शशांक सिंह, संदीप सिंह, कमलेश दुबे, ब्रह्मानंद पुरोहित, नवीन सिंह आदि मौजूद रहे।

### 19 वाहनों के चालान, 8 सीज

**सितारगंज :** यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की। इस दौरान कुल 19 वाहनों के चालान किए गए, जबकि गंभीर उल्लंघन के मामलों में आठ वाहनों को सीज किया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने ओवरलोडिंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए चार ओवरलोड मालवाहक वाहनों को सीज कर दिया। वहीं, शराब पीकर वाहन चलाने के मामले में दो वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनके वाहन भी सीज किए गए। इसके अलावा तीन सवारी बैठाकर बाइक चलाने पर एक वाहन को सीज किया गया। बिना आरसी और ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ भी कार्रवाई करते हुए वाहन सीज किया गया।

## सात छात्राओं का इंस्पायर अवार्ड में चयन हुआ









संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा संचालित इंस्पायर अवार्ड मानक योजना में सरस्वती एकेडमी बिगराबाग और राणा प्रताप इंटर कालेज की दो छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्थान हासिल किया है।

सरस्वती एकेडमी विद्यालय बिगराबाग की नवीं की छात्रा पूजा भारद्वाज और अंशिका उपाध्याय का चयन उनके अभिनव विज्ञान परियोजना कार्य के आधार पर इंस्पायर अवार्ड के लिए किया गया है। चेयरपर्सन ज्योति पाल, प्रबंधक राजेश पाल, प्रशासिका विनीता चंद, प्रधानाचार्य रामयश सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने चयनित छात्राओं को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

इधर राणा प्रताप इण्टर कॉलेज की 8वीं की दो छात्राओं नन्दनी और मेघा का चयन इंस्वायर अवार्ड के लिए हुआ है। प्रधानाचार्य रवीन्द्र प्रकाश पंत इन बच्चों के आइडिया, नेशनल इनोवेशन फांउडेशन द्वारा किया गया हैं। इस योजना के तहत चयनित प्रत्येक विद्यार्थी को अपना कार्यशील मॉडल तैयार करने के लिए दस हजार रुपए की सहायता प्राप्त होगी। बच्चों की उपलब्धि पर प्रधानाचार्य पंत, प्रबंधक गीता राम बंसल सहित समस्त शिक्षकों ने बच्चों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की । इस अवसर पर संजय कार्की, ललित मोहन जोशी, हरीश चंद्र मठपाल, देवकीनंदन परगांई, डीएस राजपूत, डीसी गहतोड़ी, सुनीता गंगवार, रजनी कुमारी, हेमलता काण्डपाल, चंद्रिका छेत्री आदि उपस्थित रहे।

● **सनशाइन झनकट के तीन बच्चे भी हुए चयनित**

वहीं सनशाइन पब्लिक स्कूल झनकट के तीन छात्रों आठवीं के बचित्र राणा, सातवीं के मोहित सिंह और छठवीं के निशांत सिंह का चयन इंस्वायर अवार्ड के लिए हुआ है। बच्चों की उपलब्धि पर प्रबंधक दीवान सिंह नामधारी, प्रधानाचार्य देवेंद्र जीत सिंह नामधारी सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

कार्यक्रम | 22 मार्च को होगा भव्य प्रतिमा का अनावरण, कहा-सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का मुख्य केंद्र बनेगा भवन

## नेता प्रतिपक्ष ने किया निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** नेता प्रतिपक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक यशपाल आर्य तथा पूर्व विधायक संजीव आर्य ने शुक्रवार को ग्राम सभा खंबारी का दौरा किया। यहां उन्होंने निर्माणाधीन ''श्रद्धेय राजा जगतदेव बहुउद्देशीय भवन'' के कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान जनजाति समाज के लोगों ने दोनों नेताओं का फूलमालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया।

यशपाल आर्य ने निर्माण कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यह भवन जनजाति समाज की सामाजिक और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का मुख्य केंद्र बनेगा। निरीक्षण के पश्चात आयोजित समीक्षा बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 22 मार्च (रविवार) को प्रातः 10:30 बजे एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसके उपरांत राजा जगतदेव जी की प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया जाएगा।

नेताओं ने समाज के लोगों से एकजुट होकर इस ऐतिहासिक कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि जोरावर सिंह भुल्लर, कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष पवन शर्मा, इंदर सिंह, पंचम सिंह, शेर सिंह, मोहन सिंह, रामचंद्र सिंह, जीत सिंह, मुन्ना सिंह, पूर्णिमा देवी, अमरजीत सिंह, राम अवतार सिंह, राजेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह, प्रताप सिंह, राजेश सिंह, लखपत सिंह, वीर सिंह, अरुण जोशी, बाबू सिंह, बच्चन सिंह, फूल सिंह, कमल सिंह, चेतन सिंह, सिकंदर सिंह, गोवर्धन सिंह, सुरेश सिंह, मुकुंदराम सिंह, विजय सिंह, सोमल सिंह, किशन सिंह, रामस्वरूप सिंह, सुखवंत सिंह, भगवान सिंह, भीका सिंह, नवदीप, प्रमोद, सुमित, जयपाल, ज्ञान सिंह, राजू सिंह, देशराज सिंह, अशोक सिंह, खुशाल सिंह आदि मौजूद रहे।



बाजपुर में श्रद्धेय राजा जगतदेव बहुउद्देशीय भवन के निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण करते नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य।

## समाज को योजनाओं का मिले लाभ

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** बुक्सा जनजाति समाज का प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अपर सचिव एवं अनुसूचित जनजाति निदेशक एसएस टोलिया व अनुसूचित जनजाति निदेशक के अपर सचिव योगेंद्र सिंह रावत और अनुसूचित जनजाति आयोग की अध्यक्षा लीलावती राणा से देहरादून में शिष्टाचार मुलाकात की। बुक्सा जनजाति समाज के प्रतिनिधिमंडल ने उच्चाधिकारियों से जल जंगल जमीन में हुई धोखाधड़ी के संबंध में काफी देर तक वार्तालाप की।

देहरादून से लौटकर आए शिष्टमंडल में खटोला पूर्व प्रधान एडवोकेट मुकेश सिंह राणा ने बताया प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य मुद्दों पर चर्चा कि बुक्सा जनजाति की कृषि भूमि पर अन्य गैर जनजाति व्यक्ति द्वारा खेती करने, वन्य अधिनियम के तहत हो रहे शोषण, जनमन योजना के तहत संबंधित विभागीय कार्य धरती आबा जनजातीय योजना के तहत मौलिक अधिकार, पीवीटीएस के तहत सड़क, पुल, सिंचाई संसाधन, ग्रामीण सड़क बहुउद्देशीय परियोजना आदि समस्याओं के साथ उत्तराखंड अनुसूचित जनजाति आरक्षण अनुसूची पांचवीं और छठी अनुसूची में जोड़ने के संबंध में भी चर्चा की। इस मौके पर योजना उपयोजना उत्तराखंड सरकार के सदस्य महेंद्र सिंह, आदिम जनजाति के अध्यक्ष गोविंद सिंह, खटोला पूर्व प्रधान एडवोकेट मुकेश सिंह राणा उपस्थित थे।



अपर सचिव योगेंद्र सिंह रावत से मुलाकात करते बुक्सा जनजाति समाज का प्रतिनिधिमंडल।

## सिटी ब्रीफ

### घर लौट रही 17 वर्षीय किशोरी लापता

**काशीपुर :** जसपुरखुर्द के बांसियोवाला शिव मंदिर क्षेत्र से एक 17 वर्षीय किशोरी के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने रामपुर निवासी एक युवक पर किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए आईटीआई कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।पीड़ित भाई के अनुसार, उसकी बहन 5 मार्च को बाजपुर से घर लौटते समय जसपुरखुर्द गैस गोदाम के पास से गायब हो गई। काफी तलाश के बाद भी उसका सुराग नहीं लगा। परिजनों ने जिला रामपुर के ग्राम चमरिया निवासी एक युवक पर अपहरण का शक जताया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

### मेहमानों से अभद्रता की महिला के कुंडल छीने

**बाजपुर :** ग्राम रानीनागल में होली के दिन मेहमानों के साथ मारपीट और अभद्रता का शर्मनाक मामला सामने आया है। पीड़ित अशोक कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 4 मार्च को उनके घर आ रहे मेहमानों को गांव के ही एक नशेड़ी युवक ने रास्ते में रोककर पीटा।आरोपी पीछा करते हुए घर तक घुस आया और विरोध करने पर अशोक की पत्नी के कान के कुंडल छीन लिए। आरोप है कि आरोपी के पिता और भाई ने भी साथियों संग मिलकर मेहमानों का रास्ता घेरा और जान से मारने की धमकी दी। ग्रामीणों के बीच-बचाव के बाद मेहमान सुरक्षित निकल सके। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ऑस्ट्रेलिया का वीजा दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी

**बाजपुर :** गदरपुर के ग्राम मंझराझुन्नी निवासी विकास कुमार से ऑस्ट्रेलिया का टूरिस्ट वीजा दिलाने के नाम पर लाखों रुपये हड़पने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने बाजपुर की एक ट्रैवल एजेंसी संचालक के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।आरोप है कि 14.50 लाख रुपये में सौदा तय हुआ था, जिसमें से पीड़ित ने एडवांस और टिकट के नाम पर कुल 2.10 लाख रुपये दिए। ऑनलाइन पोर्टल पर चेक करने पर वीजा किसी अन्य व्यक्ति के नाम मिला। धोखाधड़ी का पता चलने पर जब रुपये वापस मांगे गए, तो आरोपी ने महज 25 हजार लौटाए और बाकी रकम डकार गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पंजाब गए 70 वर्षीय बुजुर्ग रहस्यमय ढंग से लापता


बुजुर्ग सोहन सिंह।

**बाजपुर :** धार्मिक यात्रा पर श्री आनंदपुर साहिब (पंजाब) गए बाजपुर के ग्राम गंगापुर भजुवानगला निवासी 70 वर्षीय बुजुर्ग सोहन सिंह पिछले चार दिनों से लापता हैं। उनके पुत्र बंटी सिंह ने बताया कि पिता 3 मार्च की सुबह करीब 8 बजे आनंदपुर साहिब के पास से अचानक कहीं चले गए। काफी खोजबीन के बाद भी सोहन सिंह का कोई सुराग नहीं लग पाया है, जिससे परिजन गहरे सदमे और चिंता में हैं। पीड़ित परिवार ने पुलिस प्रशासन और आम जनता से उन्हें तलाशने में मदद की भावुक अपील की है। बुजुर्ग का हुलिया और जानकारी सोशल मीडिया पर भी साझा की जा रही है।

### महिला सम्मान समारोह का आयोजन कल होगा

**जसपुर :** राष्ट्रीय सेवा मंच द्वारा आगामी रविवार, 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर भव्य ''महिला सम्मान समारोह'' का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुभाष चौक स्थित दुल्हन पैलेस में दोपहर 2 बजे से होगा। मंच के अध्यक्ष निकेश अग्रवाल ने बताया कि समारोह का उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस और समाज सेवा जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में डॉ. शैलेंद्र मोहन सिंघल, भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज पाल और गायत्री देवी समेत कई गणमान्य अतिथि शिरकत करेंगे। आयोजन समिति ने बताया कि इस सम्मान से समाज की अन्य बेटियों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

### जसपुर से भाजपाइयों का हुजूम पहुंचेगा हरिद्वार

**जसपुर :** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के तीर्थ नगरी हरिद्वार के दौरे को लेकर स्थानीय भाजपा में जबरदस्त उत्साह है। क्षेत्र से हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए आज सुबह हरिद्वार रवाना होंगे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने हरिद्वार कूच करने की पूरी योजना बना ली है। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य खड़क सिंह चौहान ने बताया कि बसों एवं निजी वाहनों द्वारा पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शिरकत कर कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे।

# 250 किलो गौ मांस के साथ पांच आरोपी धरे

## गौवंश स्क्वायड ने की कार्रवाई, संदिग्ध दुकान की घेराबंदी की


गौवंश स्क्वायड की गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

**संवाददाता, जसपुर**

**अमृत विचार:** क्षेत्र में अवैध गौवंश कटान और मांस बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में गौवंश स्क्वायड टीम को शुक्रवार सुबह बड़ी सफलता हाथ लगी है। टीम ने ग्राम राजपुर में योजनाबद्ध तरीके से छापेमारी कर पांच आरोपियों को रंगे हाथों दबोचा, जिनके कब्जे से करीब 250 किलो (ढाई कुंतल) गौवंश का मांस बरामद हुआ है।

स्क्वायड प्रभारी पंकज बेलवाल को लंबे समय से सूचना मिल रही थी कि क्षेत्र में आवारा गौवंशों का कटान कर उनका मांस औने-पौने दामों पर बेचा जा रहा है। शुक्रवार सुबह ठीक 7:00 बजे, मुखबिर की सटीक सूचना पर टीम ने राजपुर स्थित एक संदिग्ध दुकान की घेराबंदी की। मौके से जमील अहमद, मोहम्मद अरमान, फहीम, वसीम और इकरार (सभी निवासी ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद) को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने आरोपियों के पास से मांस के अलावा तस्करी में प्रयुक्त एक थ्री-व्हीलर, एक मोटरसाइकिल और कटान के उपकरण जैसे चापड़, छुरी व कुल्हाड़ी भी जब्त की है। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने गुरुवार रात ही एक गौवंश का कटान किया था। पशु चिकित्सक द्वारा मांस की पुष्टि किए जाने के बाद पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है। इस सफल कार्रवाई में चौकी इंचार्ज संतोष देवरानी सहित पुलिस बल के कई जवान शामिल रहे।

## क्रिप्टो करेंसी के नाम पर 5 लाख ठगने वाले को पीटा

**काशीपुर:** नगर के जसपुर खुर्द क्षेत्र में शुक्रवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब ठगी के शिकार कुछ युवकों ने एक कार सवार युवक को बीच सड़क पर घेर लिया। इस दौरान जमकर हंगामा हुआ और कार का शीशा तोड़कर युवक के साथ मारपीट भी की गई। सूचना पर पहुंची कटोराताल चौकी पुलिस ने सभी पक्षों को हिरासत में ले लिया है।

सहारनपुर निवासी ओम कौशिक और देहरादून निवासी वंश जैन ने पुलिस को बताया कि ऋषिकेश के एक दोस्त के माध्यम से उनकी मुलाकात आदित्य नामक युवक से हुई थी। आदित्य ने उन्हें बाजार भाव से कम कीमत पर क्रिप्टो करेंसी दिलवाने का झांसा दिया। विश्वास में आकर पीड़ितों ने उसे 5 लाख रुपये दे दिए, जिसके बाद आदित्य मोबाइल बंद कर फरार हो गया।

पीड़ितों ने देहरादून के बसंत विहार थाने में तहरीर दी थी, लेकिन इसी बीच उन्हें पता चला कि आदित्य काशीपुर में किसी परिचित युवती के घर रुका हुआ है। शुक्रवार सुबह जैसे ही वह कार से निकला, घात लगाकर बैठे युवकों ने उसे दबोच लिया। फिलहाल पुलिस दोनों पक्षों से पूछताछ कर रही है और मामले की सच्चाई खंगालने में जुटी है।

# मकान के ताले तोड़कर लाखों का माल उड़ाया


बिखरा सामान दिखाते रिटायर शिक्षक भैरव दत्त कांडपाल। ● अमृत विचार

**संवाददाता, दिनेशपुर**

- **सिलेंडर छोड़कर भागे चोर, दिनेशपुर गया था रिटायर्ड शिक्षक**

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के अंतर्गत खटोला नंबर-2 स्थित पंत निवास में शुक्रवार सुबह चोरों ने दिनदहाड़े चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने बंद मकान का मुख्य गेट और तीन कमरों के ताले तोड़कर नकदी, जेवरात और कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। शोर मचने पर घबराए चोर रसोई का सिलेंडर बाहर ही छोड़कर फरार हो गए।

घटना सुबह करीब 11 बजे की है। मकान स्वामी कैलाश चंद्र पंत अपनी पत्नी के साथ पिथौरागढ़ गए हुए थे, जबकि किराएदार सेवानिवृत्त शिक्षक भैरव दत्त कांडपाल अपने निजी कार्य से दिनेशपुर गए थे। चोरों ने सूना घर देखकर अलमारी, तिजोरी और बक्सों के ताले तोड़ दिए। किराएदार के अनुसार, उनके संदूक से 40,000 की नकदी चोरी हुई है। पड़ोसियों को आहट होने पर जब उन्होंने शोर मचाया, तो चोर सामान समेटकर भाग निकले।

जिपंस प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह कोरंगा उर्फ नम्मू की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित शिक्षक ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर सौंपी है। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके।

## श्रद्धा और उल्लास के साथ शुरू हुआ 77वां जोड़ मेला

**काशीपुर:** कुंडा थाना क्षेत्र के ग्राम दुर्गापुर स्थित गुरुद्वारे में संत बाबा हिम्मत सिंह जी की पावन स्मृति में 77वें जोड़ मेले का भव्य आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को धार्मिक अनुष्ठानों के साथ मेले के मुख्य कार्यक्रमों का आगाज़ हुआ। बीते 4 मार्च से चल रहे अखंड पाठ का शुक्रवार सुबह विधि-विधान से भोग डाला गया, जिसके बाद रागी जत्थों ने मधुर कीर्तन और गुरुवाणी के गायन से उपस्थित संगत को भाव-विभोर कर दिया।

इससे पूर्व, गुरुवार को पंच प्यारों की अगुवाई में भव्य नगर कीर्तन निकाला गया था, जिसमें क्षेत्र की सैकड़ों संगत ने शिरकत की। शुक्रवार की रात्रि 9:30 बजे दूसरे दीवान की शुरुआत हुई। मेले में स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ-साथ दूर-दराज के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग दरबार साहिब में मत्था टेकने पहुंच रहे हैं।

मेला परिसर में बच्चों के खेल-खिलौनों और विभिन्न लजीज व्यंजनों के स्टॉल सजे हुए हैं, जहां ग्रामीण जमकर खरीदारी और आनंद उठा रहे हैं। तहसीलदार पंकज चंदोला ने बताया कि प्रशासन और पुलिस की टीम सुरक्षा व्यवस्था पर पैनी नजर रखे हुए है। यह आयोजन आगामी 8 मार्च तक जारी रहेगा।

# मकान खाली कराने को लेकर खूनी संघर्ष

**संवाददाता, काशीपुर**

- **भाई ने साथियों संग मिलकर की मारपीट**

**अमृत विचार:** कुमाऊं कॉलोनी (गड्ढा कॉलोनी) में मकान खाली कराने के विवाद को लेकर सगे भाई ने अपने साथियों के साथ मिलकर जमकर तांडव मचाया। घटना 24 फरवरी की शाम की है, जब मंगली सिंह के घर उनका भाई सूरज चौहान (निवासी ठाकुरद्वारा) तीन अन्य साथियों—सूरज सैन, हरविंदर सिंह और डॉ. मुनेश के साथ पहुंचा।

आरोपियों ने दावा किया कि उन्होंने मकान खरीद लिया है और इसे तुरंत खाली करने का दबाव बनाया। जब मंगली सिंह ने विरोध करते हुए कहा कि मामला अभी कोर्ट में विचाराधीन है, तो आरोपियों ने उनके और परिजनों के साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित के अनुसार, हमले में उन्हें चोटें आई हैं और उनकी पत्नी के साथ भी अभद्रता की गई।

शोर सुनकर आए पड़ोसियों ने बीच-बचाव कराया, जिसके बाद हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने मंगली सिंह की तहरीर पर चारों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सीसी रोड का शिलान्यास किया

- **160 मीटर तक सीसी रोड 8 लाख रुपये की लागत से बनेगी**

**संवाददाता, बाजपुर**


सीसी रोड का शिलान्यास करते जिला पंचायत सदस्य सोनू शर्मा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र शर्मा उर्फ सोनू शर्मा द्वारा ग्राम टांडा डालचंद प्रधान लवकुश शर्मा के साथ संयुक्त रूप से जिला पंचायत मद द्वारा निर्मित होने वाली 160 मीटर सीसी रोड का ग्राम टांडा डालचंद में शिलान्यास किया, जिला पंचायत सदस्य सोनू शर्मा द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि ग्राम टांडा डालचंद में देवी स्थान से पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य सतीश शर्मा के घर तक 160 मीटर तक सीसी रोड जिसका अनुमानित लागत लगभग 8 लाख रुपए है,जिसका निर्माण जनहित में किया जा रहा है इसके अतिरिक्त 8 सोलर लाइट भी ग्राम पंचायत को आवंटित की गई है,सोनू शर्मा द्वारा कहा गया कि उनके द्वारा क्षेत्र में अविरल विकास की गंगा बहाई जा रही है,इसी क्रम के यह कार्य किए जा रहे है भविष्य में भी जनसमस्याओं के लिए वह सदैव तैयार खड़े है, इस मौके पर ग्राम प्रधान लवकुश शर्मा वरिष्ठ कांग्रेसी नेता समीर पाठक, रोहित शर्मा सोरन सिंह अभयराज शर्मा उदयराज शर्मा , हरिशंकर फूल सिंह यादव, लाखन दिवाकर आदि मौजूद रहे।

# छात्रा ने संदिग्ध हालात में फांसी लगाकर दी जान

**संवाददाता, किच्छा**

- **परिजनों में मचा कोहराम, आत्महत्या का कारण अज्ञात**

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नंबर 2, सुनेहरा फॉर्म बंगाली कॉलोनी में एक 15 वर्षीय नाबालिग छात्रा ने फांसी लगाकर जान दे दी। इस घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है और पीड़ित परिवार में मातम पसरा हुआ है।

जानकारी के अनुसार, छात्रा ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर के कमरे में फंदा लगा लिया। जब परिजन कमरे में पहुंचे, तो उसका शव लटका देख उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। आनन-फानन में छात्रा को फंदे से नीचे उतारा गया, लेकिन तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने घर में किसी भी तरह के मानसिक तनाव या पारिवारिक दबाव की बात से साफ इनकार किया है, जिससे आत्महत्या के कारण और भी रहस्यमयी हो गए हैं। पुलिस ने मामले की गहनता से जांच शुरू कर दी है ताकि इस आत्मघाती कदम के पीछे की असल वजह सामने आ सके।

## कुमाऊं

# बैराज क्षेत्र में नहीं लगेंगी दुकानें

**संवाददाता, बनबसा**


निरीक्षण करते टनकपुर पावर स्टेशन के प्रभारी महाप्रबंधक ऋषि रंजन आर्य।

**अमृत विचार:** टनकपुर पावर स्टेशन के बैराज क्षेत्र के समीप दाएं फ्लेक्स के पास दुकानों को लगाए जाने को लेकर चल रहे विवाद पर टनकपुर पावर स्टेशन के प्रभारी महाप्रबंधक ऋषि रंजन आर्य ने स्पष्ट किया कि बैराज की सुरक्षा को देखते हुए इस क्षेत्र में किसी भी कीमत पर दुकानें लगाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। उन्होंने कहा कि बैराज जैसे संवेदनशील स्थल पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है।

टनकपुर पावर स्टेशन के विश्रामगृह में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि बैराज की बाढ़बंदी के बाहर लगभग 200 मीटर की दूरी पर दुकानों को लगाने की व्यवस्था की जा सकती है। इसके लिए पावर स्टेशन प्रशासन की ओर से आवश्यक सहयोग भी दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि बैराज के संवेदनशील क्षेत्र में अतिक्रमण कर बनाई गई दुकानों को हटाने के मामले में पावर स्टेशन को बेवजह विवाद में घसीटा जा रहा है, जबकि पावर स्टेशन द्वारा उठाए गए सभी कदम मुख्यालय के निर्देशों और नियमों के तहत ही किए गए हैं। उन्होंने बताया कि टनकपुर पावर स्टेशन क्षेत्र के विकास में भी योगदान दे रहा है। चूका में लगभग ढाई करोड़ रुपये की लागत से 30 कमरों का यात्री विश्रामगृह बनाया गया है। एक करोड़ रुपये की लागत से पावर स्टेशन गेट से पाटनी तिराहे तक सड़क का निर्माण कराया गया है।

# दुकानों की अनुमति नहीं मिलने पर आक्रोश

**संवाददाता, टनकपुर**


टनकपुर बैराज के पास प्रदर्शन करते दुकानदार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** पूर्णागिरि मेला अवधि में शारदा बैराज क्षेत्र में अस्थायी दुकानें लगाने की अनुमति न मिलने से नाराज स्थानीय दुकानदारों और नागरिकों ने क्रशर रोड के पास एनएचपीसी के महाप्रबंधक का पुतला फूंककर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में दुकानदार शामिल हुए।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि 27 फरवरी से पूर्णागिरि मेला शुरू हो चुका है, लेकिन अब तक अस्थायी दुकानों को लगाने की अनुमति नहीं दी गई है, जिससे छोटे व्यापारियों की आजीविका प्रभावित हो रही है। उनका कहना है कि शारदा बैराज पुल बनने के बाद से हर वर्ष मेला अवधि में यहां अस्थायी दुकानें लगती रही हैं, लेकिन इस बार एनएचपीसी की ओर से अनुमति नहीं दी जा रही है। पुतला दहन के बाद प्रदर्शनकारियों ने शारदा बैराज के किनारे बैरियर के पास भूख हड़ताल भी शुरू कर दी। टनकपुर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों और सामाजिक कार्यकर्ता दीप चंद्र पाठक ने भी आंदोलन को समर्थन देते हुए कहा कि दुकानदारों की मांग को लेकर प्रशासन से लगातार वार्ता की जा रही है, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकला है। वहीं टनकपुर पावर स्टेशन के प्रभारी महाप्रबंधक ऋषि रंजन ने कहा कि बैराज क्षेत्र संवेदनशील होने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से वहां दुकानों को अनुमति नहीं दी जा सकती। उन्होंने बताया कि बाढ़बंदी से लगभग 200 मीटर दूर दुकानें लगाने की व्यवस्था की जा सकती है। धरना प्रदर्शन में भावना गंगवार, रचना गंगवार, शंकर लाल, ममता, सोनू, अंशु, राधा, सोनू, किरण, राजकुमारी, पूनम, चंपा देवी, खुशबू कश्यप, आशीष, आयु देवी, सुशील देवी, ममता देवी, प्रिया कश्यप, सुमन, सरिता, गीता, लक्ष्मी, शकुंतला, सोमवती, गीता, धर्मेंद्र, अभिषेक, आकाश, राम ललित, शिबिन बाबू, दिनेश, विरेंद्र शाह, अशोक, भुवन, भोल्या, आकाश, अनिरुद्ध, लीला देवी, प्रेमा दयारी, हरगोविंद आदि शामिल रहे।

## आस्था

**40 हजार श्रद्धालुओं ने किए दर्शन, नेपाल के सिद्धबाबा मंदिर भी पहुंचे श्रद्धालु**

# बार्डर खुलते ही पूर्णागिरि धाम में उमड़ी भीड़

**संवाददाता, टनकपुर**


मां पूर्णागिरि धाम के दर्शन को पहुंचे श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** शुक्रवार को मां पूर्णागिरि धाम में 40 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन कर पुण्य लाभ कमाया। 27 फरवरी को मेला शुरू होने के बाद श्रद्धालुओं की इतनी बड़ी तादात पहली बार पहुंची है। श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला गुरुवार की शाम से ही शुरू हो गया था। शुक्रवार सुबह भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। पूणागिरि के दर्शन के बाद श्रद्धालु नेपाल के महेंद्र नगर व ब्रह्मदेव मंडी स्थित सिद्धबाबा के दर्शन के लिए पहुंचे।

नेपाल में चुनाव को लेकर पिछले 72 घंटे तक टनकपुर व बनबसा बैराज से लगी भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा सील होने के कारण श्रद्धालुओं की संख्या में कमी आ गई थी। गुरुवार की रात मध्य रात्रि में सीमा खुलते ही श्रद्धालुओं की संख्या में भी अचानक तेजी आ गई। भीड़ बढ़ने से व्यापारियों ने राहत की सांस ली। नेपाल में चुनाव के चलते भारत-नेपाल सीमा सील होने से श्रद्धालु टनकपुर शारदा बैराज से ब्रह्मदेव नहीं जा पा रहे थे, जिसके कारण उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के विभिन्न जिलों से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में भी कमी आ गई। शुक्रवार सुबह से ही बैराज से श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो गई। सुरक्षा की दृष्टि से पूर्णागिरि में पुलिस को कई स्थानों पर बैरिकेटिंग लगानी पड़ी, जिससे श्रद्धालुओं को मुख्य मंदिर तक पहुंचने में कई घंटे लग गए।

### कई बार लगा जाम

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण शुक्रवार को पूर्णागिरि मार्ग के उचौलीगोठ-बूम पार्किंग स्थल में वाहनों को खड़ा करने के लिए जगह नहीं मिल पाई। सुबह से ही बसों को नायकगोठ पैराग्लाइडिंग फील्ड के पास रोक दिया गया। कई बसों के श्रद्धालु पैदल ही पूर्णागिरि धाम को रवाना हुए तो कई श्रद्धालु मैक्स व अन्य साधनों से पूर्णागिरि धाम पहुंचे।

# स्वतंत्रता सेनानी आश्रितों की समस्याएं हल हों

**संवाददाता, बागेश्वर**



बैठक लेतीं जिलाधिकारी आकांक्षा कोंड़े। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंड़े ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों की समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित लंबित प्रकरणों और मुद्दों की समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान पिछली बैठक के कार्यवृत्त के अनुपालन की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने जिन प्रकरणों का निस्तारण लंबित है, उन्हें शीघ्रता से निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आज हम जिस स्वतंत्र वातावरण में कार्य कर रहे हैं, उसका श्रेय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और उनके परिवारों को जाता है। ऐसे में उनके आश्रितों से जुड़े मामलों का निस्तारण पूर्ण संवेदनशीलता और प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का एक सप्ताह के भीतर अनिवार्य रूप से निस्तारण कर अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करें। बैठक में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के उत्तराधिकारियों ने अपनी समस्याएं और सुझाव जिलाधिकारी के समक्ष रखे। बैठक में अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुमार आदित्य तिवारी, सीईओ (शिक्षा) विनय कुमार आर्या मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### अनुज ने हासिल की 69वीं रैंक

**देहरादून :** संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में चम्पावत के बाराकोट विकासखंड के झूलापे गांव निवासी अनुज पंत ने 69वीं रैंक हासिल की है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अनुज पंत से दूरभाष पर वार्ता कर उन्हें हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि संघ लोक सेवा आयोग जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त करना अत्यंत गौरव की बात है। सीएम ने कहा कि, प्रदेश सरकार युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है, ताकि प्रदेश की प्रतिभाएं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी क्षमता का परचम लहरा सकें।

### पहले ही दिन सवा लाख लोगों का पंजीकरण

**देहरादून :** चार धाम यात्रा के लिए राज्य सरकार ने शुक्रवार से तीर्थयात्रियों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुरू कर दिए हैं। पहले ही दिन चारों धामों में दर्शनों के लिए शाम 5 बजे तक देश, विदेश के 1 लाख 24 हजार 89 यात्रियों के पंजीकरण हुए हैं। कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने इस बार भी रिकॉर्ड श्रद्धालुओं के आने की संभावना व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि चारधाम यात्रा इस वर्ष 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर शुरू होने वाली है। इसके दृष्टिगत यात्रियों के पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। वर्ष 2025 में 56.31 लाख श्रद्धालुओं ने चार धाम के दर्शन किए थे।

### वाहन खाई में गिरा चालक की मौत

**पिथौरागढ़ :** पिथौरागढ़ में गुरना के पास शुक्रवार को एक टिप्पर के खाई में गिरने से चालक की मौत हो गई। एसडीआरएफ और एंचोली चौकी पुलिस ने घटनास्थल पर संयुक्त रूप से राहत और बचाव कार्य चलाया। चालक की मौके पर ही मौत होने के चलते शव को खाई से बाहर निकाला गया। शव की पहचान केशव सिंह बोरा निवासी ग्राम दुंगा टोली, पिथौरागढ़ के रूप में हुई। बताया गया कि केशव टिप्पर वाहन में गिट्टी भरकर लोहाघाट गया था। वापस लौटते वक्त यह हादसा हो गया।

### महिला दिवस पर कल होगा खेलों का आयोजन

**चम्पावत :** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर "अस्मिता" खेल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम चम्पावत के लोहाघाट स्टेडियम (छमनिया) में प्रातः 11 बजे शुरू होगा। आयोजन का उद्देश्य खेलों के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाना व उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करना है।

**प्रदेश कोर कमेटी बैठक में सरकार और संगठन के साथ 27 के चुनाव पर होगा मंथन**

# शाह का मार्गदर्शन भरेगा सरकार-संगठन में जोश

- आज देवभूमि हरिद्वार पहुंचेंगे केन्द्रीय गृह मंत्री अमित साह
- गृहमंत्री की जनसभा को लेकर प्रदेश में उत्साह का माहौल

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का आज देवभूमि हरिद्वार में आगमन और मार्गदर्शन सरकार के प्रयासों और संगठन की कर्मठता में नया जोश भरेगा। शाह विविध कार्यक्रमों में प्रतिभाग करेंगे। साथ ही, पार्टी प्रदेश कोर कमेटी की बैठक में सरकार और संगठन पर चर्चा के साथ 2027 के चुनाव की दृष्टि में शाह का महत्वपूर्ण रणनैतिक जीत का मंत्र कार्यकर्ताओं से लेकर पदाधिकारियों को मिलेगा।

उत्तराखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि, हरिद्वार में होने वाली गृहमंत्री की जनसभा को लेकर प्रदेश में उत्साह का माहौल है। केंद्र एवं राज्य की डबल इंजन सरकार ने इन चार वर्षों में चौगुनी गति से प्रदेश का विकास किया है। जिस तरह के आंकड़े ताजा आर्थिक सर्वेक्षण में भी सामने आए हैं, वह इसकी पूरी तरह तस्दीक करते हैं। प्रति व्यक्ति आय, सकल घरेलू उत्पाद, विकास दर, पर्यटन व्यवसाय और रोजगार दायरे में ऊंची छलांग हमने लगाई है। सरकार संगठन ही नहीं समस्त प्रदेशवासियों के लिए 4 साल की यह पूर्णता उत्सव मनाने जैसा है।



### देवभूमि में 5 घंटे रहेंगे अमित शाह

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शनिवार दोपहर 12:15 बजे जौलीग्रांट एयरपोर्ट से प्रस्थान कर 12:30 बजे हेलीपैड गुरुकुल कांगड़ी, हरिद्वार पहुंचेंगे। 12:40 बजे हेलीपैड गुरुकुल कांगड़ी, हरिद्वार से बैरागी कैंप, हरिद्वार पहुंचेंगे। 12:40 बजे से 1:55 बजे तक बैरागी कैंप में जनसभा को संबोधित करेंगे। 2:00 बजे से 2:30 बजे तक उनका समय आरक्षित रहेगा तथा 2:30 बजे से 3:00 बजे तक बैरागी कैंप में ही नूतन न्याय संहिता पर राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन व अवलोकन करेंगे। 3:00 बजे से 3:30 बजे तक बैरागी कैंप में उत्तराखंड सरकार की विकास प्रदर्शनी का उद्घाटन व अवलोकन करेंगे। 3:30 बजे बैरागी कैंप से प्रस्थान कर 3:40 बजे निजी होटल पहुंचेंगे जहां 3:40 बजे से 4:40 बजे तक बैठक में प्रतिभा करेंगे। शाम 4:45 बजे होटल से जौलीग्रांट एयरपोर्ट, देहरादून के लिए प्रस्थान करेंगे।

# जल स्रोतों के पुनर्जीवन पर जोर

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** मुख्य सचिव (सीएस) आनंद बर्धन की अध्यक्षता में स्प्रिंग एंड रिवर रिजुवनेशन अथॉरिटी (सारा) की उच्चाधिकार प्राप्त समिति की बैठक में प्रदेश में जल संरक्षण और पारंपरिक स्रोतों के पुनर्जीवन पर जोर दिया गया।

बैठक में विश्व बैंक पोषित जलागम विकास, जल निकायों के पुनर्जीवन, वृक्षारोपण, पारंपरिक नौलों-धारों के संरक्षण तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति और भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। देहरादून की सोंग नदी तथा उत्तरकाशी की कमल नदी से संबंधित दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा करने के साथ सारा की पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गई।

मुख्य सचिव ने निर्देशित किया कि सारा की बैठकें नियमित अंतराल पर आयोजित की जाएं तथा वाटर रिचार्ज, वनीकरण और पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण से जुड़े कार्यों की गति तेज की जाए। उन्होंने सभी जनपदों को निर्देश दिए कि पौराणिक और पारंपरिक नौलों-धारों का चिन्हीकरण कर उनकी नैसर्गिक संरचना को सुरक्षित रखते हुए वैज्ञानिक तरीकों से आवश्यक उपचार किया जाए, ताकि उनकी प्राकृतिकता बनी रहे और पारिस्थितिकी तंत्र पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। निर्देश दिए कि वन क्षेत्रों में कैंपा फंड से कन्वर्जेंस करते हुए जल संरक्षण से जुड़े कार्यों को संपादित करें।

### 187.11 करोड़ की वार्षिक कार्ययोजना मंजूर



मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में शुक्रवार को उत्तराखंड जलवायु अनुकूल बारानी कृषि परियोजना की हाई पावर कमेटी की बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 187.11 करोड़ रुपये की वार्षिक कार्ययोजना को अनुमोदित किया गया। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि परियोजना के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए ग्राम स्तर पर स्थानीय जरूरतों के अनुरूप योजनाएं तैयार करें ताकि ग्रामीणों को परियोजना का अधिकतम लाभ मिल सके। जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों को देखते हुए परियोजना के माध्यम से बारानी कृषि को अधिक सक्षम और टिकाऊ बनाया जाना आवश्यक है।

# विश्वभर में पर्यटन व खेलों का प्रमुख केंद्र बनेगी टिहरी झील: सीएम

**मुख्यमंत्री धामी ने किया टिहरी लेक फेस्टिवल का भव्य शुभारंभ, युवाओं से सामर्थ्य व परिश्रम से नए अवसरों का सृजन करने की अपील की**

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** पर्यटन-साहसिक खेल के साथ ही पर्यावरण और संस्कृति के स्पष्ट संदेश के बीच 9 मार्च तक चलने वाले 'हिमालयन 0.2 द टिहरी लेक फेस्टिवल' का शुक्रवार को आगाज हो गया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसका उद्घाटन करते हुए विश्वास जताया कि सुंदर टिहरी झील आने वाले समय में देश ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व में साहसिक खेलों और पर्यटन का एक प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि देवभूमि उत्तराखंड की पावन धरा आध्यात्मिकता और लोक संस्कृति का अद्भुत संगम रही है। हमारी नदियां, पर्वत, झीलें और परंपराएं पूरे विश्व को आकर्षित करती रही हैं। आज उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए टिहरी झील के किनारे आयोजित ये महोत्सव पर्यटन, खेल और स्थानीय संस्कृति तीनों को एक मंच पर लाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। कहा कि, हिमालय की गोद में बसी टिहरी झील प्राकृतिक सौंदर्य का अद्भुत उदाहरण होने के साथ-साथ साहसिक खेलों के आयोजन स्थल के रूप में तेजी से उभर रही है। यहां आयोजित होने वाली राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न जल क्रीड़ा प्रतियोगिताएं न केवल खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दे रही हैं, बल्कि उत्तराखंड को वैश्विक खेल मानचित्र पर एक नई पहचान दिलाने का काम भी कर रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि टिहरी को वाटर स्पोर्ट्स और एडवेंचर स्पोर्ट्स के एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित किया जाए। इसके लिए टिहरी झील में कयाकिंग, कैनोइंग, जेट-स्की, पैरा-सेलिंग, स्कूबा डाइविंग और अन्य साहसिक गतिविधियों को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। यहां आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। टिहरी झील के आसपास विकसित हो रहा यह खेल और पर्यटन तंत्र स्थानीय लोगों के लिए स्वरोजगार के नए अवसर पैदा कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि, हमारी सरकार का प्रयास है कि हमारे युवा केवल अवसरों की प्रतीक्षा न करें, बल्कि अपने सामर्थ्य और परिश्रम से नए अवसरों का सृजन भी करें। आज टिहरी में 400 से अधिक युवा पैराग्लाइडिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि ये युवा भविष्य में उत्तराखंड को वैश्विक पैराग्लाइडिंग मानचित्र पर स्थापित करेंगे।



हिमालयन 0.2 द टिहरी लेक फेस्टिवल' का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

### पीएम मोदी का भावनात्मक लगाव जगजाहिर

सीएम धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उत्तराखंड से भावनात्मक लगाव जगजाहिर है और उन्होंने स्वयं यहां आकर हमें प्रेरित और प्रोत्साहित किया है। सीएम ने पर्यटन और साहसिक खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार के प्रयासों का खास जिक्र किया। उन्होंने आदि कैलाश में राज्य की पहली हाई-एल्टीट्यूड मैराथन, माणा में एमटीबी चैलेंज, एशियन ओपन शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग ट्रॉफी जैसे बडे.स्तर के आयोजनों की चर्चा की।

## टिहरी झील में सीएम ने की जेट स्की

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** लाइफ जैकेट पहने सीएम पुष्कर सिंह धामी शुक्रवार को जब टिहरी झील के करीब पहुंचे, तो उनके पास दो विकल्प थे। या तो वह अपने मंत्रिमंडल के सहयोगी सुबोध उनियाल और अपने विधायक साथियों के साथ पहले बोटिंग करते या फिर एक गाइड के साथ अकेले ही जेट स्की का आनंद लेने निकल पड़ते। उन्होंने जेट स्की पर हाथ आजमाना चुना और निकल पडे. रोमांच के सफर पर। हालांकि बाद में उन्होंने बोटिंग भी की।

टिहरी लेक फेस्टिवल का विधिवत उद्घाटन करने के बाद शुक्रवार को सीएम धामी ने कोटी कालोनी में लगे तमाम स्टॉल का निरीक्षण किया। उन्होंने आईटीबीपी के जवानों से भी मुलाकात की। इसके बाद वह टिहरी झील की तरफ चले गए और एक-एक गतिविधि का हिस्सा बनकर फेस्टिवल का प्रमोशन किया। बोटिंग में उनके साथ कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, विधायक किशोर उपाध्याय, विनोद कंडारी, शक्तिलाल शाह आदि रहे। कोटी कालोनी स्थित आयोजन स्थल पर सीएम धामी ने पहाड़ी व्यंजनों का लुत्फ भी उठाया। यहां महिलाओं की रामलीला समिति ने आकर्षक स्टॉल लगाया है जिसे पहाड़ी घर नाम दिया गया है। सीएम ने यहां पहुंचकर पहाड़ी व्यंजन का आनंद लिया।



टिहरी झील में जेट स्की का आनंद लेते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

### चार साल बाद टूटा गतिरोध, बढ़ा मेजबानी का दायरा

**टिहरी :** इस बार का टिहरी लेक फेस्टिवल कई मायनों में खास है। सबसे खास बात चार वर्षों से चले आ रहे गतिरोध के टूटने से जुड़ी है। कोविड-19 की वजह से इस आयोजन पर ग्रहण लग गया था। मगर राज्य सरकार ने ठानी तो इस बार गतिरोध टूट गया। एक और अहम बात काबिलेगौर है। इस बार सिर्फ टिहरी शहर ही इस आयोजन का मेजबान नहीं है, बल्कि मेजबानी का दायरा कई अन्य शहरों तक फैल गया है। यह पहली बार हो रहा है कि नरेंद्रनगर, घनसाली, प्रतापनगर, धनोल्टी और देवप्रयाग जैसे स्थान भी इस आयोजन की मेजबानी कर रहे हैं। दरअसल, सरकार बडे.आयोजनों को किसी एक जगह पर केंद्रित न रखकर उसे विभिन्न स्थानों पर आयोजित करा रही है।

> टिहरी उत्तराखंड का ऐसा जिला है, जो पर्यटन के क्षेत्र में व्यापक संभावनाएं समेटे हुए हैं। टिहरी झील का आकर्षण तो जगजाहिर है। देश-दुनिया के लोग यहां पर खिंचे चले आ रहे हैं। सरकार यहां पर सुविधाओं का लगातार विस्तार कर रही है ताकि टिहरी पर्यटन के मानचित्र पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर पाए। **-पुष्कर सिंह धामी**, मुख्यमंत्री

## धामी के नेतृत्व में ग्रामीण शिक्षा को मिली मजबूती

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है।

विद्यालयी शिक्षा विभाग द्वारा चम्पावत की तहसील लोहाघाट के अंतर्गत राज्य सरकार की भूमि पर संचालित 16 राजकीय प्राथमिक विद्यालयों के लिए भूमि अभिलेखों में हस्तांतरण की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह हस्तांतरण लोक प्रयोजन के अंतर्गत विद्यालयी शिक्षा विभाग, उत्तराखंड शासन के नाम किया गया है। शासन द्वारा निर्धारित शर्तों एवं प्रावधानों के अनुरूप यह निर्णय लिया गया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यालयों की आधारभूत संरचना को स्थायित्व मिलेगा और शिक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने में सहायता मिलेगी।

यह निर्णय जिलाधिकारी मनीष कुमार के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा प्रस्तुत आख्या के आधार पर लिया गया है। यह पहल दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की बेहतर सुविधाएं देने और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। स्वीकृति प्राप्त विद्यालयों में राजकीय प्राथमिक विद्यालय निडिल, बडोली, असलाड़, कोटसारी, रौशाल, डैसली, नगरुघाट, दसलेख, ठांटा, पीपलखान, बटोली, नरसों, राइकोट कुंवर, खड़नौला, मटियाल तथा कुण्डीमारा शामिल हैं।

## काकड़ का शिकार करने पर 14 गिरफ्तार

**रुद्रप्रयाग :** रुद्रप्रयाग में बच्छणस्यूं पट्टी के क्वाली गांव में काकड़ (बार्किंग हिरण) का शिकार करने और उसका मांस पकाकर खाने के आरोप में वन विभाग ने 14 लोगों को गिरफ्तार किया है।

वन विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि गांव के कुछ लोगों ने जंगल में काकड़ का शिकार किया है। इस आधार पर वन क्षेत्र अधिकारी संजय सिंह के नेतृत्व में विभागीय टीम ने गांव में छापेमारी कर 14 लोगों को हिरासत में ले लिया। वन विभाग ने आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। डीएफओ रजत सुमन ने शुक्रवार को बताया कि संरक्षित वन्यजीवों के शिकार या अवैध गतिविधियों में लिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्व सैनिकों ने कई मुद्दों पर की चर्चा



अल्मोड़ा में उत्तराखंड पूर्व सैनिक लीग की बैठक में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** उत्तराखंड पूर्व सैनिक लीग की शुक्रवार को मासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में नगर समेत पूर्व सैनिकों की तमाम समस्याओं पर चर्चा हुई। वहीं, शासन प्रशासन से समस्याओं के समाधान की मांग उठाई।

नगर के कहचरी बाजार स्थित लीग कार्यालय में आयोजित बैठक में पूर्व सैनिकों ने संगठन से जुड़े विभिन्न मुद्दों और गतिविधियों पर चर्चा की गई। बैठक में पूर्व सैनिकों के हितों से जुड़े कई अहम प्रस्ताव पारित किए गए। संगठन को और मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। पदाधिकारियों और सदस्यों ने संगठन की कार्यप्रणाली, अनुशासन और आगामी कार्यक्रमों को लेकर विचार-विमर्श किया।

साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि जिले के पूर्व सैनिकों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाया जाएगा और उनके समाधान के लिए संबंधित विभागों से समन्वय किया जाएगा। सभी ने संगठन की एकता और मजबूती के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया। यहां अध्यक्ष डीसी तिवारी, मोहन सिंह, पूरन चंद्र, रतन जोशी, आशीष वर्मा, रघुवीर सिंह, नरेंद्र सिंह रहे।

## अल्मोड़ा में स्मैक के साथ दो आरोपी युवक गिरफ्तार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** एसएसपी चंद्रशेखर घोड़के के निर्देशन में ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के तहत पुलिस का जिलेभर में चेकिंग अभियान जारी है। अल्मोड़ा पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान बेस तिराहा के पास दो युवको को स्मैक के साथ दबोच लिया। युवको के कब्जे से 16.08 ग्राम स्मैक बरामद की। इसके बाद पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई की है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार अल्मोड़ा पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने लोअर मालरोड के पास चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बेस तिराहा के पास मोटर साईकिल संख्या यूके 04 एपी 5711 को रोका गया। तलाशी लेने पर वाहन में सवार गौरव बिष्ट पुत्र बलवंत सिंह, निवासी सरकार की आली, खोल्टा और सौरभ भण्डारी पुत्र गणेश भण्डारी, निवासी न्यू इंद्रा कॉलोनी खत्याड़ी अल्मोड़ा के कब्जे से 16.08 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की गई।

बरामद स्मैक की कीमत करीब 4.82 लाख रुपये आंकी गई। पुलिस ने मौके पर स्मैक को सील कर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर युवक को गिरफ्तार किया। टीम में एसआई आनंद बल्लभ कश्मीरा, कांस्टेबल राजेश भट्ट, गणेश दत्त पांडे आदि मौजूद रहे।

**दिक्कत** | **अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट के अवकाश पर होने से व्यवस्था चरमराई**

# बेस में अल्ट्रासाउंड जांच ठप, मरीज परेशान

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** मेडिकल कॉलेज के अधीन बेस अस्पताल में अल्ट्रासाउंड व्यवस्था चरमा गई है। शुक्रवार को अल्ट्रासाउंड नहीं होने से मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दूरस्थ्य क्षेत्रों से पहुंचे मरीजों को बिना अल्ट्रासाउंड कराए ही वापस लौटना पड़ा।

दरअसल, बेस अस्पताल में एक रेडियोलॉजिस्ट तैनात है। लेकिन रेडियोलॉजिस्ट इन दिनों अवकाश पर गए हुए है। इससे अब अल्ट्रासाउंड जांचें नहीं हो पा रही हैं। इस कारण पिछले दो दिन से अल्ट्रासाउंड नहीं हो रहे है। अल्ट्रासाउंड नहीं होने से मरीजों को मायूस होकर वापस लौटना पड़ रहा है। जबकि नगर के केवल जिला अस्पताल में ही जांच होने से लोड काफी बढ़ गया है। काफी अधिक संख्या में मरीज अल्ट्रासाउंड के लिए पहुंच रहे हैं। इस कारण मरीजों को जांच के लिए घंटों तक इंतजार करना पड़ रहा है। दूर दराज के क्षेत्रों से आए लोगों को काफी दिक्कतों से जूझना पड़ रहा है। वहीं, कई मरीजों को निजी अस्पताल की दौड़ लगानी पड़ी।



अल्मोड़ा जिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड को पहुंचे मरीज। ● अमृत विचार

### हर दिन पहुंचते हैं 50 से अधिक मरीज

जिला अस्पताल में रोजाना 50 से अधिक मरीज अल्ट्रासाउंड जांच के लिए पहुंचते हैं। सोमवार को भी काफी संख्या में लोग अल्ट्रासाउंड के लिए पहुंचे, लेकिन रेडियोलॉजिस्ट के नहीं होने से उन्हें मायूस होकर वापस लौटना पड़ा।

> अस्पताल में तैनात एक रेडियोलॉजिस्ट इन दिनों अवकाश पर हैं। इस कारण अल्ट्रासाउंड नहीं हो पा रहे हैं। रेडियोलॉजिस्ट के वापस आने के बाद फिर से अल्ट्रासाउंड शुरू हो जाएंगे। **-डॉ. सीपी भैसोड़ा**, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज अल्मोड़ा

## घुरसों वन पंचायत के जंगल में धधकी आग

**अल्मोड़ाः** हवालबाग की घुरसों वन पंचायत क्षेत्र में शुक्रवार को जंगल में आग लग गई। सुबह के समय भड़की आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और गांव की आबादी की ओर बढ़ने लगी।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सूचना पर फायर सर्विस की टीम मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने में जुट गई। सूखी पिरुल और पत्तियों के कारण आग तेजी से फैल रही थी, जिससे आग पर नियंत्रण पाना कठिन हो गया। फायर टीम ने कड़ी मशक्कत से गांव की दिशा में बढ़ रही आग को रोकने में सफलता पाई। हवा चलने के कारण राहत कार्यों में बाधा भी आई। यहां आग बुझाने वालों में एफएस हरि सिंह, दीपक मार्छाल, डब्लूएफएम इंदु और मोनिका शामिल रहे।

# 400 महिलाओं का किया सम्मान

संवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचारः** नगर के शिव मंदिर सभागार में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम के अंतर्गत महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रम संविदा बोर्ड के अध्यक्ष कैलाश पंत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बन रही हैं। उन्होंने कहा कि पहले की तुलना में आज महिलाएं अधिक सशक्त होकर समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

प्रदेश मंत्री भाजपा महिला मोर्चा विमला रावत ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम, लखपति दीदी सहित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए महिलाओं को इनसे जुड़कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। समारोह में करीब 400 महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व कैंट बोर्ड उपाध्यक्ष मोहन नेगी, दीप भगत, धन सिंह रावत, जगदीश अग्रवाल, प्रकाश पंत, मदन कुवार्बी, मदन असवाल, संजय पंत, चंदन भगत, गिरीश भगत, खजान जोशी, खजान पांडे, हंसा दत्त बवाड़ी, शोभा पंत, देवकी, रेखा आर्या, भारती जलाल, सुनीता डाबर, वीरांगना साह, मीना वर्मा, ललिता बिष्ट, माया नैनवाल सहित ब्रह्मकुमारी संस्था की सदस्य उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में कई वक्ताओं ने अपने विचार रखे, जबकि संचालन विमला रावत ने किया।



रानीखेत में महिला सम्मान समारोह में मौजूद अतिथिगण। ● अमृत विचार



समय के साथ हम अक्सर जिस चीज से डरते हैं, उससे ही नफरत करने लगते हैं।

–शेक्सपियर, अंग्रेजी नाटककार

## संतुलित कूटनीति ही सही

भारत से लौटते ईरानी युद्धपोत को अमेरिका द्वारा लंका के निकट हिंद महासागर में मार गिराना हो या ईरान द्वारा कथित रूप से अल्बानिया पर हमला, ऐसी खबरों ने यह आशंका गहरी कर दी है कि यह संघर्ष क्षेत्रीय नहीं, बल्कि वैश्विक संकट बन सकता है। जब किसी क्षेत्रीय संघर्ष में बड़ी शक्तियां प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से शामिल हो जाती हैं, तो उसका दायरा तेजी से बढ़ने लगता है। ईरान और अमेरिका के बीच बढता सैन्य टकराव वैश्विक ऊर्जा बाजार, समुद्री व्यापार मार्गों और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित करेगा। अमेरिकी राजनीति में लंबे समय से यह धारणा रही है कि ईरान की वर्तमान इस्लामी व्यवस्था उसके हितों के अनुकूल नहीं है। डोनाल्ड ट्रंप जैसे नेताओं ने कई बार ईरान की मौजूदा सत्ता को बदलने की अप्रत्यक्ष इच्छा व्यक्त की है। पर वे किस तरह का बदलाव चाहते हैं? क्या ट्रंप की मंशा है कि वह वेनेजुएला की तरह ईरान का सत्ता प्रमुख स्वयं चुनें और फिर ईरान की व्यवस्था अमेरिका या उनके मुताबिक चले?

किसी भी संप्रभु देश की सरकार का निर्धारण बाहरी शक्तियों द्वारा किया जाना अंतर्राष्ट्रीय कानून और लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है। ट्रंप को ईरान के सर्वोच्च पद पर खामेनेई का बेटा इसलिए स्वीकार्य नहीं है, क्योंकि इससे ईरान की मौजूदा व्यवस्था और अधिक मजबूत हो सकती है। अमेरिका संभवतः ऐसी नेतृत्व संरचना चाहता है, जो उसकी नीतियों के प्रति पूर्णतया अनुकूल हो। परंतु सवाल है कि ईरान के नेतृत्व का निर्णय कौन करेगा, ईरानी जनता और उसकी राजनीतिक व्यवस्था या ट्रंप? अंतरdराष्ट्रीय जलक्षेत्र में ईरान के एक जहाज पर अमेरिकी हमले की खबर चिंताजनक है। सामान्यतः ऐसी सैन्य कार्रवाई से पहले संबंधित देशों को चेतावनी दी जाती है, विशेषकर तब जब वह जहाज किसी तीसरे देश के बंदरगाह से होकर गुजर रहा हो। भारत का अतिथि रहकर वापस जा रहे जहाज पर हमले के बाद अपेक्षित था कि इस घटना पर संवेदना और चिंता व्यक्त की जाती। भारत जैसे जिम्मेदार देश के लिए यह संतुलन साधना कठिन अवश्य है, परंतु मानवीय दृष्टि से प्रतिक्रिया अपेक्षित होती है। जहां तक अमेरिका-इसराइल और ईरान के बीच संघर्ष की दिशा का प्रश्न है, फिलहाल यह एक सीमित, लेकिन तीव्र टकराव की ओर बढ़ता दिख रहा है। दोनों पक्ष प्रत्यक्ष युद्ध से बचने की कोशिश करते हुए भी एक-दूसरे पर दबाव बनाने की रणनीति अपना रहे हैं, यदि यह संतुलन टूटता है तो परिणाम गंभीर हो सकते हैं।

परंपरागत रूप से संवाद, कूटनीति और शांतिपूर्ण समाधान के समर्थक भारत ने पश्चिम एशिया में संघर्ष के शीघ्र अंत का आह्वान किया है। फिलहाल भारत के लिए इस स्थिति में सबसे उपयुक्त नीति संतुलित कूटनीति की है। भारत के संबंध अमेरिका, इसराइल और ईरान तीनों से महत्वपूर्ण हैं। ऊर्जा सुरक्षा, भारतीय प्रवासी समुदाय और व्यापारिक हितों को देखते हुए भारत को किसी पक्ष में खुलकर खड़े होने के बजाय शांति और संवाद का समर्थक बनकर रहना होगा। साथ ही वैश्विक मंचों पर अंतर्राष्ट्रीय कानून और संप्रभुता के सिद्धांतों की रक्षा की आवाज उठानी होगी। राष्ट्रीय हितों और वैश्विक स्थिरता दोनों के लिए यही नीति सर्वाधिक उपयुक्त है।

### प्रसंगवश

## न्याय के पहरेदारों की सुरक्षा का सवाल

उत्तर प्रदेश में पिछले दिनों रामपुर, बाराबंकी व करनैलगंज (गोंडा) ज़िले में वकीलों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना ने एक बार फिर प्रदेश में वकीलों की सुरक्षा को लेकर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। हत्या पर अधिवक्ता समुदाय में तीव्र प्रतिक्रिया हुई है। पिछले कुछ वर्षों में वकीलों के प्रति अपराधों में तेजी से वृद्धि हुई है। प्रयागराज से लेकर नोएडा तक वकीलों की हत्याएं हुई हैं। शाहजहांपुर के कोर्ट परिसर में वकील की हत्या की गई। आगरा में उत्तर प्रदेश बार काउंसिल की पूर्व प्रथम महिला अध्यक्ष व अन्य वकील की हत्या, कानपुर, नोएडा, वाराणसी व हरदोई में वकीलों की हत्या आदि ऐसे कुछ चर्चित मामले हैं, जो प्रदेश में वकीलों की असुरक्षा को बयान करते हैं, इसके अलावा आये दिन वकीलों पर होने वाले जानलेवा हमलों और छोटे-बड़े अपराधों की फेहरिस्त काफी लंबी है। अधिवक्ता समुदाय के प्रति बढ़ते अपराधों के प्रति पुलिस विभाग और स्थानीय प्रशासन की कार्य प्रणाली पर सवाल उठना लाजमी है।




मु. खालिद जीलानी

एक्टिविस्ट


वकीलों की हत्या और उन पर होने वाले हमलों और दूसरी अपराधिक घटनाओं के विरोध में हर बड़ी घटना के बाद कभी बार काउंसिल तो कभी स्थानीय बार ऐसोसिएशन के आव्हान पर अदालतों में वकील हड़ताल और न्यायिक कार्य का बहिष्कार करने पर मजबूर होते हैं। वकीलों की अपने और अपने परिवारों की सुरक्षा के लिए एक प्रभावशाली क़ानून बनाने की सरकार से पुरानी मांग है, लेकिन उनकी इस मांग को लगातार अनसुना किया जाता रहा है। हर बार सरकारी या प्रशासनिक आश्वासन पर यकीन कर वकील अपना आंदोलन ख़त्म कर काम पर लौट आते हैं।


वकील क़ानून के शासन (रूल ऑफ़ लॉ) को बनाए रखने और न्याय सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाते हैं, वे आज हिंसा, उत्पीड़न और डराने-धमकाने का निशाना बन गए हैं, वकीलों पर व्यक्तिगत और संस्थागत रूप से हमले चिंता की बात है, जो उनकी स्वतंत्र और सुरक्षित रूप से क़ानून का अभ्यास करने की क्षमता को जान-माल के संभावित खतरों के कारण कम करते हैं। वकील न्याय के प्रशासन, मानवाधिकारों की सुरक्षा, प्रजातंत्र और क़ानून के शासन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

वकीलों की स्वतंत्रता पर हमले पूरे क़ानूनी पेशे पर प्रभाव डाल सकते हैं। 'अदालत में वकीलों की निडरता, स्वतंत्रता, शुचिता, ईमानदारी, समानता ऐसे गुण हैं, जिनकी बलि नहीं दी जा सकती' (आर. मुथुकृष्णन बनाम रजिस्ट्रार जनरल ऑफ द हाईकोर्ट ऑफ ज्यूडिकेचर एट मद्रास एआईआर 2019 एससी 849)। मौलिक स्वतंत्रता और मानवाधिकारों के प्रति सम्मान बनाए रखने के लिए क़ानूनी पेशे की स्वतंत्रता आवश्यक है। जब अधिवक्ता स्वतंत्र, निष्पक्ष, वस्तुनिष्ठ और अखंडता, स्वायत्तता और तटस्थता के साथ कार्य करने में असमर्थ होता है, तो न तो विधि का शासन कायम रह सकता और न ही न्याय ठीक से प्रशासित हो सकता है।

बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने जुलाई' 2021 में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट, 2021 का ड्राफ्ट तैयार किया था। इस ड्राफ्ट का प्रमुख लक्ष्य वकीलों और उनके परिवारों को मारपीट, अपहरण, अवैध कारावास जैसे अपराधों के ख़िलाफ़ सुरक्षा सुनिश्चित करना है। अधिवक्ता (संरक्षण) विधेयक, 2021 में अधिवक्ता सुरक्षा और वकीलों के लिए वित्तीय सहायता के प्रावधान शामिल हैं। इसके अलावा, यदि कोई उनके अधिकारों का हनन या उल्लंघन करता है, तो ये वकीलों को मुआवज़ा भी देने का उल्लेख करता है। ये ड्राफ्ट कानून मंत्रालय को सौंप दिया था, लेकिन अब तक कोई केंद्रीय क़ानून नहीं बन सका।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# टैक्सेशन और वित्तीय पेशे पर एआई का प्रभाव






रजत मेहरोत्रा

वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ


पिछले कुछ वर्षों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) ने बहुत तेजी से दुनिया की अर्थव्यवस्था, उद्योग और पेशेवर सेवाओं को बदलना शुरू कर दिया है। आज यह सवाल बहुत चर्चा में है कि क्या आने वाले समय में एआई टैक्सेशन, टैक्स फाइलिंग, चार्टर्ड अकाउंटेंट (CA), कंपनी सेक्रेटरी (CS), फाइनेंशियल प्लानर और इंश्योरेंस अंडरराइटर जैसे पेशों की भूमिका को कम कर देगा। यह सवाल केवल भारत में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में उठ रहा है।

टैक्सेशन और अकाउंटिंग का काम हमेशा से डेटा और गणना पर आधारित रहा है, इसलिए यह क्षेत्र ऑटोमेशन और एआई के लिए बहुत उपयुक्त माना जाता है। आज टैक्स रिटर्न भरना पहले की तुलना में बहुत आसान हो गया है। कई जानकारियां पहले से सिस्टम में भरी हुई मिलती हैं और कुछ ही मिनटों में रिटर्न फाइल हो जाता है। बैंकिंग, जीएसटी, पैन और डिजिटल लेन-देन के डेटा के जुड़ने से कर प्रणाली अब पहले से ज्यादा डेटा आधारित हो गई है। आने वाले समय में साधारण टैक्स फाइलिंग और अनुपालन से जुड़े कई काम पूरी तरह मशीनों द्वारा किए जा सकते हैं।

> दुनियाभर में वित्त और अकाउंटिंग के क्षेत्र में एआई का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। बड़ी अकाउंटिंग और कंसल्टिंग कंपनियां मशीन लर्निंग और डेटा एनालिटिक्स का उपयोग कर रही हैं।

दुनिया भर में वित्त और अकाउंटिंग के क्षेत्र में एआई का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। बड़ी अकाउंटिंग और कंसल्टिंग कंपनियां मशीन लर्निंग और डेटा एनालिटिक्स का उपयोग कर रही हैं, जिससे ऑडिट, जोखिम का आकलन और वित्तीय विश्लेषण पहले से ज्यादा तेज और सटीक हो गया है। एआई लाखों लेन-देन को बहुत कम समय में जांच सकता है, गड़बड़ी पकड़ सकता है और रिपोर्ट तैयार कर सकता है। पहले जो काम कई दिन या हफ्तों में होता था, वह अब कुछ घंटों में हो सकता है। फिर भी इसका मतलब यह नहीं है कि CA, CS या वित्तीय सलाहकार जैसे पेशे खत्म हो जाएंगे। असल में इन पेशों का काम करने का तरीका बदलने वाला है। दोहराए जाने वाले साधारण काम जैसे डेटा एंट्री, बेसिक कैलकुलेशन और फॉर्म भरना मशीनें आसानी से कर सकती हैं, लेकिन टैक्स प्लानिंग, कानून की सही व्याख्या, जटिल वित्तीय ढांचे को समझना, कंपनी को रणनीतिक सलाह देना और जोखिम प्रबंधन जैसे कामों में इंसानी अनुभव और समझ की जरूरत हमेशा रहेगी। इंश्योरेंस और फाइनेंशियल प्लानिंग के क्षेत्र में भी एआई का उपयोग बढ़ रहा है। आज कई डिजिटल प्लेटफॉर्म कुछ ही मिनटों में किसी व्यक्ति की आय, खर्च और निवेश के आधार पर सलाह दे देते हैं।

बीमा कंपनियां भी जोखिम का आकलन और क्लेम की जांच में एआई का उपयोग कर रही हैं, जिससे समय और लागत दोनों कम हो रहे हैं, लेकिन भारत जैसे देश में लोग केवल आंकड़ों के आधार पर फैसले नहीं लेते; वे परिवार, भविष्य की जरूरतों और व्यक्तिगत परिस्थितियों को भी ध्यान में रखते हैं, इसलिए मानवीय सलाहकार की भूमिका पूरी तरह खत्म होने की संभावना कम है।

भारत में एआई द्वारा इस क्षेत्र में पूरी तरह बदलाव आने में समय लगने के कई कारण हैं। पहला कारण डिजिटल साक्षरता और तकनीकी ढांचे में अंतर है। बड़े शहरों में लोग तकनीक का उपयोग आसानी से कर लेते हैं, लेकिन छोटे शहरों और कस्बों में अभी भी कई लोग डिजिटल प्रक्रियाओं से पूरी तरह परिचित नहीं हैं। दूसरा कारण यह है कि भारत में टैक्स और कॉर्पोरेट कानून काफी जटिल हैं और समय-समय पर बदलते रहते हैं। कई मामलों में कानून की सही व्याख्या करना जरूरी होता है, जो केवल मशीनों के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। तीसरा कारण विश्वास का है। भारत में लोग अपने निवेश और टैक्स से जुड़े फैसलों में व्यक्तिगत सलाह को अधिक महत्व देते हैं। वे किसी जानकार से बात करना ज्यादा सुरक्षित मानते हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले पांच से दस वर्षों में साधारण टैक्स फाइलिंग और अनुपालन का बड़ा हिस्सा काफी हद तक ऑटोमेटेड हो सकता है। वेतनभोगी वर्ग और छोटे व्यवसायों के लिए एआई आधारित सेवाएं सामान्य हो सकती हैं, लेकिन बड़े कॉर्पोरेट मामलों, अंतर्राष्ट्रीय कर योजना और जटिल वित्तीय मामलों में पेशेवरों की जरूरत लंबे समय तक बनी रहेगी, इसलिए भारत में इस क्षेत्र में पूरी तरह एआई आधारित व्यवस्था बनने में कम से कम पंद्रह से बीस वर्ष लग सकते हैं। यह बदलाव भारत के लिए अवसर भी लेकर आएगा और चुनौतियां भी।

अवसर यह है कि तकनीक से पारदर्शिता बढ़ेगी, टैक्स अनुपालन बेहतर होगा और सेवाओं की लागत कम हो सकती है। छोटे व्यवसायों और स्टार्टअप्स को सस्ती और तेज सेवाएं मिल सकेंगी। सरकार के लिए भी टैक्स संग्रह आसान हो सकता है, क्योंकि डेटा आधारित निगरानी से कर चोरी कम हो सकती है, लेकिन चुनौतियां भी कम नहीं हैं। लाखों पेशेवरों को अपने कौशल को अपडेट करना होगा और नई तकनीक सीखनी होगी। पारंपरिक तरीके से काम करने वालों के लिए यह बदलाव आसान नहीं होगा। इसके अलावा साइबर सुरक्षा और डेटा गोपनीयता भी एक बड़ी चिंता बन सकती है, क्योंकि वित्तीय डेटा बहुत संवेदनशील होता है। यदि तकनीक तक पहुंच में अंतर बना रहा, तो छोटे शहरों के पेशेवर पीछे रह सकते हैं।

अंत में यह समझना जरूरी है कि एआई किसी पेशे को खत्म नहीं करता, बल्कि उसे बदल देता है। जैसे कंप्यूटर आने के बाद अकाउंटेंट्स की जरूरत खत्म नहीं हुई, बल्कि उनका काम और अधिक महत्वपूर्ण और विश्लेषणात्मक हो गया, उसी तरह एआई भी पेशेवरों को अधिक मूल्यवान और रणनीतिक भूमिका निभाने का अवसर देगा। आने वाले समय में सफल वही पेशेवर होंगे जो तकनीक को अपनाएंगे, डेटा और डिजिटल टूल्स की समझ बढ़ाएंगे और समय के साथ खुद को बदलेंगे, इसलिए असली सवाल यह नहीं है कि एआई पेशेवरों की जगह लेगा या नहीं, बल्कि यह है कि पेशेवर एआई के साथ कदम मिलाकर चलने के लिए कितने तैयार हैं। यही भविष्य की सफलता का सबसे बड़ा आधार होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### आमने सामने



हम शुरुआत से इस बात को कहते रहे हैं कि चुनाव के बाद नीतीश कुमार को भाजपा के लोग मुख्यमंत्री पद पर नहीं रहने देंगे। आज वो बात सच हुई है। भाजपा ने पूरी तरीके से नीतीश कुमार को हाईजैक कर लिया है।

–तेजस्वी यादव
राजद नेता

यह सब तेजस्वी यादव के यहां होता है। इनके यहां लोग हाईजैक हो जाते हैं। जदयू और भाजपा में हाईजैक का कल्चर नहीं है। राजद के वंशवाद और परिवारवाद पर ताला लग गया है। राजद का बिहार की राजनीति में अंश नहीं बचा है।

–गौरव वल्लभ
भाजपा नेता



# चिंता से बाहर होता दहेज हत्या का मसला




डॉ. सुनिधि मिश्रा

शिक्षाविद्


राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार 2017 से 2022 के मध्य देश में 35,493 दहेज-मृत्यु अभिलिखित की गईं। अर्थात् प्रतिदिन बीस विवाहित स्त्रियों की असामयिक मृत्यु। जिस देश में 'अधिकार, न्याय और कार्रवाई' की मांग सबसे अधिक प्रासंगिक है, वह देश इसी धरती पर है। भारत में दहेज-पीड़िताओं के विधिक अधिकारों की सूची प्रभावशाली है। 1961 का दहेज-निषेध अधिनियम, भारतीय दंड संहिता की धारा 498-क, घरेलू हिंसा संरक्षण अधिनियम 2005 और अब भारतीय न्याय संहिता की धारा 80 तथा 85, इन सबने एक सुदृढ़ विधिक ढांचा खड़ा किया है। तिरसठ वर्षों में यह ढांचा बार-बार सुधारा, परिमार्जित और सुदृढ़ किया गया, परन्तु 'अधिकार' की सार्थकता केवल उसके अभिलेखन में नहीं, उसके व्यावहारिक उपयोग में होती है। जब दोषसिद्धि की दर मात्र 11 से 17 प्रतिशत रहती हो, जब 67 प्रतिशत अंवेषण छह माह से अधिक काल तक अधर में रहते हों, तो कागज़ पर लिखे अधिकार उस स्त्री के किस काम के जो न्याय की प्रतीक्षा में प्राण गंवा देती है?

उत्तर प्रदेश में वर्ष 2022 में 2,200 दहेज-प्रकरण अभिलिखित हुए, किंतु दंड केवल 320 को मिला। राष्ट्रीय महिला आयोग को 2024 में अकेले दहेज-उत्पीड़न की 4,383 शिकायतें प्राप्त हुईं। इन प्रकरणों में साक्षियों को भयभीत किया जाता है, सबूत विलुप्त होते हैं, पुलिस पारिवारिक दबाव में 'समझौते' को प्रोत्साहित करती है और न्यायालय वर्षों तक प्रकरण सुनती रहती है। इस प्रक्रिया में पीड़ित परिवार न्यायिक थकान का शिकार होकर या तो वाद वापस ले लेता है या मौन हो जाता है। 'न्याय' जब इतना महंगा, इतना दीर्घकालिक और इतना अनिश्चित हो, तो उसे न्याय नहीं, विशेषाधिकार कहना अधिक उचित होगा।

> दहेज हत्याएं सवालों और चिंताओं से बाहर हो गई हैं। यह तथ्य दुखद और शर्मिंदा करने वाला है कि भारत में प्रतिदिन बीस बहुएं दहेज की भेंट चढ़ जाती हैं।

इस न्यायिक दौर्बल्य को समझने के लिए दहेज की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक जड़ों की परीक्षा आवश्यक है। पितृसत्तात्मक समाज-व्यवस्था में स्त्री को उत्पादन की इकाई न मानकर उपभोग का साधन माना जाता रहा है। 'कन्यादान' की अवधारणा ने पुत्री के साथ संपत्ति भेजने को पितृ-कर्तव्य के रूप में प्रतिष्ठापित किया। इस सांस्कृतिक नींव पर दहेज की मांग धीरे-धीरे सामाजिक स्वीकृति प्राप्त करती गई और रूढ़ि का रूप ले लिया।

जब कोई प्रथा सांस्कृतिक अनुमोदन प्राप्त कर लेती है, तब उसे केवल विधिक दंड से नहीं बदला जा सकता, क्योंकि समाज उस दंड को अनुचित मानता है और उससे बचने के मार्ग ढूंढता है। यही कारण है कि तिरसठ वर्षों के कठोर विधान के उपरांत भी यह प्रथा अपना स्वरूप बदलकर जीवित है और यह नवीन स्वरूप पूर्व से कहीं अधिक जटिल है। आधुनिक उपभोक्तावाद ने दहेज की प्रकृति को रूपांतरित किया है, समाप्त नहीं। जहां पूर्व में भूमि, स्वर्णाभूषण और नकद राशि की मांग होती थी, वहां आज मोटरयान, उच्च-श्रेणी के गृह-उपकरण और कभी-कभी विदेश-यात्रा तक की अपेक्षा रखी जाती है।

सामाजिक संचार माध्यमों पर वायरल होने वाले भव्य विवाह-समारोहों ने एक प्रतिस्पर्धात्मक मनोवृत्ति को प्रोत्साहन दिया है जिसमें विवाह की भव्यता परिवार की प्रतिष्ठा का मानक बन गई है। ग्रामीण भारत में 95 प्रतिशत और नगरीय भारत में 'उपहार' तथा 'आशीर्वाद-स्वरूप' की आड़ में यही प्रथा अव्याहत जारी है। पहनावा बदला है, पर चरित्र वही है।

इस प्रथा का आर्थिक भार भी कम विध्वंसकारी नहीं है। दहेज की पूर्ति के लिए ग्रामीण परिवार प्रायः अपनी एक से तीन वर्ष की आय व्यय कर देते हैं। भूमि बिकती है, स्वर्ण गिरवी रखा जाता है और बैंकों से ऋण लिया जाता है। जब यह आर्थिक बलिदान वर-पक्ष को 'पर्याप्त' नहीं लगता, तब आरंभ होती है, वह प्रताड़ना जो घर की चारदीवारी में छिपी रहती है और जो अन्ततः उस 'रसोई दुर्घटना' के रूप में सामने आती है, जिसे पुलिस रिकॉर्ड में अभिलिखित किया जाता है। इस प्रकार दहेज एक साथ तीन अपराध करता है। यह एक आर्थिक शोषण है, एक मानवाधिकार उल्लंघन है और एक सुनियोजित हत्या की पृष्ठभूमि है।

विधिक स्तर पर दहेज-मृत्यु के प्रकरणों के लिए द्रुत विशेष न्यायालयों की स्थापना, निर्धारित कालावधि में निर्णय और पुलिस-तंत्र को लैंगिक संवेदनशीलता का बाध्यकारी प्रशिक्षण अनिवार्य है। दहेज-निषेध अधिकारियों को ग्राम स्तर पर वास्तविक निगरानी का अधिकार और उत्तरदायित्व दोनों मिलने चाहिए न कि केवल कागज़ी कार्रवाई। 'विकसित भारत 2047' का स्वप्न तब तक अपूर्ण है, जब तक प्रतिवर्ष सात हजार से अधिक दहेज-हत्याएं इस राष्ट्र की सीमाओं के भीतर होती रहें। संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य क्रमांक पांच लैंगिक समानता और क्रमांक 16 न्यायपूर्ण संस्थाएं, दोनों की पूर्ति तब तक संभव नहीं, जब तक दहेज की यह प्रथा जीवित है। विश्व की पांचवीं वृहत्तम अर्थव्यवस्था होने का गौरव तब संपूर्ण होगा, जब उसके नागरिकों को, विशेषतः स्त्रियों को, न्याय की त्वरित और सुलभ पहुंच प्राप्त होगी।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## अकेलापन और बंद दरवाजे

अकेलापन एक अजीब चीज़ है। यह हमें उन दरवाज़ों की तरफ वापस खींच ले जाता है, जिन्हें हमने बड़ी मुश्किल से बंद किया था। कभी-कभी बस किसी की मौजूदगी की ख्वाहिश हमें फिर से उन्हीं गलत रिश्तों में उलझा देती है, जिनसे निकलने में हमें बहुत वक़्त लगा था, इसीलिए जरूरी है कि हम खुद को समझें और उस अकेलेपन से हार न मानें। जब कोई हमें नजरअंदाज करता है, बार-बार संदेश भेजने पर भी कोई जवाब नहीं देता, तो हमें यह समझ लेना चाहिए कि आत्मसम्मान, किसी भी उम्मीद से ज़्यादा ज़रूरी है। खुद को उस जगह से हटा लेना, जहां हमारी कद्र नहीं, एक तरह का प्यार ही है- खुद से।




प्रशस्ति पाठक

लेखिका


कुछ चीजें जीवन में हमारे काबू में नहीं होतीं। जैसे-बालों का झड़ना या दांतों का गिरना। ये छोटी-छोटी बातें हमें याद दिलाती हैं कि हम सब कुछ नियंत्रित नहीं कर सकते। यही जीवन है- थोड़ा बेतरतीब, थोड़ा असहज, लेकिन पूरी तरह से सच्चा। अक्सर लोग हमारी तरक्की को देखते हैं, लेकिन वे यह नहीं देख पाते कि उस तरक्की के पीछे कितनी तन्हाई छुपी होती है। खुद को बेहतर बनाने के रास्ते में हम इतने अकेले हो जाते हैं कि कभी-कभी कोई हमारे पास आकर बस इतना कह दे कि 'मैं समझता हूं,' तो आंखें भीग जाती हैं।

वक़्त के साथ एक और बात समझ में आई। सच्ची दोस्ती का रिश्ता समय और दूरी से नहीं, दिल से जुड़ा होता है। साल में बस दो-तीन बार मिलने वाले दोस्त भी उतने ही अपने होते हैं, जितना रोज़ मिलने वाला कोई और रिश्तों की गहराई का असली इम्तिहान तब होता है, जब खामोशी भी बोझ नहीं लगती। जब दो लोग साथ हों और कोई बात न हो, फिर भी सुकून बना रहे, तो समझो वो रिश्ता अब शब्दों से आगे निकल चुका है।

हमेशा उस जगह रहो, जहां तुम्हारे हुनर को सराहा जाए, जहां तुम्हें सम्मान मिले। ऐसे माहौल में रहना, जहां तुम्हें बार-बार खुद को साबित करना पड़े, वो जगह तुम्हारे लायक नहीं है और सबसे खूबसूरत बात ये है कि तुम्हारी जिंदगी में जो लोग तुम्हें सच्चे दिल से चाहेंगे, उनमें से बहुत से लोग अभी तक आए नहीं हैं। प्यार अभी बाकी है। आगे बहुत कुछ अच्छा होने वाला है। अगर आज का दिन बुरा भी हो, तो यह मत भूलो कि साल में 364 और दिन हैं। हो सकता है, कल सूरज तुम्हारे लिए कुछ नया ले कर आए। एक दिन का दुखी होना ज़िंदगी का अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत की दस्तक हो सकती है।

-फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## वैश्विक अनिश्चितताओं में भारत की विकास दर

जनसंख्या की दृष्टि से विश्व का सबसे बड़ा देश भारत कोरोना काल से पहले ही तेज गति से बढ़ती आर्थिक शक्ति के रूप में उभर चुका था। विश्व की लगभग सभी रेटिंग एजेंसियों जैसे आईएमएफ, फीच, एसएंडपी, मूडीज आदि के अनुमानों के आधार पर भारत की विकास दर आने वाले वर्षों में लगभग साढ़े छह से साढ़े सात प्रतिशत रहने का अनुमान है। वहीं दूसरी ओर विश्व की बड़ी आर्थिक शक्तियां, विशेष रूप से अमेरिका और चीन, कोरोना महामारी के बाद विकास दर में उतार-चढ़ाव का सामना कर रही हैं। अमेरिका लगभग 2 से 2.2 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है और चीन की विकास दर 4 से 4.5 प्रतिशत के आसपास है, जो भारत की तुलना में कम है।

भारत की तेज गति से बढ़ती आर्थिक शक्ति का मुख्य कारण लगातार हो रहा ढांचागत विकास, सुदृढ़ होती परिवहन व संचार सुविधाएं तथा आर्थिक सुधारों के मद्देनजर लिए गए नीतिगत फैसले हैं, जैसे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों के निवेश व टर्नओवर दायरे का विस्तार, आयकर सीमा में वृद्धि, जीएसटी दरों में कमी, नई श्रम संहिताओं का अमल में आना तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दृष्टि से गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) योजना का लागू होना, इससे ग्रामीण स्तर पर औद्योगिक ढांचा विकसित होगा तथा रोजगार और आजीविका के अवसर बढ़ेंगे।




प्रो. एचसी पुरोहित

दून यूनिवर्सिटी


स्टार्टअप इंडिया अभियान जैसे नूतन प्रयोग की दस वर्षों की विकास यात्रा पर दृष्टिपात करने से स्पष्ट होता है कि यह उद्यमिता विकास में मील का पत्थर सिद्ध हुआ है, क्योंकि आज दो लाख से अधिक स्टार्टअप सक्रिय हैं और स्टार्टअप इकोसिस्टम की दृष्टि से भारत विश्व में तीसरे स्थान पर है। विनिर्माण क्षेत्र में निरंतर प्रगति औद्योगिक संरचनाओं के विस्तार का परिणाम है। पिछले पांच वर्षों में 14 महत्वपूर्ण औद्योगिक क्षेत्रों को प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) के माध्यम से विशेष सुविधाएं मिलने से औद्योगिक विकास को गति मिली है। इसके परिणामस्वरूप मेक इन इंडिया अभियान के अंतर्गत भारत आज प्रति वर्ष 63 अरब डॉलर से अधिक मूल्य के मोबाइल फोन निर्यात कर रहा है, जबकि एक दशक पूर्व यह लगभग तीन अरब डॉलर था। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में लगातार सुधार से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में भी निरंतर वृद्धि हो रही है।

बजट में घोषित सेमीकंडक्टर 2.0 अभियान से औद्योगिक संरचनाओं के विस्तार को और गति मिलने की संभावना है। हाल ही में आयोजित कृत्रिम बुद्धिमत्ता सम्मेलन से तकनीकी नवाचार के विकास को नई ऊंचाई मिलेगी, जिससे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे। भारत की स्पष्ट नीति सतत विकास, पर्यावरण संरक्षण तथा प्राकृतिक संसाधनों के समुचित उपयोग पर केंद्रित है, इसलिए हरित ऊर्जा और स्वच्छ प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति हो रही है।

हाल ही में जारी ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के आंकड़ों पर नजर डालने से स्पष्ट होता है कि इसमें चीन की भागीदारी लगभग 25.92 प्रतिशत के साथ सर्वाधिक है। परंतु प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन के संदर्भ में चीन का स्तर अमेरिका से कम है, जबकि अमेरिका का वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में लगभग 11.12 प्रतिशत अंशदान है। भारत अपनी सर्कुलर अर्थव्यवस्था और सतत संस्कृति के कारण लगभग 7.83 प्रतिशत ही ग्रीनहाउस उत्सर्जन करती है, जो प्रति व्यक्ति भागीदारी की दृष्टि से अपेक्षाकृत कम है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।



# अजनबी शहर, नई दृष्टि और आत्मखोज की यात्रा

दिसंबर 2019 की वह रात आज भी मेरी स्मृतियों में जमी हुई ठंड की तरह ताजा है। विमान जब पेरिस की धरती पर उतरा, तब रात आधी बीत चुकी थी। घड़ी ने मध्यरात्रि पार कर ली थी और तापमान शून्य से नीचे जा चुका था। भारत की परिचित गर्माहट से निकलकर यूरोप की उस ठिठुरती हवा में कदम रखते ही मुझे पहली बार अपने निर्णय का वास्तविक अर्थ समझ आया। यह केवल एक यात्रा नहीं थी, यह मेरे जीवन का पहला पूर्णतः एकल अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक अभियान था। विश्व के अग्रणी वैज्ञानिकों के बीच, न्यूरो साइंस और मस्तिष्क अनुसंधान के अत्याधुनिक वातावरण में, मैं वहां एक शोध प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने पहुंची थी। जब हवाई अड्डे के स्वचालित दरवाजे खुलते ही बर्फीली हवा चेहरे से टकराई, मेरे भीतर वैज्ञानिक जिज्ञासा से पहले एक साधारण यात्री का संकोच जाग उठा। भाषा अनजानी, उच्चारण अपरिचित और शहर पूर्णतः नया, सब कुछ एक साथ मेरे सामने खड़ा था। फिर भी, उस ठंड में एक विचित्र ऊर्जा थी, जैसे प्रकृति स्वयं कह रही हो कि असुविधा ही विकास का पहला कदम है।



डॉ. गीतिका श्रीवास्तव

सह आचार्य, डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय



### अधूरे वाक्यों के सहारे संवाद का पुल

पेरिस पहुंचते ही मुझे पहली चुनौती भाषा की मिली। अंग्रेजी का प्रयोग सीमित था और फ्रेंच उच्चारण मेरे लिए बिल्कुल नया। स्थानों के नाम, मेट्रो स्टेशनों की घोषणाएं, यहां तक कि लोगों के नाम भी मेरे लिए मानो किसी नए संगीत की धुन थे, जिन्हें समझने में समय लगना स्वाभाविक था। एक साधारण प्रश्न पूछना भी कई बार एक छोटी-सी यात्रा बन जाता। मैं शब्द खोजती, सामने वाला व्यक्ति मुस्कुराकर फ्रेंच में कुछ कहता और हम दोनों ही संकेतों और अधूरे वाक्यों के सहारे संवाद का पुल बनाते, लेकिन यही अनुभव धीरे-धीरे मुझे एक महत्वपूर्ण जीवन पाठ सिखाने लगा। भाषा केवल शब्दों का माध्यम नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं का विस्तार है। मुस्कान, सहयोग, धैर्य और सम्मान ये सार्वभौमिक भाषाएं हैं, जिन्हें अनुवाद की आवश्यकता नहीं होती। कुछ ही दिनों में विभिन्न देशों से आए प्रतिभागियों के साथ संवाद सहज होने लगा।



### एफिल टॉवर और पेरिस की सुंदरता

औपचारिक प्रशिक्षण के बाद का समय मेरा अपना था। मैंने निर्णय लिया कि इस शहर को केवल पर्यटक की तरह नहीं, बल्कि एक खोजकर्ता की तरह देखूंगी। पैदल चलकर, गलियों को महसूस करके और शहर की धड़कन को सुनकर। पेरिस की सड़कों पर अकेले चलना एक अद्भुत अनुभव था। ठंडी हवा, हल्की रोशनी और इतिहास से भरी इमारतें हर मोड़ एक कहानी कहता प्रतीत होता। सीन नदी के किनारे टहलते हुए मुझे लगा कि यह शहर केवल स्थापत्य का नहीं, विचारों का शहर है। यहां कला, दर्शन, साहित्य और विज्ञान सब एक साथ सांस लेते हैं, लैटिन क्वार्टर की बौद्धिक ऊर्जा, मोंटमार्ट्रे की कलात्मक आत्मा, संग्रहालयों की गंभीरता और कैफे की सहजता हर स्थान अपने भीतर एक अलग दुनिया समेटे हुए था। फिर वह क्षण आया, जिसे शब्दों में बांधना आज भी कठिन है। जब मैंने पहली बार एफिल टॉवर को सामने देखा। वह वही संरचना थी, जिसे मैंने बचपन में पुस्तकों के पन्नों पर देखा था। भूगोल की किताबों में, पोस्टकार्डों में और कल्पनाओं में, लेकिन वास्तविकता में उसे देखना एक अलग ही अनुभव था। रात के अंधेरे में रोशनी से जगमगाता वह टॉवर केवल लोहे की संरचना नहीं था। वह समय, सपनों और उपलब्धि का प्रतीक था। उस क्षण मुझे लगा कि जीवन में देखी हुई चीजें सपनों को आकार देती हैं और जब वे सपने साकार होते हैं, तो व्यक्ति स्वयं को नए रूप में पहचानता है। पेरिस की सुंदरता केवल उसकी इमारतों में नहीं, बल्कि उसकी लय में है। लोग पैदल खूब चलते हैं, बातचीत में समय लेते हैं और जीवन को अनुभव की तरह जीते हैं। यह शहर आपको रुकना सिखाता है। देखने के लिए, सोचने के लिए और महसूस करने के लिए। लूव्र संग्रहालय की भव्यता, नोट्रे-डेम की गंभीरता, सीन के पुलों की शांति और छोटे-छोटे कैफे की गर्माहट सब मिलकर एक ऐसा वातावरण बनाते हैं, जहां मन स्वतः चिंतनशील हो जाता है।



### वातावरण

शोध प्रशिक्षण कार्यक्रम का वातावरण अत्यंत अनुशासित था। समय की पाबंदी केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि कार्य संस्कृति का मूल तत्व थी। प्रत्येक सत्र निर्धारित समय पर प्रारंभ और समाप्त होता, प्रत्येक चर्चा सटीक और गहन होती। यहां मैंने पहली बार देखा कि ज्ञान केवल जानकारी का संचय नहीं, बल्कि सोचने की विधि है। एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण, जो हर प्रश्न को गहराई से देखने की प्रेरणा देता है। शीर्ष शोधकर्ताओं के साथ संवाद करना किसी पुस्तक के जीवंत हो उठने जैसा अनुभव था। जिन सिद्धांतों को मैंने वर्षों तक पढ़ा था, वे अब प्रयोगशालाओं में आकार लेते दिख रहे थे। जटिल उपकरण, उन्नत तकनीकें और विचारों की निरंतर धारा यह सब मेरे लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया। सबसे महत्वपूर्ण यह था कि वहां प्रतिस्पर्धा नहीं, सहयोग की भावना थी। प्रश्न पूछना प्रोत्साहित किया जाता था, जिज्ञासा को सम्मान मिलता था और विचारों का आदान-प्रदान खुलेपन से होता था। मुझे यह समझ में आया कि सच्चा वैज्ञानिक वातावरण वही है, जहां ज्ञान साझा करने से बढ़ता है, छिपाने से नहीं।

---

अनुभूति

## छोलिया की याद

छोलिया शब्द के साथ बचपन की बहुत सी यादें जुड़ी हैं। बीते दिनों छोलिया लेकर आई तो सब्जी बनाते हुए चलचित्र की भांति कितनी ही यादें आंखों के आगे तैर आईं। किंग्जवे कैंप का घर टूटने पर हमें जहांगीरपुरी में डीडीए द्वारा बनाए नए फ्लैट्स में शिफ्ट कर दिया गया। जिस घर में पैदा हुई उसे छोड़कर जाना, स्कूल, सहेलियां, बचपन के खेल, मां की यादें सभी तो उसी घर से जुड़ी थीं। मायूसी, दर्द और असहनीय पीड़ा का अहसास तारी था बस।

उस वक्त बहुत बड़ी नहीं थी, पर इतनी भी छोटी नहीं थी। पापा बताते हैं कि वह पाकिस्तान से माइग्रेट होकर यहां आए थे, कैंप टूटने पर मुझे भी यही महसूस होता था कि हमें भी जैसे देश निकाला मिल गया हो। कहां किंग्सवे कैंप का खुला-खुला घर और कहां जहांगीरपुरी के दड़बे जैसा फ्लैट! रसोई, एक इकलौता कमरा और एक नन्हा सा वेहड़ा! हम दो परिवार इस एक कमरे के फ्लैट में शिफ्ट हुए। कैसे रहे? याद करती हूं, तो मन भर आता है। नए सिरे से जिंदगी शुरू करनी आसान कहां होती है भला? घर छोटे-छोटे थे अतः अधिकतर लोग घर के बाहर चारपाई बिछा उसी पर बैठे कई काम निपटा लेते। सब्जी काटना, सिलाई मशीन पर कपड़े सिलना, कपड़े तह करना और जाने कितने काम। मैले कपड़े गली के बाहर लगे सार्वजनिक नल पर जाकर धोए जाते। इन कामों में एक काम था छोलिया छिलना। सर्दी की गुनगुनी धूप में घर के काम निपटाकर कुछ महिलाएं स्वेटर बुनती, कुछ सिलाई कढ़ाई करतीं तो कुछ छोलिया छिलने बैठ जाती। पहले पहल तो समझ न आया कि रोज इतने छोलिए का करती क्या होंगी। फिर पता चला कि सब्जी वाले भैया छोलिया छिलने के बदले पैसे देते हैं। ढेर के ढेर हरे छोलिए के गठ्ठर सामने पड़े रहते और महिलाएं बतियाते हुए बीनती जाती। सच पूछिए तो आसान काम नहीं था ये। अपने घर के लिए छोलिया छीलते हुए ही हाथ थक जाते थे और वे महिलाएं तो बिना नागा ढेर सारा छीलती थीं। छिला छिलाया छोलिया लाई और झटपट बना भी लिया, लेकिन जाने क्यों ये सब आज बहुत याद आया।



अंजू खरबंदा

शिक्षिका



---

विमर्श


## 'आधे आसमान' से ही पूर्ण होगा आकाश

स्त्री सृष्टि की रचयिता है, जो अपने गर्भ से ही जीवन का प्रारंभ करती है। वह परिवार की आत्मा है और समाज की कुशल वास्तुकार है, जो अपनी बौद्धिकता एवं लगन से परिवार में मिठास एवं समाज को प्रगतिशील बनाती है। स्त्री के बिना संसार की कल्पना नहीं की जा सकती है, क्योंकि वह जीवन है। स्त्री के सम्मान में ही सृष्टि का संतुलन एवं समाज का उत्थान है, लेकिन फिर भी सदियों से संसार की स्त्रियां उपेक्षित रही है। यह दोहरी प्रवृति हमारे समाज की सबसे बड़ी विडंबना है, जो आज के वैज्ञानिक युग में भी व्याप्त है। एक ओर जहां हमारे देश में स्त्रियों को मौखिक रूप से देवी का स्थान दिया गया है, वहीं पितृसत्तात्मक व्यवस्था ने आज भी स्त्रियों को बंधनों से जकड़े रखा। इसके पूर्व ही सती प्रथा, बाल विवाह और कन्या भ्रूण हत्या जैसी अनेक कुरीतियों द्वारा शोषण किया गया और आज भी देश में शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में महिलाएं पिछड़ी हुई हैं और महिलाओं के साथ बालात्कार एवं हिंसा की खबरें तो रोज की बात हो गई है। वर्तमान आंकड़े इस कड़वी हकीकत को और स्पष्ट करते हैं।



वैश्विक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट 2025 के अनुसार भारत 148 देशों में 131 वें स्थान पर है, शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति होने के साथ महिलाओं की साक्षरता दर बढ़ी है और उच्च शिक्षा में नामांकन लगभग 46 प्रतिशत तक पहुंच गया है, लेकिन परिवार और देश की अर्थव्यवस्था में भागीदारी काफी कमजोर है। महिला श्रम बल भागीदारी दर थोड़ा बढ़ी, परंतु पुरुषों की तुलना में अभी भी बहुत ज्यादा कमजोर है। महिलाएं घरेलू कामों में अधिक समय बिताती हैं, जिससे उनकी वेतन वाली नौकरियों में भागीदारी सीमित रहती है। देश में महिलाओं के साथ उत्पीड़न एवं हिंसा अधिक चिंता का विषय है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार महिलाओं के खिलाफ अपराधों में निरंतर वृद्धि हो रही है। कार्यस्थल पर उत्पीड़न, साइबर क्राइम और घरेलू हिंसा आज भी लाखों महिलाओं की आजादी छीन रही है। अक्सर सुनने को मिलता है महिलाओं को नौकरी में आरक्षण मिला, यात्रा में भी सुविधा मिली, शिक्षा में साइकिल एवं पोशाक की सुविधा मिल तो गई, अब और कितनी बराबरी चाहिए? यह तंज करने से पहले चिंतन करने की आवश्यकता है कि क्या ये सुविधाएं और आरक्षण ने महिलाओं को पारिवारिक-सामाजिक स्तर पर पुरुषों के बराबर अधिकार और स्वतंत्रता दे रही है? अगर लैंगिक बराबरी मिल रही है, तब देश में ही असुरक्षित कैसे है? न आजादी से कही आ-जा सकती, न आजादी से पढ़ लिख सकती, न आजादी से कमा सकती और न ही आजादी से जी सकती है।

आजकल एक और तंज कसे जा रहे है कि 'स्त्रियों को थोड़ी आजादी क्या मिली संस्कारहीन बनती जा रही है।' इस तंज पर एक सवाल की 'क्या संस्कारहीन होने के पैमाने एवं जेंडर निर्धारित होता है?' सदियों से नशे की लत, जुआ, झूठ, धोखा, हिंसा, व्यभिचार जैसी आदतें पुरुषों में भी रही हैं, लेकिन उन्हें 'संस्कारहीन' कहकर समाज ने कभी इतना तीखा तंज नहीं कसा, जितना आज एक लड़की को खुलकर बोलने, देर रात बाहर रहने, करियर चुनने या अपनी पसंद की शादी करने पर कसता है। यह दोहरा मापदंड संस्कार को परिभाषित नहीं करता है। संस्कार असल में नैतिकता, ईमानदारी, सम्मान, जिम्मेदारी और मानवता का नाम है, जो नैतिकता और मर्यादा की सीमा से घिरी है। महिलाओं की बढ़ती आजादी ने समाज को संस्कारहीन नहीं बनाया, बल्कि हिंसा और असमानता को कम करने की कोशिश की है।



अंबिका अंबी

लेखिका

---

संस्मरण

## कर्म की प्रतिध्वनि

उस रोज इज्जतनगर स्टेशन पर टिकट बुक कराने गया तो उम्मीद से ज्यादा भीड़ थी। टिकट विंडो से बाहर तक लंबी लाइन। शायद त्योहार नजदीक होना इसकी वजह रहा हो। लाइन में लगे लोग इंतजार के फासले को अपने-अपने हिसाब से तय कर रहे थे। टिकट विंडो में हाथ डाला ही था कि एक सज्जन जो कि लाइन में ठीक मुझसे पहले थे और लगभग आधा घंटे किसी से फोन पर क्वेरीज कर-कर के अपने दर्जन भर टिकट ( कुछ कैंसिल कुछ बनवाकर) अभी-अभी निकले ही थे, दौड़ते हुए आए और मेरे हाथ की परवाह किए बिना विंडो में हाथ घुसाते हुए गुस्से की मुद्रा में टिकट कर्ता से बोले- "मैडम आपने हमारा टिकट गलत तारीख का दे दिया।" "नहीं, ऐसा तो नहीं है, टिकेट दिखाइए"- टिकेट बनाती लड़की बोली। "ऐसा कैसे नहीं है ये देखिए! हमें जाना 20 को है और आपने टिकट 21 का बना दिया"- टिकट देते हुए उन सज्जन ने खौरियाते हुए कहा। लड़की ने टिकट देखा और उस व्यक्ति द्वारा भरे गए फॉर्म से मिलाया। पूरी तरह आश्वस्त होकर बोली -"यह देखिए सर! आपने फॉर्म में जो डिटेल दी है, वही टिकट में है।" व्यक्ति ने तेजी से फॉर्म और टिकेट का मिलान किया। खोजने पर भी उस लड़की की नहीं, बल्कि अपनी ही कमी पाकर तुरत गिरगिटिया रूप धर क्रोध को याचना में बदलते हुए बोला- "सॉरी मैडम! ग़लती हो गई। ऐसा कीजिए, इस टिकट की डेट बदल दीजिए।" "ऐसे डेट नहीं बदली जाती। अब यह टिकट कैंसिल करके दूसरा बनवाना पड़ेगा आपको" - लड़की ने कहा। "देख लीजिए कुछ हो सके तो, वरना ऐसा ही ..." वह व्यक्ति बोला।

इतनी देर में लाइन में लगे लोगों का सब्र जवाब दे चुका था। वे अपने-अपने भाषाई संस्कारों से उस व्यक्ति को नवाजने लगे। लड़की ने इस घमासान के बीच कुछ फॉर्म उस व्यक्ति को दिए और ध्यान पूर्वक भरकर लाइन में लगने को कहकर मेरा टिकट बनाने लगी। मैंने टिकट और बकाया पैसे जैसे-तैसे विंडो से मुट्ठी बांधकर बाहर निकाले और स्टेशन के बाहर आ गया। बाहर आकर टिकेट की डेट और अन्य डिटेल चैक की। किराये की राशि देखी। हाथ में आए पैसे भी चैक किए। मिलान किया तो पाया कि मुझ पर चार सौ रुपए ज्यादा आ गए हैं। वापस दो सौ रुपया होने थे। सौ-सौ के चक्कर मे एक सौ के नोट के साथ एक पांच सौ का आ गया था। मैंने फिर से एक बार टिकट और पैसों का मिलान किया और इसे तत्कालीन माहौल में लड़की की मानवीय त्रुटि मानते हुए पैसा वापस करने विंडो पर आ गया। "क्यों, आपकी भी डेट बदल गयी है क्या?" लाइन में लगा एक व्यक्ति बोला। "नहीं भाई"- मैंने जवाब दिया। "तो क्या कोई इन्क्वायरी करनी है, वो विंडो उधर है"- एक और व्यक्ति बोला। "इसीलिए महिला को विंडो पर नहीं बैठाना चाहिए, लोग बार-बार दर्शन करने ..." एक और व्यक्ति ने दांत चियारे।


"मैडम मुझ पर चार सौ रुपया ज्यादा आ गए हैं।" - इस चुहल चर्चा के बीच मैं विंडो की ओर मुंह करके जोर से बोला। लड़की टिकट बनाते से सहसा रुकी। मुझे देखा। मैंने मुट्ठी बांधकर टिकट और धनराशि उसे बढ़ा दी। लड़की ने कम्प्यूटर में कैलकुलेट किया और बोली - "थैंक्स अ लॉट सर!" उसकी आंखों में कृतज्ञता की नमी थी, जिसे साफ-साफ देखा और अनुभव किया जा सकता था। अगला हफ्ता बनारस में रहा। वापसी में श्रमजीवी एक्सप्रेस से बरेली लौट रहा था। रात में लगभग दो बजे ट्रेन से उतरा। बाहर आकर रिजर्व ऑटो लिया और घर के गेट पर पहुंच गया। ऑटो वाले को पैसे देने के लिए जैसे ही जेब में हाथ डाला तो सन्न रह गया। जेब से पर्स नदारद था। पर्स में पैसों के अलावा अन्य जरूरी कागजात भी थे। तुरंत ऑटो को बैक किया, लेकिन तब तक ट्रेन जा चुकी थी। उसी ऑटो से वापस आया। पत्नी से पैसे लेकर पेमेंट किया और पर्स में गुम हुई चीजों के बारे में क्या करना है यही सोचते विचारते सो गया।

सुबह ऑफिस पहुंचा और अपने कामों में रम गया। दोपहर में लंच के लिए घर जाने को निकल ही रहा था कि एक अनजान नंबर से फोन आया। "आप कौन बोल रहे हैं जी?"- उधर से आवाज थी। "आपने किसको लगाया है जी?" "जी मैं अवनीश हूं श्रीमान!" मैंने कहा। "कहां से जी?" "बरेली से जी!" "आप अभी बनारस गए थे क्या?" "जी हां, लेकिन आप कौन हैं और यह सब क्यों पूछ रहे हैं?" मैं बोला। "बताऊंगा जी, पहले ये बताओ आपके आई कार्ड पर, जो फोटो लगा है, उसमें आपने किस रंग की शर्ट पहनी है?" वार्तालाप यहां तक आते आते मेरे अंदर पॉजिटिव वाइब्स बहने लगी थीं। "व्हाइट और पिंक चैक!" मैं चहककर बोला और कार्ड पर अंकित पूरी डिटेल भी बता दी। "बहुत बढ़िया यादव जी। मैं राम कीरत सिंह बोल रहा हूं गजरौला से। मेरे पास आपका पर्स है, जिसमे पैंतालीस सौ बासठ रुपए और अन्य कागजात सुरक्षित हैं। रात को बरेली से ट्रेन में बैठा था। सुबह उतरते वक्त सीट के नीचे से अटैची खींची तो यह पर्स मिला। परिचय पत्र में दिए नंबर को मिलाकर ही आप से बात कर रहा हूं। बताइए आपकी अमानत कहां और कैसे पहुंचवा दूं? वैसे कल तक मैं मुरादाबाद में हूं अपने बेटे के पास।" "मैं कल खुद आऊंगा आपके दर्शन करने भाईसाब, मुरादाबाद मेरा गृह जनपद है", मैं भाव विभोर होकर बोला। "अरे वाह! यह तो बहुत बढ़िया। मैं इंतजार करूंगा। पहुंचने को हों तब दस मिनट पहले फ़ोन कीजियेगा, मैं लेने आ जाऊंगा"- उधर से आवाज थी। अगली सुबह बस से मुरादाबाद उतरा। सामने एक सामान्य कद काठी, लेकिन मुस्कराते और जिंदगी की चमक से भरपूर चेहरे को देखते ही मैं पहचान गया कि यही हैं रामकीरत जो वाकई राम जी की कृति भी है और कीर्ति भी। रामकीरत जी के साथ पूरा दिन मुहब्बत और इंसानी जज्बात से लबरेज रहा। लौटते वक्त तक अपरिचय एक खूबसूरत रिश्ते में तब्दील हो चुका था। पुनः यह विश्वास और पुख्ता हुआ कि दुनिया हमारे कार्य व विचारों की प्रतिध्वनि ही है। यह वही लौटाती है, जो हम इसे सौंपते हैं।



डॉ. अवनीश यादव

प्रांतीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उप्र



| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 78,918.90 | 24,450.45 |
| बढ़त | 1097.42 | 315.45 |
| प्रतिशत में | 1.37 | 1.27 |

सोना 1,64,100 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,71,700 प्रति किलो

अमृत विचार
हल्द्वानी, शनिवार, 7 मार्च 2026
www.amritvichar.com

# कारोबार

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन** –तुलसी 2475, राज श्री 1880, फ़ॉर्चून कि. 2430, रविन्द्रा 2450, फॉर्चुन 13kg 2140, जय जवान 2050, सचिन 2120, सूरज 2050, अवसर 1950, उजाला 2070, गृहणी 13 kg 1975, क्लासिक (kg) 2290, मोर 2245, चक्र टिन 2445, ब्लू 2215, आशीर्वाद मस्टर्ड 2390, स्वास्तिक 2430

**किराना**–निजामाबाद हल्दी 16600, जीरा 26500, लाल मिर्च 21500–24000, धनिया 12000–13000, अजवायान 14000–19000, मेथी 7000–8000 सौंफ 11000–20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 750–1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330–380, मखाना 900–1050

**चावल**– ( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8800, राजभोग 6850, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8800, गौरी प्रीमियम 10300, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 9300, मंसूरी पनघट 4200,लाडली 4200

**दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200–12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7350–9200, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10000–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा हीरा 8700, मोटा हीरा 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 13100

**चीनी**– पीलीभीत 4300, बहेड़ी 4200

बरेली सर्राफा– ( प्रति 10 ग्राम ) गोल्ड (पक्के जेवर) 163500, गोल्ड (गिन्नी जेवर) 159500, सिल्वर ( पक्की) 2700 (अनुमानित )

## हल्द्वानी मंडी

**दाम प्रति क्विंटल में**

**चावल**– शरबती– 2800 मसूरी– 1000 बासमती– 7000–8800 परमल– 1200–2800

**दाल दलहन**–काला चना– 2000–2800 साबुत चना दाल– 1200 मूंग साबुत– 5200 राजमा– 8200–11200 दाल उड़द– 6000 साबुत मसूर दाल– 3000 मसूर दाल– 1200 उड़द साबुत– 10200 काबुली चना– 6000–10000 अरहर दाल– 10200 –12000 लोबिया/ करमानी– 2200–3000

## बिजनेस ब्रीफ

### ईवी पंजीकरण में 44 % की वृद्धि: फाडा

**नयी दिल्ली।** इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री में फरवरी में सालाना आधार पर 44% की बढ़ोत्तरी हुई है। वाहन डीलर संघों के महासंघ (फाडा) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। फरवरी, 2026 में ईवी की कुल बिक्री बढ़कर 13,733 इकाई हो गई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 9,505 इकाई थी।

### 18 पैसे टूटा, 91.82 प्रति डॉलर पर आया रुपया

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 18 पैसे लुढ़ककर 91.82 पर बंद हुआ। रुपये में यह गिरावट कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और जोखिम से बचने की प्रवृत्ति की वजह से आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, पश्चिम एशिया के टकराव के बढ़ने से सुरक्षित निवेश मानी जाने वाली परिसंपत्तियों की मांग बढ़ने से रुपये पर दबाव बना।

## कारीगरी



जम्मू-कश्मीर, विशेषकर अनंतनाग और संगम (श्रीनगर-जम्मू नेशनल हाईवे) क्षेत्र, अपने विश्व प्रसिद्ध कश्मीरी विलो क्रिकेट बल्लों के निर्माण के लिए जाना जाता है। यहां प्रतिवर्ष 30 लाख से अधिक उच्च गुणवत्ता वाले बल्ले बनाए जाते हैं, जिसमें 500 से अधिक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स निर्माण में शामिल हैं। ये बल्ले अपनी मजबूती और कम कीमत के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय हैं। ये बल्ले 'सालिक्स अल्बा' नामक विलो लकड़ी से बनते हैं, जो ठंडे और गीले इलाकों में पनपती है। फोटो ● एजेंसी

# कच्चे तेल में उबाल से फिसला सेंसेक्स, 1097 अंक टूटा

## विदेशी बाजारों की कमजोरी और निवेशकों की लगातार बिकवाली ने बनाया दबाव

**मुंबई, एजेंसी**



- **एसबीआई, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, एयरटेल समेत कई बड़ी कंपनियों के शेयरों में रही तेज गिरावट**

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के सातवें दिन शुक्रवार को निवेशकों की धारणा कमजोर पड़ने से घरेलू शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 1,097 अंक टूटकर बंद हुआ जबकि निफ्टी 315 अंक लुढ़क गया।

विश्लेषकों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में तेजी, अमेरिकी एवं यूरोपीय बाजारों में कमजोरी और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली ने भी बाजार पर दबाव बनाया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,097 अंक यानी 1.37 प्रतिशत टूटकर 78,918.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,203.72 अंक लुढ़ककर 78,812.18 अंक तक आ गया था। इसी तरह, एनएसई का मानक सूचकांक निफ्टी भी 315.45 अंक यानी 1.27 प्रतिशत के नुकसान के साथ 24,450.45 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से इटर्नल, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व और लार्सन एंड टुब्रो के शेयरों में प्रमुख रूप से गिरावट रही।

दूसरी तरफ रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, सन फार्मा, एनटीपीसी, इन्फोसिस और एचसीएल टेक के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई। पश्चिम एशिया संकट गहराने से कच्चे तेल के दामों में तेजी के बीच वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.53 प्रतिशत चढ़कर 87.57 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव से पश्चिम एशिया से तेल और गैस की आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका है, जिससे कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई है। यह तेजी भारत के चालू खाते के घाटे, मुद्रास्फीति और मौद्रिक नीति के रुख को प्रभावित कर सकती है।

व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 1.10 प्रतिशत नीचे आया, जबकि छोटी कंपनियों का स्मालकैप 0.43 प्रतिशत के नुकसान में रहा। क्षेत्रवार सूचकांकों में भी व्यापक गिरावट रही। शीर्ष 10 बैंकों में 2.37 प्रतिशत की बड़ी गिरावट दर्ज की गई जबकि प्राइवेट बैंक सूचकांक 2.25 प्रतिशत, बैंकेक्स 2.14 प्रतिशत और वित्तीय सेवाएं सूचकांक 2.12 प्रतिशत गिर गया।

इसके अलावा बीएसई पीएसयू बैंक सूचकांक 1.99 प्रतिशत और सेवाएं सूचकांक 1.35 प्रतिशत के नुकसान में रहा। हालांकि पूंजीगत वस्तु, औद्योगिक और बिजली क्षेत्र के सूचकांकों में बढ़त दर्ज की गई। बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 2,304 शेयरों में गिरावट आई, जबकि 1,895 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए और 175 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ।

# सरकार ने रिफाइनरियों पर लगाया एस्मा एलपीजी उत्पादन बढ़ाने के निर्देश

## पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के बीच रसोई गैस की आपूर्ति बहाल रखने के लिए उठाया कदम

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने तेल रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का निर्देश देने के लिए 'एस्मा' कानून के तहत आपातकालीन शक्तियों का इस्तेमाल किया है। इसका मकसद पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के कारण संभावित व्यवधानों से निपटने के लिए घरेलू रसोई गैस की उपलब्धता बढ़ाना है। भारत की एलपीजी खपत वित्त वर्ष 2024-25 में 3.13 करोड़ टन थी, जिसमें से केवल 1.28 करोड़ टन का उत्पादन घरेलू स्तर पर किया गया था। बाकी का आयात किया गया था।

भारत का 85-90 प्रतिशत आयात सऊदी अरब जैसे देशों से आता है जो आवाजाही के लिए महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य पर निर्भर है। ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच एक सप्ताह से जारी संघर्ष के कारण यह समुद्री मार्ग बंद हो गया है। भारत में तेलशोधन क्षमता पर्याप्त होने के



बावजूद तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) के उत्पादन में कमी को देखते हुए, सरकार ने रिफाइनरियों को इसका उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पांच मार्च को जारी एक आदेश में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की सभी रिफाइनरियों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि उत्पादन के दौरान निकलने वाली प्रोपेन और ब्यूटेन गैस का अधिकतम उपयोग एलपीजी के उत्पादन में किया जाए। एलपीजी असल में प्रोपेन और ब्यूटेन गैसों का मिश्रण होता है और देश में इसका उपयोग मुख्य रूप से घरेलू रसोई गैस के रूप में किया जाता है।

आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 (एस्मा) के तहत जारी इस आदेश में तेल रिफाइनरियों से कहा गया है कि वे उत्पादित एलपीजी को केवल तीन सार्वजनिक तेल विपणन कंपनियों- इंडियन ऑयल (आईओसी), भारत पेट्रोलियम (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम (एचपीसीएल) को ही उपलब्ध कराएं। साथ ही सरकार ने रिफाइनरियों को प्रोपेन एवं ब्यूटेन का उपयोग पेट्रोकेमिकल उत्पाद बनाने में करने से रोक दिया है।

### भारत से पेट्रो उत्पादों का आयात करेगा मॉरीशस

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** मॉरीशस के विदेश मंत्री धनंजय रामफल ने शुक्रवार को कहा कि मॉरीशस जल्द ही सरकार-से-सरकार (जी2जी) व्यवस्था के तहत भारत से पेट्रोलियम उत्पादों का आयात शुरू करेगा। रामफल ने कहा कि पहले भी हमारे पास भारतीय सरकार के साथ एक समान व्यवस्था थी, जिसमें मैंगलोर तेल रिफाइनरी शामिल थी। यह सरकार-से-सरकार व्यवस्था थी और हमें लगातार पेट्रोल की आपूर्ति अपेक्षाकृत कम कीमत पर मिलती थी। हम भारत सरकार के साथ इसी तरह की व्यवस्था की उम्मीद कर रहे हैं। मॉरीशस पूरी तरह से पेट्रोलियम उत्पादों के आयात पर निर्भर करता है। यहां सालाना परिष्कृत पेट्रोलियम आयात का मूल्य लगभग 1.3 अरब अमेरिकी डॉलर है। रामफल ने यह भी कहा कि हम यह विचार कर रहे हैं कि शायद पेट्रोल को रुपये में खरीदें, जिससे यह मॉरीशस के लिए और भी आकर्षक हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संकट उन देशों को काफी प्रभावित करेगा जो पेट्रोलियम आयात पर अधिक निर्भर हैं। रामफल ने कहा-इसका असर छोटी और कमजोर अर्थव्यवस्थाओं जैसे मॉरीशस पर व्यापक रूप से पड़ेगा।

मंत्रालय ने कहा है कि सभी तेल रिफाइनिंग कंपनियां प्रोपेन या ब्यूटेन का इस्तेमाल न तो पेट्रोकेमिकल उत्पादों के निर्माण के लिए करेंगी और न ही उनका उपयोग, प्रसंस्करण, क्रैकिंग या रूपांतरण करेंगी। आदेश में कहा गया है कि इन गैसों से बनने वाली एलपीजी केवल घरेलू उपभोक्ताओं को खाना पकाने के उपयोग के लिए बेची जाएगी। इसके साथ ही मंत्रालय ने कहा कि आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित कंपनियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। भारत में इस समय 33.08 करोड़ सक्रिय एलपीजी उपभोक्ता हैं और सरकार की कोशिश रसोई गैस की आपूर्ति को निर्बाध बनाए रखने की है।

# अमेरिकी छूट के बाद भारतीय कंपनियों ने खरीदा दो करोड़ बैरल रूसी तेल

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

- **अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में रूसी तेल के एक दर्जन से अधिक टैंकर मौजूद**
- **5 मार्च से पूर्व जहाजों पर लदे तेल की भारत में आपूर्ति करने और उतारने की अनुमति**

पश्चिम एशिया संकट से तेल आपूर्ति बाधित होने के बीच भारतीय रिफाइनरी कंपनियों ने अमेरिका ने समुद्र में फंसे रूसी कच्चे तेल को खरीदने के लिए 30 दिन की अस्थायी छूट दे दी।

सूत्रों ने बताया कि इसका फायदा उठाते हुए भारतीय रिफाइनरों ने लगभग दो करोड़ बैरल रूसी तेल खरीद लिया है, जो अधिकतर गैर-प्रतिबंधित इकाइयों से लिया गया है।

रिफाइनिंग कंपनियां इस बारे में कानूनी राय भी ले रही हैं कि क्या अमेरिकी छूट के तहत प्रतिबंधित संस्थाओं से भी खरीद की अनुमति है या नहीं। अमेरिका ने यूक्रेन के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के विरोध में रूसी कच्चे तेल की खरीद पर कई पाबंदियां लगाई हुई हैं। हालांकि, पश्चिम एशिया संकट पैदा होने के बाद अमेरिकी प्रशासन ने एक 30-दिन का लाइसेंस जारी किया है, जिसके तहत पांच मार्च, 2026 से पहले जहाजों पर लोड किए गए रूसी मूल के कच्चे तेल या पेट्रोलियम उत्पादों की भारत में आपूर्ति करने और उतारने की अनुमति दी गई है।

भारत 2022 में यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार बनकर उभरा था, लेकिन हाल के महीनों में अमेरिकी दबाव के चलते इस खरीद में खासी गिरावट आई थी। इस कटौती की वजह से अमेरिका ने फरवरी की शुरुआत में भारतीय उत्पादों पर लगाए 25 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क को हटाने के साथ ही एक अंतरिम व्यापार समझौते पर सहमति बनने की भी घोषणा की थी।

बता दें कि 1.5 करोड़ बैरल रूसी कच्चा तेल अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में टैंकर पर मौजूद है, लगभग 70 लाख बैरल तेल सिंगापुर के पास खड़े जहाजों में है।

# एआई इफेक्ट: युवा कर्मियों की भर्ती धीमी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

कृत्रिम मेधा (एआई) से अभी तक नौकरियों का कोई उल्लेखनीय नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन इस प्रौद्योगिकी से प्रभावित व्यवसायों में युवा कर्मचारियों की भर्ती धीमी होती दिख रही है। एआई फर्म एंथ्रोपिक के एक नए अध्ययन में यह बात सामने आई। इसके मुताबिक कृत्रिम मेधा का वास्तविक प्रसार अभी उसकी क्षमता के मुकाबले काफी कम है।

क्लाउड चैटबॉट के पीछे काम करने वाले और अब अमेरिकी प्रशासन की जांच के घेरे में आ चुके सैन फ्रांसिस्को स्थित एआई स्टार्टअप की रिपोर्ट में श्रम बाजार के आंकड़ों के साथ वास्तविक दुनिया में एआई के उपयोग का विश्लेषण किया गया है। इसमें पाया कि कार्यालय से जुड़े, ज्ञान-आधारित व्यवसाय एआई से सबसे अधिक प्रभावित हैं। विशेष रूप से कोडिंग, सूचना प्रसंस्करण, विश्लेषण और नियमित डिजिटल कार्यों से जुड़ी भूमिकाएं।

वास्तव में कंप्यूटर प्रोग्रामर, ग्राहक सेवा प्रतिनिधि, डेटा एंट्री ऑपरेटर, बाजार शोध विश्लेषक और वित्तीय तथा निवेश विश्लेषक जैसे पद सबसे अधिक प्रभावित व्यवसायों में शामिल हैं। इनके कई कार्यों को पहले ही लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) ने स्वचालित या तेज कर दिया है। इसके विपरीत मुख्य रूप से शारीरिक क्षमताओं की आवश्यकता वाली नौकरियों पर इसका सबसे कम प्रभाव पड़ता दिख रहा है।

### फ्लिपकार्ट ने की 300 कर्मचारियों की छंटनी

**नयी दिल्ली।** ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट ने वार्षिक प्रदर्शन समीक्षा के बाद 250-300 कर्मचारियों की छंटनी की है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। छंटनी कई विभागों और कर्मचारियों के स्तर पर की गई है। वॉलमार्ट के स्वामित्व वाली यह कंपनी एक ओर जहां अपने प्रस्तावित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से पहले वरिष्ठ स्तर पर नियुक्तियां कर रही है, वहीं दूसरी ओर प्रदर्शन के आधार पर कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाया गया है।

# जुलाई तक पूरी होगी भारत-ईयू एफटीए की कानूनी समीक्षा

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के मसौदे की कानूनी समीक्षा इस वर्ष जुलाई तक पूरी हो जाने की संभावना है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

भारत और 27 यूरोपीय देशों के समूह ईयू ने इस साल 27 जनवरी को एफटीए पर बातचीत पूरी होने की घोषणा की थी। इसे व्यापार जगत का 'मदर ऑफ ऑल डील्स' बताया गया है। इसके तहत भारत से होने वाले करीब 93 प्रतिशत निर्यात को यूरोपीय देशों के बाजार में शुल्क-मुक्त पहुंच मिलने की संभावना है।

# विदेशी मेट्रो परियोजनाओं के लिए डीएमआरसी ने बनाई नई कंपनी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

डीएमआरसी यानी दिल्ली मेट्रो रेल निगम ने विदेश में मेट्रो रेल परियोजनाओं के लिए बोली लगाने के लिए, एक नई अनुषंगी कंपनी दिल्ली मेट्रो इंटरनेशनल लिमिटेड (डीएमआईएल) गठित की है।

एक अधिकारी ने बताया कि नई कंपनी का गठन भारत के बाहर मेट्रो रेल योजना, निर्माण और संचालन में डीएमआरसी की विशेषज्ञता का विस्तार करने और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में व्यावसायिक अवसरों की तलाश करने के लिए किया गया है।



यह अनुषंगी कंपनी डीएमआरसी को दूसरे देशों के शहरों में मेट्रो रेल परियोजनाओं के लिए सीधे बोली लगाने और शहरी परिवहन प्रणालियों से संबंधित परामर्श कार्य करने में सक्षम बनाएगी। अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि डीएमआरसी पहले ही विदेश में अवसरों की तलाश कर रही है और इस समय बांग्लादेश के ढाका में एक मेट्रो परियोजना से जुड़ी है, जहां वह तकनीकी सहायता और परामर्श दे रही है।'''' दिल्ली मेट्रो के अनुसार, उसने इजरायल में तेल अवीव मेट्रो परियोजना के निर्माण के लिए बोली-पूर्व प्रक्रिया में पात्रता हासिल कर ली है। इसके अलावा, डीएमआरसी मिस्र के अलेक्जेंड्रिया, वियतनाम के हो ची मिन्ह सिटी और मॉरीशस जैसी अन्य अंतरराष्ट्रीय मेट्रो परियोजनाओं के लिए भी बोली लगाने की प्रक्रिया में है।

# पश्चिम एशिया संकट : 31 मार्च तक के टिकट रद्द कराने पर शुल्क नहीं लेगी इंडिगो

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने पश्चिम एशिया में जारी संकट को देखते हुए 31 मार्च तक की यात्रा के टिकट रद्द कराने पर कोई शुल्क नहीं लेने की घोषणा की है।

एयरलाइंस ने शुक्रवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि वह पश्चिम एशिया और इस्तांबुल (तुर्की) की यात्रा के लिए 31 मार्च तक के टिकट पर रद्द कराने के लिए कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लगी। उसने यात्रियों को अपनी उड़ान की अद्यतन (ताजा) स्थिति की जानकारी के लिए उसकी वेबसाइट या कस्टमर केयर से संपर्क करने की सलाह दी है। इसके अलावा इंडिगो पश्चिम एशिया में फंसे यात्रियों को लाने के लिए आज 17 विशेष उड़ानों का परिचालन कर रही है। ये उड़ानें पश्चिम एशिया के आठ शहरों मदीना, जेद्दा, मस्कट, अबू धाबी, शारजाह, दुबई, फुजैरा, और रस अल खैमा से आयेंगी।

निजी विमानसेवा कंपनी स्पाइसजेट भी आज 14 विशेष उड़ानों का परिचालन कर रही है। इनमें नौ उड़ानें फुजैरा से मुंबई के लिए, चार फुजैरा से दिल्ली के लिए और एक दुबई से पुणे के लिए उड़ान भरेगी।

# टोल प्लाजा पर 5100 महिला कर्मियों की तैनाती

**नयी दिल्ली।** महिला सशक्तीकरण और समावेशन को बढ़ावा देने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने देशभर के 1,140 से अधिक टोल प्लाजा में दिन की पाली में टोल बूथ संचालित करने के लिए 5,100 से अधिक महिला कर्मचारियों को तैनात किया है।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में कहा कि अग्रिम पंक्ति की परिचालन भूमिकाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाकर एनएचएआई का लक्ष्य देश भर के टोल प्लाजा पर सेवा वितरण में सुधार के साथ-साथ सामाजिक सशक्तीकरण को बढ़ावा देना है।

**सुरक्षा** — आरबीआई जारी किया डिजिटल लेनदेन में ग्राहकों के लिए सुरक्षा उपायों के प्रस्ताव का मसौदा

# डिजिटल बैंकिंग धोखाधड़ी में मिलेगा मुआवजा

**मुंबई, एजेंसी**




- **धोखाधड़ी में उपभोक्ता संरक्षण बढ़ाना और शिकायतों का त्वरित निपटान है मकसद**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने डिजिटल लेनदेन में ग्राहकों की जवाबदेही से जुड़े ढांचे को मजबूत करने के लिए शुक्रवार को संशोधन दिशानिर्देशों का मसौदा जारी किया। इसका उद्देश्य डिजिटल बैंकिंग धोखाधड़ी से जुड़े मामलों में उपभोक्ता संरक्षण बढ़ाना और शिकायतों का त्वरित निपटान करना है।

आरबीआई ने कहा कि डिजिटल भुगतान और बैंकिंग व्यवस्था में आए व्यापक बदलावों को देखते हुए 2017 में लागू मौजूदा नियमों की समीक्षा की गई है। संशोधित प्रस्तावों का मकसद अनधिकृत इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग लेनदेन के दायरे को व्यापक बनाना और नई श्रेणियों के धोखाधड़ी मामलों को भी इसमें शामिल करना है।

केंद्रीय बैंक ने कहा कि मसौदा दिशानिर्देशों पर हितधारक और आम जनता छह अप्रैल, 2026 तक अपनी प्रतिक्रिया या सुझाव दे सकते हैं। आरबीआई ने यह कदम फरवरी की मौद्रिक नीति के अनुरूप उठाया है। मसौदे दिशानिर्देशों में बैंकों से कहा गया है कि वे ग्राहकों की शिकायतों के निपटारे में लगने वाले समय को कम करें। इसके अलावा छोटे मूल्य के धोखाधड़ी वाले लेनदेन के लिए मुआवजा व्यवस्था लाने का भी प्रस्ताव किया गया है, ताकि प्रभावित ग्राहकों को तेजी से राहत मिल सके। आरबीआई ने कहा कि यह मुआवजा व्यवस्था दिशानिर्देशों के प्रभावी होने की तारीख से एक वर्ष तक लागू रहेगी।

इसके अनुभव के आधार पर इसकी समीक्षा की जाएगी, जिसमें बैंकों की हिस्सेदारी बढ़ाने और केंद्रीय बैंक की भूमिका को धीरे-धीरे कम करने पर विचार किया जाएगा।

# पश्चिम एशिया संकट से भारत में महंगाई का जोखिम बढ़ा: मूडीज

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** रेटिंग एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने कहा कि पश्चिम एशिया संघर्ष से ऊर्जा की कीमतों में और उछाल आया तो भारत को रुपये पर दबाव, उच्च मुद्रास्फीति और चालू खाता घाटे (सीएडी) में बढ़ोतरी का सामना करना पड़ सकता है। यह जोखिम इस क्षेत्र से कच्चे तेल और एलएनजी आयात पर भारत की भारी निर्भरता के कारण है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि एशियाई अर्थव्यवस्थाओं में भारत उन देशों में प्रमुख है, जो कच्चे तेल और एलएनजी के लिए पश्चिम एशिया पर निर्भर हैं। वहां बढ़ते संघर्ष के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य बंद हो गया है, जो इस क्षेत्र से कच्चे तेल और एलएनजी निर्यात के लिए एक प्रमुख मार्ग है।



> भारत जैसी क्रिकेट महाशक्ति के साथ मुकाबला करना ही उनके देश के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उनके देश की आबादी 50 लाख से थोड़ी ज्यादा है जबकि भारत की जनसंख्या 1.4 अरब से अधिक है। भारत के पास प्रतिभा का विशाल भंडार है।
>
> –ग्लेन फिलिप्स, न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर

# स्टेडियम

हल्द्वानी, शनिवार, 7 मार्च 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com

## हाईलाइट



इंग्लैंड के बर्मिंघम में ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप के तीसरे दिन ताइवान की हसेह पेई-शान और हंग एन-त्जु के खिलाफ अपने महिला डबल्स मैच के दौरान खेलती जापान की रुई हिरोकामी (पीछे) और सयाका होबारा। एजेंसी

### वीनस विलियम्स पहले ही दौर में बाहर

**इंडियन वेल्स (अमेरिका)।** सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस विलियम्स का वापसी के बाद खराब प्रदर्शन जारी है और उन्हें यहां बीएनपी पारिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली 45 वर्षीय वीनस को पहले दौर में फ्रांस की डायने पैरी ने 6-3 6-7(4) 6-1 से हराया। इस तरह से वीनस अपने पिछले आठ डब्ल्यूटीए मैच हार चुकी हैं। वीनस ने दूसरे सेट में अच्छा खेल दिखाया लेकिन विश्व रैंकिंग में 111वें स्थान पर काबिज 23 वर्षीय पैरी ने तीसरे सेट में फिर से नियंत्रण बना दिया और आसानी से जीत दर्ज की। वीनस ने जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग लिया था लेकिन एकल और युगल दोनों में पहले दौर में ही हार गई थी।

### पहले दिन महिला टीम 198 रनों पर सिमटी

**पर्थ।** जेमिमा रौड्रिग्स ने जुझारू अर्धशतक जमाया, लेकिन भारत की बाकी बल्लेबाज ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज अनाबेल सदरलैंड और लूसी हैमिल्टन की स्विंग का सामना नहीं कर सकीं और दिन रात के एकमात्र टेस्ट के पहले दिन भारतीय टीम 198 रन पर आउट हो गई। रौड्रिग्स ने 84 गेंद में 52 रन बनाए लेकिन उन्हें दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिला। ऑस्ट्रेलिया ने पहले दिन का खेल समाप्त होने पर तीन विकेट पर 96 रन बना लिए थे। मेजबान टीम अभी भी 102 रन पीछे है। आस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया जिसे उसके गेंदबाजों ने सही साबित कर दिखाया। सदरलैंड ने 46 रन देकर चार और हैमिल्टन ने 31 रन देकर तीन विकेट लिए।

### एशियाई कप में भारत का सामना जापान से

**पर्थ।** वियतनाम के खिलाफ पिछले ग्रुप मैच में दमदार प्रदर्शन से भारतीय महिला फुटबॉल टीम का आत्मविश्वास जरूर बढ़ा होगा लेकिन शनिवार को यहां एएफसी महिला एशियाई कप के दूसरे मैच में जापान की मजबूत टीम से होने वाला मुकाबला उसके लिए चुनौतीपूर्ण होगा। भारत ने ग्रुप सी के शुरूआती मैच में बुधवार को वियतनाम के खिलाफ हूटर से ठीक तीन मिनट पहले में गोल गंवा दिया जिससे उसे 1-2 से हार का सामना करना पड़ा और अहम अंक गंवा दिया। वियतनाम 2023 फीफा विश्व कप में खेला था और उनके खिलाफ मैच में पदार्पण कर रही सैनफिडा नोंग्रम के बराबरी गोल से टीम का मनोबल बढ़ा होगा।

# भारत की हुंकार के सामने क्या कीवी कर पाएंगे पलटवार

## टी-20 विश्व कप की खिताबी टक्कर कल : दोनों टीमें धमाकेदार बल्लेबाजी से पहुंची हैं फाइनल में

मनीष श्रीवास्तव, खेल डेस्क

**अमृत विचार।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रविवार को टी-20 विश्व कप-2026 का महामुकाबला खेला जाएगा। भारत ने इंग्लैंड और न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर फाइनल में जगह बनाई है। भारतीय टीम पर जहां खिताब का बचाव करने का दबाव है, वहीं कीवी टीम पहली बार टी-20 विश्व कप जीतने के लिए पूरा जोर लगाएगी।

ऐसे में जीत उसी की होगी जिसकी रणनीति अचूक होगी। दोनों टीमों के पास बल्लेबाजी और गेंदबाजी में 'ब्रह्मास्त्र' के साथ कुछ चुनौतियां भी हैं, लेकिन जहां तक मैच का पासा पलटने वाले जज्बे और प्रदर्शन की बात है, तो भारतीय टीम को फेवरेट माना जा रहा है।

सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड ने एकतरफा मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को धूल चटाई थी, जबकि भारत को इंग्लैंड पर जीत हासिल करने के लिए संघर्ष करना पड़ा था। इंग्लैंड को आखिरी तीन ओवर में जीत के लिए 45 रनों की जरूरत थी। जैकब बेथेल 42 गेंद में 94 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे और सैम करन उनका साथ दे रहे थे। तब ऐसा लग रहा था मानो बेथेल भारत को फाइनल में नहीं पहुंचने देंगे, लेकिन जसप्रीत बुमराह ने वह कर दिखाया जिसके लिए उन्हें जाना जाता है। उन्होंने 18वें ओवर में महज 6 रन दिए।

इससे इंग्लैंड के लिए आखिरी दो ओवर में 39 रन बनाना आसान नहीं रह गया, वह भी तब जब उसके पांच बल्लेबाज आउट हो चुके थे। इसके बाद रही सही कसर हार्दिक पंड्या ने अगले ओवर में महज 9 रन देकर पूरी कर दी। इस तरह भारत की जीत के असली हकदार बुमराह ही रहे, जिन्होंने चार ओवर में महज 33 रन देकर कप्तान हैरी ब्रूक का विकेट भी लिया।

**बल्लेबाजी चमकी, गेदबाजी कमजोर कड़ी :** भारतीय टीम की सबसे बड़ी मजबूती उसकी निडर बैटिंग अप्रोच है। अक्षर पटेल तक लंबी हिट लगा सकते हैं। लेकिन बुमराह को छोड़कर अन्य गेंदबाज घातक नहीं नजर आ रहे हैं। ऐसे में फाइनल में टीम इंडिया को कीवी टीम की सलामी जोड़ी फिन एलन, टिम सेफर्ट के अलावा मिचेल से सावधान रहने के साथ स्पिन चक्रव्यूह भी तोड़ना होगा, जो कप्तान सैंटनर, सचिन रवींद्र, फिलिप्स, ईश सोढ़ी की अगुवाई में बढ़िया प्रदर्शन कर रहा है।

### इतिहास बदलने का मौका

भारत ने आखिरी बार किसी आईसीसी फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड को साल 2000 में चैंपियंस ट्रॉफी में हराया था। इसके बाद से 2021 की वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल समेत हर बड़े खिताबी मौके पर कीवी टीम भारी पड़ी है। टी-20 वर्ल्ड कप में भारत आज तक न्यूजीलैंड को एक बार भी नहीं हरा पाया है। 2007, 2016 और 2021 की हार के बाद इस बार भारत के पास इतिहास बदलने का सुनहरा मौका है।






अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में फाइनल मुकाबले से पहले अभ्यास करते न्यूजीलैंड के खिलाड़ी कोल मकौंकी (दाएं से दूसरे), लॉकी फर्ग्यूसन (दाएं से दूसरे), जैकब डफी (बाएं से दूसरे)। एजेंसी

### छठे गेंदबाज को लेकर चिंता

सेमीफाइनल में 20वें ओवर में जब इंग्लैंड को जीत के लिए 30 रन चाहिए थे तब कप्तान सूर्यकुमार के सामने सबसे बड़ी चुनौती थी कि गेंद किससे कराई जाए। अर्शदीप, बुमराह और हार्दिक का कोटा पूरा हो चुका था। अक्षर पटेल या शिवम दुबे का ही विकल्प बचा था। शिवम दुबे ने आखिरी ओवर की पहली गेंद पर बेथेल को आउट तो किया, पर आर्चर ने आखिर तीन गेंदों पर तीन छक्के जड़कर जीत का अंतर महज 7 रन कर दिया। शिवम दुबे ने इस ओवर में 22 रन दिए। इससे पहले जिम्बाब्वे के खिलाफ उन्होंने दो ओवर में 46 रन खर्च कर दिए थे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनके दो ओवर में 32 रन बने थे।

### वरुण और अभिषेक पर रहेगा दबाव

फाइनल से पहले भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता वरुण चक्रवर्ती हैं, जिन्होंने इंग्लैंड के सामने चार ओवर में 64 रन दे दिए। बेथेल ने उनके पहले ओवर में ही तीन छक्के जड़ दिए थे। सेमीफाइनल से पहले पिछले दो मैचों में भी वरुण ने 8 ओवर में 87 रन खर्च किए हैं। उनके अलावा टीम इंडिया के लिए दूसरी बड़ी चिंता अभिषेक शर्मा का खराब फॉर्म है। सेमीफाइनल में उनके बल्ले से सिर्फ 9 रन ही निकले। उन्होंने अब तक 7 पारियों में 89 रन ही बनाए हैं, जिसमें जिम्बाब्वे के खिलाफ 55 रन की पारी शामिल है। अभिषेक के आउट ऑफ फॉर्म होने से एक बार भी भारत टूर्नामेंट में 50 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप नहीं कर पाया है।



कप्तान सूर्यकुमार यादव फाइनल मैच से पहले टीम के साथ शुक्रवार को अहमदाबाद में सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचे। एजेंसी

### फाइनल में भी मैच विजेता पारी खेलना चाहते हैं सैमसन

**मुंबई।** पिछले दो मैच में शानदार पारियां खेलकर भारत को टी-20 विश्व कप के फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने वाले संजू सैमसन न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को होने वाले खिताबी मुकाबले में भी मैच विजेता पारी खेलने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सैमसन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ नाबाद 97 रन बनाकर भारत को सेमीफाइनल में पहुंचाया और इसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम चार के मुकाबले में 89 रन की शानदार पारी खेली। सैमसन ने कहा कि उन्हें खुशी है कि उन्होंने भारत को अहमदाबाद में होने वाले फाइनल में जगह दिलाने में अपना योगदान दिया। सैमसन ने इंग्लैंड के खिलाफ सात रन से जीत के बाद पत्रकारों से कहा बहुत अच्छा लग रहा है और यह राहत भरा अहसास है। मैं वास्तव में कुछ वर्षों से अपने देश के लिए ऐसा कुछ करने की कोशिश कर रहा था। उन्होंने कहा मैं पूरे धैर्य, कड़े अभ्यास और मानसिक रूप से मजबूत बनकर इंतजार कर रहा था। निश्चित रूप से मुझे खुशी है लेकिन मुझे लगता है कि अभी हमारा काम खत्म नहीं हुआ है। हमें अभी एक कदम और आगे बढ़ाना है और अगर हम उसमें सफल रहे तो सब कुछ सार्थक हो जाएगा। एक और मैच विजेता पारी वाकई बहुत अच्छी रहेगी। सैमसन ने सात छक्के और आठ चौके लगाकर केवल 42 गेंदों में 89 रन बनाए जिससे भारत ने सात विकेट पर 253 रन बनाए। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने अपनी लय बनाए रखने के लिए कोलकाता में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेली गई अपनी 97 रन की नाबाद पारी को श्रेय दिया। उन्होंने कहा पिछली पारी ने निश्चित रूप से इस पारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मैं गेंद को बहुत अच्छी टाइमिंग से हिट कर रहा था और अच्छे निर्णय ले रहा था। मैंने सोचा कि अगर आप फॉर्म में हैं, तो आपको इस मैच में भी अपनी टीम के लिए योगदान देना चाहिए। यह वास्तव में मेरे जीवन के सबसे अच्छे पलों में से एक है। सैमसन ने कहा कि आईपीएल सहित कई टी20 मैच खेलने के अनुभव से वह परिपक्व बन गए हैं।

# संजू की चमकी किस्मत और अभिषेक का डूबा सितारा

अहमदाबाद, एजेंसी

अभिषेक शर्मा की खराब फार्म को लेकर जताई जा रही चिंता अब खुलकर आलोचना में बदल गई है, लेकिन इसके बावजूद पूरी संभावना है कि वह टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को होने वाले फाइनल में अंतिम एकादश बने रहेंगे क्योंकि भारत जीत हासिल करने वाली अपनी टीम में बदलाव नहीं करना चाहता है। इस टूर्नामेंट में भारत के दो सलामी बल्लेबाजों की किस्मत एकदम से विपरीत रही।

जब प्रतियोगिता शुरू हुई तो अभिषेक को शीर्ष क्रम में मजबूत आधार माना जा रहा था जबकि संजू सैमसन के स्थान को लेकर सवाल बने हुए थे और कहा जा रहा था कि यह प्रतियोगिता उनके करियर के लिए निर्णायक साबित हो सकती है। लेकिन वेस्टइंडीज के खिलाफ सुपर आठ के करो या मरो वाले मुकाबले ने परिस्थितियों में काफी बदलाव कर दिया है। सैमसन ने पिछले दो मैच में शानदार प्रदर्शन किया जिससे अब सभी का ध्यान अभिषेक की फॉर्म पर केंद्रित हो गया है। इस बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज को पूरे टूर्नामेंट में लय हासिल करने में काफी संघर्ष करना पड़ा है। अपने पिछले छह मैचों में उन्होंने क्रमशः 0, 0, 0, 15, 10 और 9 रन बनाए हैं। जिम्बाब्वे के खिलाफ अर्धशतक को छोड़कर उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है। इंग्लैंड के खिलाफ मैच के बाद सैमसन ने कहा हम अपने सभी खिलाड़ियों का ध्यान रख रहे हैं। जीजी (मुख्य कोच गौतम गंभीर) भाई और सूर्या (कप्तान सूर्यकुमार) को अभिषेक पर पूरा भरोसा है।



- टूर्नामेंट शुरू होने से पहले अभिषेक की हो रही वाहवाही बदली आलोचना में



- संजू सैमसन के करियर पर उठ रहे थे सवाल, अब सभी कर रहे गुणगान

### सैमसन 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' की दौड़ में

**दुबई।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शानदार फॉर्म में चल रहे भारतीय सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन का नाम उन आठ खिलाड़ियों में शामिल किया है जिन्हें टी20 विश्व कप के ''प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट'' के लिए नामित किया गया है। जिन अन्य खिलाड़ियों को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है उनमें इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स, पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान, दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी और कप्तान एडन मार्क्रम, न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रचिन रविंद्र और बल्लेबाज टिम सीफर्ट और अमेरिकी गेंदबाज शैडली वैन शाल्कविक शामिल हैं।

सैमसन को टूर्नामेंट के शुरुआती मैचों में खेलने का मौका नहीं मिला था लेकिन पिछले दो मैच में उन्होंने शानदार पारियां खेली हैं।

# मानसिक रूप से मजबूत सैमसन अब हो चुका परिपक्व : शास्त्री

मुंबई, एजेंसी

भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने संजू सैमसन के मानसिक दृढ़ता की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस अनुभवी बल्लेबाज ने मौजूदा टी-20 विश्व कप में प्रदर्शन में निरंतरता और बेहतर शॉट चयन की जरूरत को समझते हुए अपनी परिपक्वता साबित कर दी है।

सलामी बल्लेबाज सैमसन ने इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 42 गेंदों में 89 रन बनाकर भारत को गुरुवार को सात रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इससे पहले उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ नाबाद 97 रन बनाकर भारत को जीत दिलाई थी।

शास्त्री ने 'द आईसीसी रिव्यू' में कहा मुझे लगता है कि आखिरकार उन्हें यह अहसास हो रहा है और वह इस बात को स्वीकार कर रहे हैं कि उन्हें अपने प्रदर्शन में अधिक निरंतरता की जरूरत है। उन्हें अपने शॉट चयन में अधिक समझदारी दिखानी होगी और अपने मजबूत पक्षों पर भरोसा करना होगा। संजू के साथ दिक्कत यह है कि उनके पास हर तरह के शॉट हैं, लेकिन एकाग्रता में कमी है। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि वह मानसिक रूप से मजबूत हो गया है। जब से वह टीम में आया है तब से किसी ने भी उसकी काबिलियत या प्रतिभा पर शक नहीं किया। लोग इस बात से निराश हैं कि उनके प्रदर्शन में अब तक जो निरंतरता दिखनी चाहिए थी वह नहीं दिख रही है। लेकिन अब वह परिपक्व हो गया है। फाइनल भारत और न्यूजीलैंड के बीच रविवार को अहमदाबाद में खेला जाएगा। सैमसन के सलामी जोड़ीदार अभिषेक शर्मा की फॉर्म फाइनल से पहले भारत के लिए चिंता का विषय है। अभिषेक टी20 विश्व कप में सात पारियों में केवल 89 रन ही बना पाए हैं, लेकिन शास्त्री का मानना है कि भारत को टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज को ही मौका देना चाहिए।



शास्त्री ने कहा मुझे लगता है कि उन्हें टीम में बनाए रखना चाहिए। टीम अच्छा प्रदर्शन कर रही है और उसमें किसी तरह के बदलाव की जरूरत नहीं है। टीम को अपनी क्षमता, अपने मजबूत पक्षों पर भरोसा करना चाहिए। उसे बेखौफ होकर खेलना चाहिए।

# मेसी ने ट्रंप को भेंट की रत्नजड़ित फुटबॉल

वाशिंगटन, एजेंसी

दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने पिछले साल मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) कप जीतने पर इंटर मियामी को सम्मानित करने के लिए व्हाइट हाउस में आयोजित एक समारोह के दौरान अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को रत्नजड़ित गुलाबी फुटबॉल भेंट की।

इंटर मियामी ने दिसंबर में वैंकूवर व्हाइटकैप्स को हराकर मेजर लीग सॉकर का खिताब जीता था। अर्जेंटीना के सुपरस्टार मेसी को लगातार दूसरे सत्र में सबसे मूल्यवान खिलाड़ी (एमवीपी) चुना गया था। ट्रंप ने कहा लियो (मेसी) आप टीम से जुड़े और आपकी टीम ने जीत हासिल की। आपके लिए अच्छा प्रदर्शन करना आसान नहीं था। सच कहूं तो आप पर जितना दबाव था, उतना किसी को पता भी नहीं होगा, क्योंकि उम्मीद की जा रही थी कि आप जीत दिलाने में सफल रहेंगे और आपने ऐसा किया। मेसी ने ट्रंप के साथ समारोह में प्रवेश किया। वर्ष 2023 में मियामी से जुड़ने वाले मेसी ने कार्यक्रम के दौरान भाषण नहीं दिया। ट्रंप ने मेसी को संबोधित करते हुए कहा आप दुनिया में कहीं भी जा सकते थे। आप दुनिया की कोई भी टीम चुन सकते थे, लेकिन आपने मियामी को चुना। मैं आपका आभार व्यक्त करना चाहता हूं कि आपने हम सभी को इस सफर में शामिल किया। आप प्रतिभाशाली और एक बेहतरीन इंसान हैं।



### भारत के पास हर नंबर पर बेहतरीन बल्लेबाज : ब्रूक

**मुंबई।** इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक ने जसप्रीत बुमराह की जमकर तारीफ करते हुए भारत के इस तेज गेंदबाज को वर्तमान समय का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज करार दिया। बुमराह ने टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल के आखिरी ओवरों में सटीक यॉर्करों की बौछार से इंग्लैंड के बल्लेबाजों को हतप्रभ कर दिया। ब्रूक ने कहा उनको हराना आसान नहीं है। उनके पास हर नंबर पर बहुत अच्छे बल्लेबाज हैं। उनके पास कुछ बेहद अच्छे बल्लेबाज हैं और वे सटीक शॉट लगाते हैं। अगर आप थोड़ा सा भी चूक जाते हैं, तो छक्का या चौका लग जाता है। दुर्भाग्य से हमने उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं किया जितना हम कर सकते थे।



खुशी के पल

बोले– मुझे लगा कि पूरे मैच के दौरान गेंद कर रही थी मेरा पीछा

# ब्रूक का कैच लेकर आनंद आया : अक्षर पटेल

मुंबई, एजेंसी

भारतीय उप कप्तान अक्षर पटेल ने टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड की सात रन की रोमांचक जीत में बेहतरीन क्षेत्ररक्षण का शानदार नमूना पेश किया और उन्होंने कहा कि इस पूरे मैच के दौरान ऐसा लग रहा था मानो गेंद उनका पीछा कर रही हो।

भारत में सेमीफाइनल में पहुंचने से पहले 13 कैच छोड़े थे लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ उसके क्षेत्ररक्षकों ने अच्छा प्रदर्शन किया।

अक्षर पटेल ने खेल के दो अलग-अलग लेकिन महत्वपूर्ण चरणों में खतरनाक हैरी ब्रूक और विल जैक्स को आउट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अक्षर ने कवर पोजीशन से 24 मीटर पीछे दौड़कर शानदार कैच लेकर ब्रूक को पवेलियन भेजा। इसके बाद अर्शदीप सिंह की वाइड फुल टॉस गेंद को जैक्स ने डीप पॉइंट की ओर खेला। अक्षर ने अपनी बाईं ओर दौड़कर गेंद को लपका लेकिन सीमा रेखा पर संतुलन नहीं बना पाने के कारण उन्होंने उसे शिवम दुबे की तरफ उछाल दिया। अक्षर ने कहा, ''''जब मैंने हैरी ब्रूक का कैच लिया तो वह बहुत अच्छा कैच था। वह मुश्किल कैच था। लेकिन अगर आप मैच की स्थिति और इंग्लैंड के बल्लेबाजों की बल्लेबाजी को देखें तो विल जैक्स का कैच बहुत महत्वपूर्ण था जिससे उनकी साझेदारी टूट गई। उन्होंने कहा, अगर आप मुझसे फील्डिंग के लिहाज से पूछें तो हैरी ब्रूक का कैच ज्यादा मुश्किल था। (हंसते हुए) आज मुझे लगा कि गेंद मेरा पीछा कर रही है। अक्षर ने तब जैक्स को आउट करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया जब वह जैकब बेथेल के साथ मिलकर साझेदारी निभा रहे थे। अक्षर को बीच में दो मैच में बाहर रखा गया लेकिन इस ऑलराउंडर को पूरा भरोसा है कि वह फाइनल में खेलेंगे।



उन्होंने कहा मुझे लगता है इसीलिए मैंने वे दो मैच नहीं खेले (क्योंकि मुझे फाइनल खेलना था)। यह मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है, जिसका मैं इतने वर्षों से इंतजार कर रहा था कि आप अपने परिवार के सामने घरेलू मैदान पर मैच खेलें। यह बहुत गर्व का क्षण होता है। मेरा बेटा पहली बार मुझे मैदान पर खेलते हुए देखेगा और यह कुछ ऐसा है जिस पर मुझे बहुत गर्व है।

### अक्षर भारत के महानतम खिलाड़ियों में शामिल होने की राह पर : गावस्कर

**नई दिल्ली।** पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का मानना है कि अक्षर पटेल क्रिकेट के हर विभाग में अपने शानदार कौशल और क्रिकेट की बहुत अच्छी समझ रखने के कारण भारत के महानतम खिलाड़ियों में से एक बनने की राह पर हैं जिसकी एक बानगी इंग्लैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में देखने को मिली जिसमें उन्होंने अपनी शानदार फील्डिंग से प्रभावित किया। अक्षर ने खेल के दो अलग-अलग पर महत्वपूर्ण चरणों में खतरनाक हैरी ब्रूक और विल जैक्स को आउट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अक्षर ने कवर पोजीशन से 24 मीटर पीछे दौड़कर शानदार कैच लेकर ब्रूक को पवेलियन भेजा। इसके बाद अर्शदीप सिंह की वाइड फुल टॉस गेंद को जैक्स ने डीप पॉइंट की ओर खेला। अक्षर ने अपनी बाईं ओर दौड़कर गेंद को लपका लेकिन सीमा रेखा पर संतुलन नहीं बना पाने के कारण उन्होंने उसे शिवम दुबे की तरफ उछाल दिया। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा अक्षर ने ब्रूक का जो कैच लिया वह अविश्वसनीय था। ब्रूक मैच का रुख बदल सकते हैं और उनका विकेट हासिल करने का हर मौका भुनाना चाहिए। अक्षर ने वही किया। वह 24 मीटर दौड़े, गेंद पर नजर रखी, खुद पर नियंत्रण बनाए रखा और कैच लपक लिया। अविश्वसनीय। उन्होंने कहा विल जैक्स को आउट करने में भी उन्होंने अहम भूमिका निभाई। बेथेल और जैक्स की साझेदारी मैच को इंग्लैंड के पक्ष में कर रही थी। पर अक्षर ने गेंद पकड़ी और चतुराई दिखाकर उसे शिवम दुबे के पास पहुंचा दिया। इससे उनकी क्रिकेट की समझ और अच्छी सूझबूझ का पता चलता है। आपकी सूझबूझ और जज्बा ही महान खिलाड़ियों को अन्य खिलाड़ियों से अलग करता है।